राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 30
लखनऊ, रविवार 28 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

समृद्ध समाज का आधार



उत्तर प्रदेश के नगरों को वैश्विक बनाने की मुहिम हुई तेज : एके शर्मा 03

पत्नी के ताने से आहत पल्लेदार ने लगाई फांसी 10

### सप्तमं कालरात्री



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

दुर्गापूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। कालरात्रि की पूजा करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुल जाते हैं और सभी असुरी शक्तियों का नाश होता है। देवी के नाम से ही पता चलता है कि इनका रूप भयानक है। इनके तीन नेत्र और शरीर का रंग एकदम काला है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,15,630/ |
| 22 कैरेट | = | 1,06,000/ |
| 18 कैरेट | = | 86,760/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,49,000/ |



### संक्षिप्त समाचार

**थार-एसयूवी की डिवाइडर से टक्कर, पांच युवाओं की मौत**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार अलसुबह करीब साढ़े चार बजे दिल्ली-जयपुर एनएच-48 पर राजीव चौक के पास एक तेज रफ्तार थार एसयूवी डिवाइडर से टकरा गई। इस भयावह हादसे में छह यात्रियों में से पांच की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। थार के परखच्चे उड़ गए, शवों और घायल को गाड़ी से निकालने में काफी मशक्कत हुई। डीएलएफ थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि यूपी-81-सीएस-2319 नंबर की थार में तीन लड़कियां और तीन लड़के सवार थे। सभी उत्तर प्रदेश से किसी काम से गुरुग्राम आए थे। हाइवे एग्जिट-9 से सर्विस लेन पर उतरते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया, गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**लेह में चौथे दिन भी कर्फ्यू जारी, गश्त और जांच तेज**

**लेह।** लद्दाख के लेह शहर में शनिवार को चौथे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने पिछले दिन राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद गश्त और जांच तेज़ कर दी है। उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में वांगचुक की गिरफ्तारी को उचित ठहराया और कहा कि नेपाल आंदोलन और अरब स्प्रिंग का हवाला देते हुए उनके कथित भड़काऊ भाषणों की श्रृंखला के कारण बुधवार को हिंसा हुई, जिसमें चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

**अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी का कार्यकाल दो साल बढ़ा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता आर. वेंकटरमणी का अटार्नी जनरल के रुप में कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है। अटार्नी जनरल का नया कार्यकाल एक अक्टूबर से शुरु होगा। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की है। अटार्नी जनरल वेंकटरमणी चार दशकों से ज्यादा समय से वकालत कर रहे हैं। उन्हें सबसे पहले अक्टूबर 2022 में तीन साल के लिए अटार्नी जनरल नियुक्त किया गया था। अब कार्यकाल बढ़ाये जाने के बाद वेंकटरमणी 30 सितंबर, 2027 तक अटार्नी जनरल के रुप में काम करेंगे।

**नवनीत, शाहबाज व फिरोज की गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर रद्द**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अब्बास अंसारी गैंग के नवनीत सचान, शाहबाज आलम व फिरोज खान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में चित्रकूट के कर्वी कोतवाली में 3 अगस्त 24 को दर्ज एफआईआर रद्द कर दी है। कोर्ट ने यह आदेश गैंग चार्ट तैयार करने व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक में चर्चा कर अनुमोदित करने में नियम 5(3) ए का पालन करने के आधार पर यह आदेश दिया है।

### मुख्यमंत्री योगी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष से पीड़ित ग्रामीणों के साथ किया संवाद

# पीड़ितों के हर कष्ट में साथ है सरकार

**▸ मृतक परिजनों को पांच लाख व घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि का ऐलान**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के कैसरगंज में भेड़िया हमले के पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को भेड़ियों को पकड़ने या देखते ही गोली मारने के आदेश दिए। उन्होंने प्रभावित गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाने और पीड़ितों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

कैसरगंज रेंज के मंझारा तौकली गांव में भेड़िये के हमले में मृतक व घायल परिवारजनों से शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने मुलाकात कर उनका दुख-दर्द बांटा। संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के स्वजन को पांच लाख व घायल परिवार को 50 हजार की सहायता राशि देने का एलान किया। पीड़ित परिवार से मिलने से पहले मुख्यमंत्री को भेड़िया प्रभावित इलाकों में हवाई सर्वेक्षण में दो भेड़िये दिखे। मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि वन विभाग को भेड़िया पकड़ने के निर्देश दिए गए है। यह भी कहा गया है कि अगर पकड़ में न आए तो उन्हें शूट एट साइट कर दिया जाए। यह सुनते ही तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। कैसरगंज रेंज के गांधीगंज गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंझारा तौकली में पिछले 15-20 दिनों से लगातार डर व दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्राम रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम चौकीदार आदि की सहायता से गांवों में जन जागरण के साथ-साथ वन्यजीवों से बचाव का उपाय किया जा रहा है। वन विभाग की छह टीमों के अलावा भी कई टीमें मौके पर लगी हुई हैं। इसके बावजूद भी हमें चार ऐसे मासूम बच्चों को खोना पड़ा है, जो अलग-अलग घटना के शिकार हुए हैं। 16 लोग अब तक भेड़िये के हमले में घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवरानी, श्याम रती देवी, मदन, चंद्रिका, हरदेई, मनीषा, अंजनी, पृथ्वी नाथ, सूरत लाल, राजाराम, दिपाली, संजू देवी, प्रिंसू, अनिकेत, सावित्री, हरीशचंद्र भेड़िये के हमले में घायल हुए हैं। लगातार एक ही गांव में भेड़िया ने हमला किया है। मृतक बच्चों को पांच-पांच लाख की सहायता राशि देने के साथ पक्का मकान देने के निर्देश जिला प्रशासन को दिया है। जिनके पास मकान हैं और दरवाजा नहीं है, दरवाजा लगवाने के निर्देश दिए हैं। शौचालय बनवाने के साथ ही घायलों को एंटी वेनम वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए है। इससे रैबीज नहीं फैलेगा। उन्होने कहा कि वन विभाग को कहा गया कि है कि भेड़िया पकड़ में न आने पर शूट एट साइट कर दिए जाए। उन्होने कहा कि मै यहां केवल संवेदना व्यक्त करने के लिए आया हूं।



**सतर्कता बरतने के आदेश**

बहराइच में सीएम ने भेड़िया के हमलों से मारे गए लोगों के परिवार वालों को संबोधित किया। सीएम ने कहा- मुझे भी हेलीकॉप्टर से आते समय दो वन्य जीव दिखाई पड़े। ये सियार या भेड़िया भी हो सकते हैं। आप लोग बहुत सतर्क रहें।

**2024 के हमले में मरे थे नौ बच्चे**

बता दें कि 2024 में महसी तहसील के मक्का पुरवा, नकवा, कुलैला, हिंद सिंह, सिसैया चूड़ामणि गांव में भेड़ियों ने 9 बच्चों को मार डाला था। 25 से ज्यादा घायल हो गए थे। वन विभाग ने महीनों अभियान चलाकर भेड़ियों को पकड़ा था।

**सीएम के सामने बेटे को याद कर रो पड़ी मां**

सीएम से मिलने के बाद मृतक बच्चे अंकेश की मां अनीता अपने बेटे को याद कर रोने लगीं। उन्हें सीएम ने फलों की पोटली दी और सांत्वना देकर ढांढस बंधाया। भेड़िया के हमले में अच्छे यादव के बेटे की जान चली गई। अच्छे से सीएम योगी ने मुलाकात की। उनसे पूरी घटना के बारे में पूछा। अच्छे ने बताया कि सीएम ने हमारा दर्द जाना है, हमारी मदद की है।

**20 टीमों को कैसरगंज में गश्त पर लगाया**

सीएम ने कहा- पीड़ितों को जिला प्रशासन की ओर से सहायता दी जाएगी। वन विभाग की छह टीमों के साथ जिला प्रशासन की बीस टीमें लगातार इलाके में गश्त कर रही हैं। भेड़िए के हमले में मारे गए अंकेश के पिता रक्षा राम ने बताया कि आज मुख्यमंत्री ने उसने मुलाकात कर पांच लाख की सहायता दी है। इसके साथ ही जानवर के शीघ्र पकड़े जाने की बात कही है।

**कैसरगंज में भेड़ियों का आतंक बढ़ा**

सीएम ने मंझारा तौकली ग्राम में चार मासूमों के परिजनों व 16 घायलों से मुलाकात की। कच्चे घरों को पक्का करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस साल कैसरगंज क्षेत्र में भेड़िया के हमले में चार मासूमों की मौत अत्यंत दुखद है। हमारी सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी हुई है।

**भेड़िए ने कैसे किया हमला**

सीएम योगी बहराइच में भेड़िए के हमलों के पीड़ित लोगों से मिले। उन्होंने लोगों से कहा- भेड़िया जैसे खतरनाक वन्यजीव नदियों के पास झाड़ियों में रहते हैं, जब नदियों का जलस्तर बढ़ता है तो ये निकलकर आबादी में पहुंच जाते हैं। इनसे बहुत सावधान रहने की जरूरत है। हम सरकार की तरफ से मृतकों के परिवार वालों को 5 लाख की मदद देने आए हैं।

## 4जी की स्वदेशी तकनीक वाला भारत दुनिया का पांचवा देश

**पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा में 60 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन**

एजेंसी



**झारसुगुड़ा (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास 4जी दूरसंचार सेवाएं शुरू करने की पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक मौजूद है। प्रधानमंत्री ने झारसुगुड़ा से बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 97,500 से अधिक मोबाइल टावरों को आज राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है। यह बीएसएनएल का नया अवतार है और दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा कदम है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक गर्व का क्षण है कि जब दुनिया भर में 2जी, 3जी और 4जी तकनीक का विकास हो रहा था, तब देश पीछे रह गया था। उस समय हमने दूरसंचार क्षेत्र में भ्रष्टाचार और घोटालों के किस्से देखे थे लेकिन अब भारत ने संकल्प लिया और स्वदेशी तकनीक विकसित कर ली। आज यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और जल्द ही वैश्विक टेक्नोलॉजी हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर से लेकर जहाज निर्माण तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि देश में जहाज निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 70 हजार करोड़ रुपये का पैकेज स्वीकृत किया गया है। जहाज निर्माण से देश को व्यापार, तकनीकी और सुरक्षा-सभी क्षेत्रों में मजबूती मिलेगी और संकट के समय आयात-निर्यात बाधित नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब डबल इंजन सरकार की गति से प्रगति कर रहा है। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनावों के दौरान जनता ने विकसित ओडिशा का संकल्प लिया था, और अब राज्य तेज़ी से उस दिशा में बढ़ रहा है।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने स्वच्छोत्सव गीत किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छोत्सव गीत (स्वच्छोत्व एंथम) जारी किया। इस गीत को स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया। आइए, स्वच्छता को अपने स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाएँ और एक उज्जवल, स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनें। श्रेया घोषाल और अमित त्रिवेदी की आवाज में गाए गए इस गीत के शब्द शैलेंद्र सिंह सोढ़ी ने लिखे हैं।

## बरेली हिंसा : मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोग भेजे गए जेल, इंटरनेट बंद

समृद्धि न्यूज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस उपद्रवियों की धरपकड़ कर रही है। शनिवार को भड़काऊ भाषणों के आरोप में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इलाके में पुलिस फोर्स तैनात करते हुए 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस मामले में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा, सरफराज, मनीफुद्दीन, अजीम अहमद, मो. शरीफ, मो. आमिर, रेहान और मो. सरफराज को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 36 उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि मौलाना तौकीर का नाम वर्ष 2010 के दंगों में भी सामने आ चुका है और उसके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

### लखनऊ-आगरा हाइवे पर सड़क हादसा, चार मजदूरों की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी जय प्रकाश सिंह ने बताया कि बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइलस्टोन 257 से 258 के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बन रहा है। इसमें भारी संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं।लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह एक तेज रफ्तार आर्टिका का डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन पर काम कर रहे कर्मचारियों को रौंदते हुए पलट गई।

## एक पिता के चार बेटे बन गए एलटी, अफसर हैरान

**लैब टेक्नीशियन भर्ती में बड़ा घोटाला, विज्ञापन में खेल, भाई-भतीजावाद व अनुचित लाभ देकर हुआ चयन**

**17 सितंबर को चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को भेजी गई जांच रिपोर्ट उच्चस्तरीय जांच की संस्तुति**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में एक्सरे टेक्नीशियन के बाद अब लैब टेक्नीशियन एलटी की भर्ती में भारी घोटाले की शिकायत हुई है। एक पिता की तीन से चार संतानों को लैब टेक्नीशियन बना दिया गया है। कई लोगों के पते समान हैं।

जांच रिपोर्ट 17 सितंबर को शासन को भेजी गई है। स्वास्थ्य विभाग में 2007 में 572 लैब टेक्नीशियन की भर्ती की गई। इनमें 35 चयनितों में कई परिवारों के एक से अधिक लोगों का चयन किया गया। इनके रोल नंबर भी एक साथ हैं। लैब टेक्नीशियनों के पिता का नाम, पता और अन्य विवरण संदेहास्पद हैं। एक ही जिले से अधिक संख्या में अभ्यर्थियों के चयन से स्पष्ट है कि इसमें भाई-भतीजावाद और अनुचित लाभ लेकर चयन किया गया है। ये नियुक्तियां अधिक आयु वाले अभ्यर्थियों का चयन कर की गई। शासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के तत्कालीन आयुक्त राजेश कुमार ने जांच की। 17 सितंबर को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को जांच रिपोर्ट भेजी है। संदेहास्पद तथ्यों को उजागर करते हुए उच्चस्तरीय जांच की संस्तुति की है। चयनित लैब टेक्नीशियन के तमाम परिजन और रिश्तेदार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। एलटी के पिता का नाम पता और जिला समान होने से स्पष्ट है कि सीमित आवेदन लेकर एक ही परिवार के सगे संबंधियों को नियुक्ति दी गई है।

## तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में मची भगदड़, 29 लोगों की मौत

**▸ हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल, कई बच्चे भी शामिल**

एजेंसी

**करूर।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मच गई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम ए सुब्रमणियन ने बताया कि हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। टीवीके (तमिलगा वेट्री कज़गम) प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। अभिनेता से नेता बने विजय लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के बेहोश हो जाने से उन्हें अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से निकल गए। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में 24 जजों ने ली शपथ

**▸ हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार एक साथ 24 न्यायमूर्तियों ने शपथ ली**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद होईकोर्ट में शनिवार को 24 नवनियुक्त न्यायमूर्तियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने मल्टी लेवल पार्किंग एवं एडवोकेट चैंबर्स बिल्डिंग के बारहवीं मंजिल पर आयोजित समारोह में शपथ दिलाई। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायमूर्तियों की संख्या 110 हो गई।



हालांकि 50 पद अभी भी रिक्त हैं। मुख्य न्यायमूर्ति को मिलाकर न्यायमूर्ति के कुल 160 पद स्वीकृत हैं। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की तरफ से संस्तुति के बाद एक महीने के भीतर ही नियुक्ति की घोषणा और शपथ सम्पन्न हुआ। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश एम एन शुक्ल के समय 16 न्यायमूर्तियों को शपथ दिलाई गई थी।

**इन्होंने ली शपथ :** विवेक सरन, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह, न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद, न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान, न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी, न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन, न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह, न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह शामिल हैं। वहीं, न्यायिक अधिकारी से न्यायमूर्ति के रूप में शपथ लेने वालों में न्यायमूर्ति डॉ. अजय कुमार द्वितीय, न्यायमूर्ति चवन प्रकाश, न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र सामंत, न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा प्रथम, न्यायमूर्ति तरूण सक्सेना, न्यायमूर्ति राजीव भारती, न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्रा, न्यायमूर्ति लक्ष्मी कांत शुक्ला, न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी, न्यायमूर्ति देवेन्द्र सिंह प्रथम, न्यायमूर्ति संजीव कुमार, न्यायमूर्ति वाणी रंजन अग्रवाल, न्यायमूर्ति अचल सचदेव और न्यायमूर्ति बबिता रानी शामिल हैं।

## आरएसएस की स्थापना के पूरे हुए 100 साल, शताब्दी समारोह शुरु

एजेंसी



**नागपुर।** आरएसएस के स्थापना के 100 वर्ष शनिवार को पूरे हो गये। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 17 सहयोगियों के साथ मिलकर 27 सितंबर, 1925 को विजयादशमी के पावन अवसर पर संघ की स्थापना की थी।

संघ अब देशभर में 83,000 से अधिक शाखाओं और लाखों स्वयंसेवकों के साथ देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक निकाय के रूप में विकसित हो चुका है। आरएसएस की उत्पत्ति नागपुर के महल स्थित हेडगेवार वाड़ा से मानी जाती है। डॉ. हेडगेवार ने हिंदुओं में एकता, अनुशासन और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस संगठन की कल्पना की थी। वर्ष 1926 में विचार-विमर्श के बाद जरीपटका मंडल और भारतोद्धारक मंडल जैसे विकल्पों को हराकर मतदान के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाम को अंतिम रूप दिया गया।

## बब्बर खालसा के आतंकी परमिंदर को पंजाब पुलिस ने यूएई से किया प्रत्यर्पण

**▸ इंटरपोल, विदेश मंत्रालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो व अन्य केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से लाया गया भारत**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) मॉड्यूल के वांछित आतंकी परमिंदर सिंह उर्फ पिंदी का प्रत्यर्पण हासिल कर उसे अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) से सफलतापूर्वक भारत ले आई है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि बटाला के गांव हर्षा का रहने वाला परमिंदर सिंह उर्फ पिंदी केवल अपराधी ही नहीं बल्कि एक खतरनाक आतंकी-अपराध सिंडिकेट का मुख्य संचालक भी है। उसे बटाला पुलिस की टीम यूएई से भारत लेकर आई है।

डीजीपी ने बताया कि पिंदी, अंतरराष्ट्रीय स्तर के आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैपी पासियां का करीबी सहयोगी है और बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमले, हिंसक घटनाओं तथा जबरन वसूली जैसे कई घिनौने अपराधों में शामिल रहा है। आरोपित पिंदी अपराधों को अंजाम देने और पैसों के लेन-देन के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करता था।

**ट्रेड शो**

**कुल 1,25,204 आगंतुकों ने ट्रेड शो में पहुंचकर इसकी लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया**

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में साइन हुए 89 करोड़ के 288 एमओयू

समृद्धि न्यूज

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के तीसरे दिन शनिवार को प्रदर्शनी स्थल पर रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी। कुल 1,25,204 आगंतुकों ने ट्रेड शो मे पहुंच कर इसकी लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इनमें 35,368 बी2बी और 89,836 बी2सी आगंतुक शामिल रहे। कुल मिलाकर इन तीन दिनों में 2.65 लाख से ज्यादा विजिटर्स, 76 हजार से ज्यादा बी2बी बायर्स और 1.89 लाख से ज्यादा बी2सी विजिटर्स इस मेगा इवेंट का हिस्सा बन चुके हैं। इससे यह साबित हो गया कि यूपीआईटीएस 2025 अब भारत के सबसे बड़े राज्य-नेतृत्व वाले व्यापार मंचों में शुमार हो चुका है।



सबसे खास उपलब्धि रही अंतरराष्ट्रीय खरीदार-विक्रेता बैठक, जिसे फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स ने आयोजित किया। इस मंच पर सीमा-पार सहयोग की नई राहें खुलीं और उत्तर प्रदेश सहित देशभर के निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों से सीधे जुड़ने का अवसर मिला। परिणामस्वरूप 288 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिनकी कुल व्यावसायिक राशि 89 करोड़ रूपए रही। इसने स्पष्ट संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। यूपीआईटीएस 2025 में आयोजित सीएम युवा कॉन्क्लेव तीसरे दिन का एक और बड़ा आकर्षण रहा। इस मंच ने युवाओं को उद्यमिता की दिशा में न केवल प्रेरित किया बल्कि उनके विचारों को आकार देने का अवसर भी दिया।

**सचान ने की लोकल से ग्लोबल विषयक सत्र की अध्यक्षता**

तीसरे दिन के सत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण और निर्यात संवर्धन पर गहन चर्चा हुई। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स द्वारा आयोजित ई-कॉमर्स-भारतीय निर्यात के लिए नई सीमा विषयक सत्र ने दिखाया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म किस प्रकार छोटे और मध्यम उद्यमों को वैश्विक मंच पर ला सकते हैं। इसमें औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने भाग लिया। राकेश सचान ने समानांतर रूप से लोकल से ग्लोबल विषयक सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें ओडीओपी की ताकत और वैश्विक स्तर पर इसकी संभावनाओं को सामने रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर जिले के विशिष्ट उत्पाद को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया जाए और इसके लिए डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग किया जाएगा।

# बस-ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत, 20 घायल, छह रेफर



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

एम. पी के नौगांव से सवारियां लेकर लखनऊ जा रही हमीरपुर डिपो की बस सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी।इस घटना में एक स्वास्थ कर्मचारी की मौत हो गई जबकि बैंक शाखा प्रबंधक सहित 20 लोग घायल हो गए। सभी को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ चार की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है।

शनिवार की सुबह मध्य प्रदेश के नौगांव से मुस्करा होते हुए लखनऊ जा रही हमीरपुर डिपो की बस हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे पर ललपुरा थाना क्षेत्र के उजनेड़ी गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।इस घटना में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सवारियों से भरी बस में चीख-पुकार

> ▸ नौगांव से लखनऊ जा रही हमीरपुर डिपो की बस सामने से आ रहे ट्रक से टकराई

मच गई। घटना स्थल पर चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। एक-एक करके सभी घायलों को बस से बाहर निकाला गया।वहीं ट्रक के केबिन में चालक को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया, तब तक सूचना मिलने पर थाना ललपुरा पुलिस और 108 नंबर एंबुलेंस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घायलों को एंबुलेंस में लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ हमीरपुर के होम्योपैथी अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत महोबा जनपद के चरखारी कस्बा निवासी 56 वर्षीय मुन्ना को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं लखनऊ के मलिहाबाद निवासी 25 वर्षीय राजा पुत्र महेश्वरी, मध्य प्रदेश के छतरपुर नौगांव निवासी 50 वर्षीय आशा पत्नी रमेश वर्मा, वहीं की 35 वर्षीय गीता वर्मा पत्नी राजेश कुमार, महोबा के कुलपहाड़ बेलाताल निवासी 50 वर्षीय विद्या देवी पत्नी लक्ष्मी प्रसाद, बेलाताल निवासी 37 वर्षीय ब्रजकिशोर पुत्र अच्छेलाल, चरखारी के भटेरवा कला निवासी 55 वर्षीय गेंदा सिंह पुत्र खुशहाली राम, बेलाताल निवासी 23 वर्षीय शिल्पी पुत्री संतोष कुमार, बेलाताल निवासी 23 वर्षीय दीक्षा पुत्री जगदीश गुप्ता, कानपुर के चकेरी के कोयला नगर निवासी व कुलपहाड़ एसबीआइ के शाखा प्रबंधक नीरज कुमार पुत्र स्व.

हैसीलाल, कानपुर के संगीत टाकीज के पास आचार्य नगर निवासी 20 वर्षीय अमन पुत्र अशोक, कन्नौज के तालग्राम निवासी रोडवेज बस का परिचालक 28 वर्षीय चंदन पुत्र चहेतेलाल, कानपुर देहात के मूसानगर निवासी बस चालक 30 वर्षीय सुबेक, मध्य प्रदेश नौगांव निवासी 25 वर्षीय निकेत पाठक पुत्र मदनमोहन पाठक, महोबा के कुलपहाड़ निवासी 65 वर्षीय जागेश्वर प्रसाद, नौगांव निवासी 43 वर्षीय जुलेखा, नौगांव निवासी 50 वर्षीय मो. नसीम व इनका 35 वर्षीय पुत्र मो. वसीम, बरेली निवासी ट्रक चालक राजबहादुर सहित 20 लोग घायल हो गए।

जहां नीरज पुत्र हौसला प्रसाद, निखिल पाठक पुत्र मदन मोहन पाठक, हमीरपुर डिपो के चालक शुबेक सिंह, जागेश्वर पुत्र काशी प्रसाद, शिल्पीगुप्ता,गेंदा सिंह की हालत गंभीर हालत होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है।

### 80 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ रही थी रोडवेज बस

इस घटना के बाद एडीएम वित्त एवं राजस्व विजयशंकर तिवारी व सीएमओ डा. गीतम सिंह अस्पताल पहुंचे और घायलों को हालचाल जाना।वहीं एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बस की रफ्तार करीब 80 किमी प्रतिघंटा होने का अनुमान है।

### पांच घायलों को पांच-पांच हजार की मिली मदद

हमीरपुर डिपो की बस दुर्घटना में घायल,रिफर एवं मृतक यात्रियों की सूची तैयार कर ली गई है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल यात्री नसीम,मो वसीम, आशा, गीता सहित पांच घायलों को क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूट धाम बांदा संदीप अग्रवाल द्वारा पांच पांच हजार रुपए परिवहन निगम की ओर से राहत राशि के रूप में वितरित की है। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में घायलों को 5 हजार से लेकर 2.5 लाख तक की धनराशि दिलाई जाएगी। मृतक के परिजनों को साढ़े सात लाख रूपये की दुर्घटना बीमा के माध्यम से आर्थिक मदद दी जाएगी।इस मौके पर सेवा प्रबंधक वी के मौर्या,सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हमीरपुर डिपो आर पी साहू,घनश्याम वरिष्ठ लेखाकार,महेश कुमार ,बंशगोपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा

हमीरपुर डिपो की बस दुर्घटना में घायलों के अनुसार बस चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था।बताया कि चालक ने ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक में टक्कर मार दी थी।जिससे दोनों वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गए है।

# खाद की लाइन लगी वृद्ध महिला किसान गश खाकर गिरी

> ▸ पुलिस ने दिखाई दरियादिली दिलाई खाद

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** डीएपी खाद को लेकर किसान लंबी-लंबी लाइनों से परेशान है। कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति में लाइन में लगी एक वृद्ध महिला किसान गश खाकर गिर पड़ी। जिसे वहां मौजूद सिपाही ने संभाला और कुर्सी में बैठाकर उसे पानी पिलाया। तब कहीं जाकर उसने राहत महसूस की। मौजूदा समय में रबी फसल की बुवाई के लिए किसान डीएपी खाद के लिए परेशान घूम रहा है। कस्बे के क्रय विक्रय में शुक्रवार को एक हजार बोरी डीएपी एवं पांच सौ बोरी एनपीके आई थी। किसानों के हंगामा करने बाद नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार निगम ने टोकन व्यवस्था लागू खाद का वितरण कराया। शनिवार को शेष बची 510 बोरी डीएपी का वितरण शुरू कराया गया। सुबह से किसानों ने लंबी-लंबी लाइन लगा लिया। इसी बीच करीब 12 बजे नदेहरा की महिला किसान सुद्धा खातून पत्नी सलीम खान अचानक गश खाकर गिर पड़ी। वितरण के दौरान मौजूद सिपाही



अनुराग सिंह ने वृद्ध महिला किसान को संभाला और कुर्सी में बैठा कर पानी पिलाया। तब महिला किसान ने राहत महसूस की। महिला किसान की हालत देखकर उसको तत्काल टोकन देकर खाद उपलब्ध करा दी गई। किसान अंकुर सिंह, हरीश,अमित,शिवम ने आरोप लगाया कि सचिव मनमानी तरीके से खाद का वितरण कर रहे है। किसान बाहर लाइन लगाए रहता है। वहीं अंदर से असरदार किसानों की पर्चियां बना कर खाद उठाने के लिए गोदाम पहुंचा दी जाती है। किसानों ने सभी को समानता के साथ खाद वितरण कराने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### देवी पंडालों में दर्शन के लिए बढ़ने लगी भीड़



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देवी पंडालों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। कस्बे के रामलीला मैदान में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कस्बे में 36 स्थानों पर मां दुर्गा के पंडाल सजे हुए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 80 स्थानों पर देवी पंडाल सजाए गए है। नवरात्र की पंचमी शुक्रवार को देवी पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने पड़ी। कस्बे में रामलीला मैदान, डाक बंगला, लक्ष्मीबाई तिराहा,कमलेश तिराहा, सब्जी मंडी सहित अन्य स्थानों पर मां के भव्य दरबार सजे हुए हैं। इसी तरह इंगोहटा में चार स्थानों पर सजे दरबारों में भक्त पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं।रामलीला मैदान में वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला का मंचन कर लोगों को आनंदित कर दिया

### स्वास्थ्य शिविर में 64 सफाई मित्रों की हुई जांच ब्लाक सभागार में लगाया गया शिविर





**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक सभागार में ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 64 सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच की गई। लेकिन किसी को भी गंभीर बीमारी नहीं मिली शनिवार को ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत में कार्यरत सफाई मित्रों की स्वास्थ्य की जांच के शिविर लगाया गया। बीडीओ ने सफाई कर्मियों को बीमारियों से बचने के उपाय बताते हुए उन्हें जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ.परवेज कादरी ने बीमारियों की जानकारी देते हुए साफ सफाई के बाद नहाने,हाथ पैर धोने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शिविर में 64 सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें बीपी, शुगर, बुखार आदि की जांच शामिल रहीं। इस मौके पर एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, डॉ.विंदेश,शिक्षक हृदेश द्विवेदी, बाल विकास की सुपरवाइजर कामिनी पाल मौजूद रही।

### चल रहे खसरा ई पड़ताल की प्रगति को देखने पहुंचे एडीएम व उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर चल रहे खसरा ई पड़ताल में शनिवार को कार्य प्रगति देखने के लिए एडीएम व उपजिलाधिकारी ने मौके पर निरीक्षण किया मौदहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुनेहटा में चल रहे ई क्रॉप पड़ताल में एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह मौके पर जाकर हकीकत देखी और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया और निर्देश देते हुए कहा कि अब बरसात कम हो रही है पड़ताल कार्य मे तेजी लाये और गाँवो में जरूरत पड़े तो किसानों का भी सहयोग ले। एसडीएम ने कहा कि ई पड़ताल कार्य को पहले लेखपाल आफ लाइन करते थे तो एक जगह बैठ कर किसानों से चर्चा करके पड़ताल की जाती थी द्य लेकिन शासन के निर्देश पर डिजिटल पड़ताल में खेत पर मौके पर ही जाना पड़ता है और एप के जरिये ही ई पड़ताल होती है। इस मौके पर वीरेन्द्र मौर्या लेखपाल तथा संबंधित राजस्व निरीक्षक स्थल पर मौजूद रहे।

### एसपी ने थाना नरैनी का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना नरैनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए तथा विवेचनाओं तथा आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई । अपराधों की समीक्षा के क्रम में मुकदमों से सम्बन्धित वाहनों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना कार्यालय, अभिलेखो, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष कार्यालय तथा थाने के परिसर की साफ-सफाई आदि का अवलोकन किया गया साथ ही थाने पर आने वाले आगन्तुकों के लिए पेयजल व्यवस्था, प्रतिक्षाकक्ष आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नरैनी श्री कृष्णकान्त त्रिपाठी आदि मौजूद रहे ।

### भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी एंड इंटर कालेज के पी.जी. हाल में आज मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं में सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद छात्राओं ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की तथा महाभारत पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहीं श्रीमती माविस टाक (आई.पी.एस.), प्रभुनाथ (इंस्पेक्टर) उनके साथ श्रीमती मोनी निषाद महिला थाना, श्रीमती स्नेहा सिंह (निरीक्षक) एवं श्रीमती रेनू शर्मा (निरीक्षक) उपस्थित रहीं। अतिथियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानूनी जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता पर प्रेरणादायी विचार साझा किए।विद्यालय की निदेशिका श्रीमती संध्या कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत बैच एवं पौधा भेंटकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे निर्भीक बनें, अपने अधिकारों के लिए सजग रहें और अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाएँ।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवेन्द्र कुमार एवं शैक्षणिक निदेशक व्रिंदा जिनराल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कविता वर्मा ने किया। कक्षा 6 से 11 तक की छात्राओं ने पूरे उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया और अतिथियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी एंड इंटर कॉलेज ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह बांदा में शिक्षा, संस्कृति और जागरूकता के पुनरुत्थान में निरंतर अग्रणी

# सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : डॉ. प्रवीण सिंह जादौन



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डा. प्रवीण सिंह जादौन ने कस्बे की सहकारी समिति में एक बैठक में ÷एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान÷ पर चर्चा की डा. जादौन ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की प्रगति का सशक्त साधन है।

सहकारी समितियों के माध्यम से न केवल किसानों को सस्ती दरों पर बीज, खाद एवं कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाते हैं, बल्कि उन्हें विपणन की सुदृढ़ व्यवस्था भी प्राप्त होती है। ऐसे में एम-पैक्स जैसी बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों की सदस्यता लेना प्रत्येक कृषक के हित में है। बताया कि सदस्यता महाअभियान 12 अक्टूबर 2025 तक विशेष रूप से आयोजित किया गया है। अभियान के अंतर्गत सदस्यता लेने वाले कृषकों को न केवल वित्तीय लेन-देन की सुविधाएँ प्राप्त होंगी, बल्कि उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ भी मिलेगा सहकारिता के सहायक निबंधक एवं आयुक्त रमाकांत द्विवेदी ने अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण समाज में पारदर्शिता, आपसी सहयोग और सामूहिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी सुरेश चंद्र, सहकारी बैंक प्रबंधक आशाराम, बीरबहादुर, सचिव समीर सचान, अशोक कुमार पाण्डेय, केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, रामसागर सिंह, श्यामकरन प्रजापति, अजित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति : छात्रा बनी एक दिन की प्रिंसिपल



> ▸ छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की सुनी समस्याएं

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के तहत कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्हरिया में महक कक्षा 6 की छात्रा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। शनिवार को विद्यालय के कामकाज की जिम्मेदारी सौंपी गई। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिला सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को विभिन्न सरकारी संस्थानों में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे नेतृत्व की भूमिकाएं निभा सकें। इसी क्रम में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष कुमार ने अपनी कुर्सी महक को सौंपकर, उन्हें एक दिन के लिए विद्यालय की समस्त जिम्मेदारी दी।

उन्होंने विद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों को विद्यालय संचालन के महत्वपूर्ण गुण भी बताएं। बालिकाओं ने सांस्कृतिक परिस्थितियों और चर्चाओं के जरिए शिक्षा, आत्मरक्षा स्वच्छता और समानता जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाई एवं छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। हमारे देश की राष्ट्रपति और राज्यपाल महिलाएं हैं बेटियां आज अंतरिक्ष तक की सैर कर रही हैं और उनकी काबिलियत का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। लगन से पढ़ाई कर नई-नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रामनरेश , राकेश कुमार एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

### मिशन शक्ति के छठवें दिन छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली



**हमीरपुर।** कुरारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरारा की छात्राएं मिशन शक्ति के छठवें दिन के कार्यक्रमो के तहत प्रभात फेरी,रंगोली प्रतियोगिता,कन्या पूजन के साथ विशेष भोज एवं थाना कुरारा का भ्रमण कराया गया। विद्यालय की पावर एंजल सिमरन के नेतृत्व में छात्राओं का जत्था पंक्तिबद्ध होकर नारी शक्ति जिंदाबाद का नारे लगाते हुए थाना पहुंचा।थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने सभी छात्र/छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और नारी सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 112,1090 वूमेन हेल्पलाइन,1930 साइबर हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर के विषय में विस्तृत जानकारी दी।इसके बाद बच्चों को कारागार का भी भ्रमण कराया गया और बच्चों की जानकारी के लिए मिशन शक्ति सुरक्षा कार्ड का वितरण थाने के कर्मचारियों द्वारा किया गया।बच्चों ने एफ आई आर दर्ज करने सहित विभिन्न प्रकार की जानकारियों हेतु सवाल जवाब किए जिसमें SHO सहित महिला कांस्टेबल ऋचा यादव ने बच्चों की सारी जिज्ञासाएं शांत की।छात्र छात्राओं ने भ्रमण के बाद बताया कि थाने में पहुंचकर हमें बहुत अच्छे नियमों कानूनों की जानकारी मिलीं। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं नाहिद हाशमी,नीति शर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजीव गुप्ता,शिक्षक कमल किशोर,छात्र-छात्राएं एवं थाने के समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण के दौरान राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं को कराया गया भ्रमण



हमीरपुर के मौदहा थाना परिसर में शनिवार को महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मौदहा की छात्राओं को विशेष भ्रमण कराया गया। इस दौरान थाने के अधिकारियों ने उन्हें महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों, अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां विस्तार से दीं। छात्राओं को बताया गया कि महिलाएं घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, साइबर अपराध अथवा किसी अन्य उत्पीड़न की स्थिति में किस प्रकार शिकायत दर्ज करा सकती हैं तथा त्वरित मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं।भ्रमण के दौरान छात्राओं को थाने में रखे गए विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों और दस्तावेजों का अवलोकन भी कराया गया, जिससे उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली की व्यावहारिक समझ मिल सके। अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व पर भी जोर देते हुए कानूनी जागरूकता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और आवश्यकता पड़ने पर कानून का सहारा लेने का साहस दिखाएं।इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर मनोज गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं, कोतवाली प्रभारी मौदहा उमेश सिंह ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे इस तरह की जानकारी को अपने जीवन में अपनाएं तथा अन्य महिलाओं तक भी पहुंचाएं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाना रहा, ताकि वे भविष्य में निडर होकर समाज में अपनी भूमिका निभा सकें।

# मातारानी के पूजन को उमड़ रहे श्रद्धालु, खत्रीपहाड़ में भी श्रद्धालुओं का रेला

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

> ▸ नवरात्र महोत्सव का छठवां दिन, कन्या भोज का दौर जारी
> ▸ जगत माता के दरबार में मत्था टेकने वालों की लंबी फेहरिस्त, सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात



अबकी बार नवरात्र 10 दिन के हैं। ऐसे में तिथियों के हेरफेर के चलते पांचवें दिन शनिवार को नवदुर्गा के पांचवे स्वरूप की आराधना श्रद्धालुओं ने की। देवी मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए देवी भक्तों की भीड़ पहुंची। मातारानी के दरबार में ही कन्या भोज कराए जाने का सिलसिला तेज हो गया।

नवरात्र के छठवें दिन मातारानी की पूजा-अर्चना की गई। इसे तिथियों का हेरफेर बताया गया। शहर के महेश्वरी देवी मंदिर और काली देवी मंदिर में सुबह से दोहपर तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शाम के समय पंडालों में सजे जगदंबे के दरबार में हजारों देवी भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाई। गौरतलब हो कि शहर में 350 से अधिक स्थानों पर मातारानी के पंडाल स्थापित किए गए हैं।

देवी भक्तों की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही अराजकतत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। इधर, शहर से तकरीबन 25 किमी दूरी पर स्थित मां विंध्यवासिनी सिद्ध पीठ में स्थित मंदिर में मातारानी का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। नवरात्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ मंदिर पहुंची।

मंदिर में मातारानी का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालु पर्वत पर विराजमान मातारानी के मंदिर पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु जगत माता के दरबार में आकर पूजा-अर्चना करते हैं। मनौती पूरी होने पर श्रद्धा के मुताबिक चढ़ावा भी चढ़ाया जाता है। गिरवां थाना प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि नवरात्र महोत्सव के दौरान खत्रीपहाड़ मेले में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

# कांग्रेस नेता की दिवंगत बहन को दी गई श्रद्धांजलि



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को नसीमुद्दीन सिद्दीकी पूर्व मंत्री की साली व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुमताज अली की बहन शहजादी का इंतकाल हो गया है आज उन्हें शहर कांग्रेस कमेटी ने आज कांग्रेस कार्यालय में खिराजे अकीदत पेश किया। श्रद्धांजलि अर्पित की शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने व सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रख कहा कि आज शहजादी के निधनं पर हम कांग्रेस परिवार के लोगों दुखी हैं तथा दुख की घड़ी में शहजादी के पूरे परिवार के साथ है श्रद्धांजलि मैं अफसाना शहर के साथ सहित अशरफ उल्लाह रमपा सीमा बाबी हरिशंकर बाजपेई डाक्टर केपी सेन शिवबली सिंह सैठ वारिस अली इस्लाम भाई अली बक्स चुना राजपूत नत्थू सेन सुखदेव गांधी इत्यादि उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति : बालिकाओं को मिली सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



**जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज।** सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेस-5 अभियान के तहत शुक्रवार को थाना जसपुरा परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक एवं मिशन शक्ति प्रभारी दिलीप कुमार यादव, महिला कांस्टेबल अवंतिका, कांस्टेबल विक्रम तथा कांस्टेबल रोहित दीक्षित ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। बालिकाओं को बताई गईं ये प्रमुख योजनाएं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बालिकाओं के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक चरणबद्ध आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। निराश्रित महिला पेंशन योजना बेसहारा महिलाओं को सरकार की ओर से मासिक पेंशन सुविधा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह हेतु सहयोग। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने वाली योजना। छात्राओं को बताये गए ये महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री जनसुनवाई हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम, सहायता,181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 112 पुलिस इमरजेंसी सेवा कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वार्डेन अर्चना अग्रवाल, शिक्षिकाएं किरण सिंह, रंजना अग्रहरि एवं प्राची मिश्रा भी मौजूद रहीं। सभी ने बालिकाओं को सरकारी योजनाओं से लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में थाना प्रभारी अनिल कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, ऽमिशन शक्ति का उद्देश्य है बेटियों को निडर बनाना। कानून और सरकार आपके साथ हैं, बस जरूरत है जागरूक और सतर्क रहने की। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया और अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। पुलिस अधिकारियों ने सभी सवालों के उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट किया।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

> ▸ शिक्षकों की सेवा शर्तों में बदलाव किए जाने का जताया विरोध

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बांदा द्वारा जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी और मंत्री प्रजीत सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद बांदा चित्रकूट कृष्णा शिवशंकर पटेल को प्रदान किया और अपना विरोध दर्ज कराया।शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी जी आई सी मैदान में एकत्रित हुए और मोटर साइकिल मार्च करते हुए पी डब्ल्यू डी गेस्ट हाउस पहुंच कर सांसद को ज्ञापन सौंपा और भारत सरकार द्वारा शिक्षकों की सेवा शर्तों में बदलाव किए जाने को गैर जरूरी बताया। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील में प्रदत्त आदेश से शिक्षकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लाखों शिक्षकों की सेवा,सुरक्षा,कार्य,स्थायित्व एवं गरिमा पर संकट उत्पन्न हो गया है।उपरोक्त प्रतिगामी प्रभाव से लागू निर्णय के कारण लाखों शिक्षक एवं उनके परिवार जन चिंतित एवं आक्रोशित होकर अवसाद ग्रस्त हो रहे हैं। जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त समस्त शिक्षकों ने भी सभी मापदंडों पर खरा उतर कर ,सभी परीक्षाएं पास कर और सरकार द्वारा निर्धारित योग्यता को पूरी कर ही शिक्षक बने है। जबकि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में ही मेज थपथपाकर सेवा शर्तों में संशोधन कर दिया गया और अब एक सितंबर 2025 को माननीय उच्चतम न्यायालय के दिए गए निर्णय के आलोक में शिक्षकों में आक्रोश और क्षोभ है जबकि विभागीय पूर्व के निर्देशों और तथ्यों से स्पष्ट है कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा रत रहने या पदोन्नति करने हेतु ज्म्ज् करना अनिवार्य नहीं है ,,उक्त के क्रम में ज्ञापन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने की तिथि (उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011) से पूर्व नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा ,सुरक्षा और गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने हेतु आवश्यक अधिसूचना जारी करने तथा माननीय उच्चतम न्यायालय में निर्णय का प्रॉस्पेक्टिव प्रभाव सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

ज्ञापन के समय जिला मंत्री प्रजीत सिंह ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव जिला कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप सहित समस्त जनपदीय पदाधिकारी,ब्लॉक अध्यक्ष मंत्री तथा ब्लॉक स्तरीय समस्त पदाधिकारी,,संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंत्री तथा उनकी कार्यसमितियां,तहसील प्रभारी ,सह प्रभारी तथा समस्त महिला पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सांसद द्वारा ज्ञापन की बातों और शिक्षकों के पक्ष को मजबूती से रखने और इस हेतु पत्राचार करने के साथ साथ व्यक्तिगत रूप से प्रयास करने का आश्वाशन दिया है।

# यूपी में लैंगिक समानता पर विशेष जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 बन रहा सामाजिक क्रांति का आधार

**▸ यूपी में दिखी लैंगिक समानता की लहर कार्यक्रम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को जनआंदोलन का रूप देना शुरू कर दिया है।

बीते छह दिनों में योगी सरकार ने विभिन्न विभागों के समन्वय और अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने में अपनी पहुंच बनाई है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को पूरे प्रदेश में लैंगिक समानता पर विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। महिला सशक्तीकरण पर आधारित विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटकों ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया है। शहरों की गलियों, मोहल्लों, ग्राम पंचायतों की चौपालों, स्कूलों और कॉलेजों तक फैले इन नाटकों ने जन-जन में एक सशक्त संदेश छोड़ा। इस अभियान का उद्देश्य लैंगिक असमानता को समाज की प्रगति में बाधा के रूप में पहचान कराना और महिलाओं-बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित व सम्मानित जीवन प्रदान करना है।

**लोगों ने लिया संकल्प, तोड़ेंगे भेदभाव की दीवार**

नाटकों के माध्यम से यह भी बताया कि जब महिलाएं कार्यस्थल पर असमान व्यवहार का सामना करती हैं, तो उनकी आत्मनिर्भरता प्रभावित होती है, जो देश की आर्थिक प्रगति को भी धीमा करती है। स्कूल-कॉलेज के छात्रों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दे दिया है। आम जनता भी इस अभियान में बड़े उत्साह के साथ भाग ले रही है। बालिकाओं के नुक्कड़ नाटक से मिले संदेश के बाद आम जनता ने संकल्प लिया गया कि वे भेदभाव की दीवार तोड़ेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि लैंगिक समानता इस अभियान की आधारशिला है, क्योंकि जब तक समाज में महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर, अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक हमारा विकास अधूरा रहेगा। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से हमने इस संदेश को घर-घर पहुंचाया है कि लैंगिक असमानता केवल महिलाओं की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

**सामाजिक बदलाव की धुरी बन रहा मिशन शक्ति 5.0 अभियान**

प्रदेश भर में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटकों ने लोगों को झकझोरा और लैंगिक असमानता की जड़ों पर विचार करने को प्रेरित किया। इन नाटकों में दिखाया गया कि लैंगिक असमानता का अर्थ महिलाओं-पुरुषों को अवसर, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक मान्यता में समानता से वंचित रखना है। बचपन से भेदभाव, शिक्षा-स्वास्थ्य में असमानता, कार्यस्थल पर भेदभाव और वेतन असमानता जैसे मुद्दों को रंगमंच पर जीवंत किया गया। एक दृश्य में, जहां लड़कियों के करियर को सीमित करने का चित्रण हुआ, वहीं समाधान के रूप में परिवारों में बेटे-बेटियों के समान व्यवहार और शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

# धर्म के नाम पर उत्तर प्रदेश का माहौल बिगाड़ रही है भाजपा सरकार : सांसद संजय सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार धर्म और त्योहारों के नाम पर समाज में तनाव फैलाकर बेरोजगारी, किसानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई जैसे असली मुद्दों को दबाने के लिए धर्म के नाम पर झगड़े का खेल चला रही है। इस साजिश में भाजपा की नफरती सरकार और तथाकथित धर्मगुरु शामिल हैं।

साजिशों से सावधान नही हुए तो हिस्से में सिर्फ बर्बादी आएगी। संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि नौजवान पेपर लीक और रोजगार संकट के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं, किसान बदहाली झेल रहे हैं और लद्दाख में पूर्ण राज्य की मांग उठाने वाले आंदोलनकारियों को दबाने के लिए प्रख्यात समाजसेवी सोनम वांगचुक को एनएसए जैसे कठोर कानून में कैद कर दिया गया, लेकिन इन सब मुद्दों पर चुप्पी साधकर भाजपा नए-नए धार्मिक विवाद खड़े करती है। गोदी मीडिया भी 'बौद्धिक आतंकवाद' से नफ़रत का जहर घोलने में लगा है ताकि जनता के असली सवाल दबे रह जाएं।

**▸ साजिशों से सावधान नहीं हुए तो हिस्से में आएगी बर्बादी**

ईद, बकरीद, होली, दिवाली, नवरात्र जैसे हर त्योहार से पहले तनाव खड़ा कर दिया जाता है। जनता साजिश से सावधान नहीं हुई तो हिस्से में सिर्फ बर्बादी ही आएगी। भाजपा को न अस्पताल बनाने से मतलब है, न शिक्षा देने से, न रोजगार पैदा करने से और न व्यापार बढ़ाने से। मोदी सरकार का असली एजेंडा है जनता को चौपट करना और असली मुद्दों से ध्यान भटकाना। प्रधानमंत्री स्वयं उत्तर प्रदेश के नौजवानों का मजाक उड़ाते हुए कह चुके हैं कि उन्हें गोबर से रोजगार मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### फोर्टिस ने रेडियोथेरेपी से 187 मरीजों का किया सफल इलाज




**लखनऊ/गुरुग्राम,समृद्धि न्यूज।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई), गुरुग्राम ने इलेक्टा यूनिटी एमआर लिनैक सिस्टम उपलब्ध कराने की पहली वर्षगांठ मनायी। यह उत्तर भारत का पहला और देश में दूसरा एमआर लिनैक सिस्टम है। सितंबर 2024 में लॉन्च, यह शानदार प्लेटफार्म रियल-टाइम 1.5T एमआरआई इमेजिंग का मेल एडवांस रेडिएशन डिलीवरी से कराते हुए, प्रिसीजन (सटीक) ऑंकोलॉजी के क्षेत्र में नए मानक रच रहा है। इस उपलब्धि के साथ ही, एफएमआरआई ने एशिया में उन चुनींदा अस्पताल समूहों (जिनमें जापान, हांगकांग और थाइलैंड के केंद्र भी शामिल हैं) के बीच अपनी साख को काफी मजबूत बना लिया है जो एमआर-निर्देशित रेडियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। यह टेक्नोलॉजी डॉक्टरों को एक ही समय में ट्यूमर की जांच करने के साथ-साथ उसका उपचार करने में भी मदद करती है, और इस प्रकार उन अंगों के मामले में भी सटीकता सुनिश्चित करती है जो सांस लेने या पाचन प्रक्रिया के चलते हिलते-डुलते रहते हैं। इंस्टॉलेशन के बाद से अब तक, एफएमआरआई में एमआर लिनैक की मदद से, प्रोस्टेट, लिवर, पैंक्रियाटिक, और अन्य कई प्रकार के गैस्ट्रोइंस्टेस्टाइनल ट्यूमर समेत कई जटिल किस्म के कैंसर रोगों से ग्रस्त 187 मरीजों का उपचार किया जा चुका है।

### कुर्मांचल रामलीला आज से, समिति ने पेश की कार्यक्रम की रूपरेखा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कुर्मांचल नगररामलीला कमेटी ने रामलीला महोत्सव का एलान किया। कमेटी के महामंत्री विपिन सिंह ने बताया कि 28 सितम्बर को रामलीला का शुभारंभ हो रहा है जिसमें 6 पाठ का मंचन किया गया है। श्री राम के जन्म से लेकर उनके द्वारा धनुष यज्ञ तक का प्रस्तुति किया गया। अगले दिन 28 को परशुराम लक्ष्मण संवाद से साथ श्री राम वन गमन तक चार अध्याय का मंचन किया जाना है। 30 को केवट प्रसंग से सीता हरण तक सात अध्यायों का मंचन होगा। 1 अक्टूबर को राम विलाप और विभीषण शरणागति सहित सात अध्यायों का सुंदर वर्णन किया जाएगा। जिसके बाद 2 को छः अध्यायों जिसमें सेतु निर्माण सहित राम रावण युद्ध और रावण वध का बड़ा ही खूबसूरत मंचन संचालित किया जाएगा। रामलीला के अंतिम दिन 3 अक्टूबर को दो अध्याय जिसमें राम भरत मिलाप और श्री राम का राज्याभिषेक का मंचन किया जाता है जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और अंत में पारितोषिक वितरण किया जाएगा।

### मोबाइल चार्जर के विवाद में किराएदार ने ताना नकली कट्टा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के ऐशबाग इलाके में चार्जर लगाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी ने कट्टा तान दिया। पीड़िता का आरोप है कि 2 भाइयों के झगड़े में पड़ोस में रहने वाले किराएदार ने नकली कट्टा तानकर गाली गलौज करने लगा। परिजनों और मोहल्ले वालों के हस्तक्षेप पर हमलावर मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। बाजारखाला के करेहटा शर्मा बिल्डिंग के रहने वाले मीरा देवी ने बताया उनके दोनों बेटे मोबाइल चार्जर को लेकर आपस में बहस कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला किराएदार अकरम अली खान वहां पहुंचा और नकली कट्टा लेकर उनके बेटे लाला उर्फ रितेश पर जान से मारने की नीयत से तान दिया। पुलिस कर रही आरोपी की तलाशपीड़िता का कहना है कि आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उनके बेटे की जान बचाई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फ़रार हो गया। घटना से परिवार सहम गया है। आसपास के लोगों में भी दहशत है। मामले में इंस्पेक्टर बाजारखाला का कहना है कि पुलिस में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### कांग्रेस नेता रिजवी ने आजम खान की रिहाई पर दी मुबारकबाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद उनसे मिलने के लिए कई नेता उनके घर पहुंच रहे हैं। कुछ नेता बाहर आने के बाद उन्हें पोस्टर के माध्यम से बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता आसिफरिजवी ने भी राजधानी लखनऊ में पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर के माध्यम से आजम को उन्होंने बधाई दी है। पोस्टर पोस्टर में आजम खान, राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की फोटो लगाई गई है। जिस पर लिखवाया-संघर्स हमारा जारी रहेगा। आप को बता दें कि इससे पहले आजम खान कि रिहाई पर खुशी जताते हुए समर्थकों ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय के बाहर एक बड़ा बैनर लगाया था।

### जलीय आनुवंशिक विविधता के संरक्षण पर जोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाकृअनुप राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो एनबीएफजीआर लखनऊ में 22 से 26 सितंबर तक मत्स्य जननद्रव्य संसाधनों के अन्वेषण, आकलन और सह-प्रबंधन के लिए साधनों और पद्धतियों पर एक व्यापक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और राज्य मत्स्य विभागों के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अधिकारियों सहित 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की।यह प्रशिक्षण मूल्यवान मत्स्य जर्मप्लाज्म संसाधनों की खोज, मूल्यांकन और प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों में प्रतिभागियों के कौशल को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया था। पाठ्यक्रम में सैद्धांतिक व्याख्यानों के साथ व्यावहारिक, व्यावहारिक सत्र भी शामिल थे, जिनमें आनुवंशिक लक्षण-निर्धारण से लेकर समुदाय-आधारित संरक्षण रणनीतियों तक, विविध विषयों को शामिल किया गया था। इन संवादात्मक सत्रों ने एक सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा दिया, जिससे उपस्थित लोगों और संकाय सदस्यों के बीच ज्ञान और अनुभवों का समृद्ध आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम प्रतिष्ठित आयोजन समिति के नेतृत्व में किया गया। आईसीएआर-एनबीएफ्जीआर के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने प्रशिक्षण संयोजक के रूप में कार्य किया।

### शक्तिपीठ में माता का हुआ हरितांबर श्रंगार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नंदना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र के छठे दिन शनिवार को मां स्कंदमाता का हरितांबर श्रृंगार किया गया। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी इनकी आराधना से भक्त को मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है। मां अपनी कृपा से धन-समृद्धि, विद्या और शक्ति प्रदान करती हैं। सभी रोग-शोक दूर कर घर में शांति और सौभाग्य लाती हैं। बाद में आचार्य धनंजय पांडेय ने पिंडी पूजन के बाद हवन किया। जिसमे काफी संख्या श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### निकायकर्मी की आमसभा में एकजुट हुए कर्मचारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में अयोध्या नगर निगम में विनय बाघमार के नेतृत्व में एक आमसभा संपन्न हुई। जिसमें अयोध्या नगर निगम उत्तर प्रदेशीय सफ़ाई मजदूर संघ ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। महासंघ ने नगर निगम अयोध्या इकाई का गठन करते हुए विनय बाघमार को नगर निगम कर्मचारी संघ अयोध्या इकाई का अध्यक्ष एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महासंघ का मनोनीत किया गया तथा राकेश तिवारी को अयोध्या इकाई का महामंत्री मनोनीत किया गया उसी के साथ 31 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन किया गया। अयोध्या नगर निगम में भारी संख्या के आमसभा हुई जिसमें महासंघ के पूर्व प्रेषित 13 सूत्रीय मांगों का प्रदेश सरकार एवं शासन द्वारा कोई समाधान न किए जाने के विरोध स्वरूप महासंघ प्रदेश व्यापी जन जागरण बैठकों के क्रम में आज अयोध्या नगर निगम में गोरखपुर, आरती सिंह गाजियाबाद राकेश अग्निहोत्री कानपुर रमाकांत मिश्रा मुन्ना हजारिया, नीलू निगम, नरेंद्र खन्ना, रामगोपाल चौधरी लखनऊ से प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा, गोमती त्रिवेदी, आनंद मिश्रा, हरिशंकर पांडे, नितिन त्रिवेदी, आरपी सिंह, आकाश गुप्ता, मनोज वर्मा, संजय चंद्रा, विजय यादव, रामकुमार रावत, राकेश तिवारी, सतीश, मोहम्मद हनीफ़ वाराणसी से रविंद्र उपाध्याय, अखिलेश सिंह आदि प्रदेश के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**तत्कालीन थाना प्रभारी गीता द्विवेदी की बेहतरीन विवेचना के चलते जेल गए तीनों हत्यारोपी**

# तीन हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**▸ न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को तीस-तीस हजार का जुर्माना लगाया**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से सटे जनपद बाराबंकी में ऑपरेशन कन्वेंकशन के तहत पुलिस की न्यायालय में बेहतरीन पैरवी के चलते तीन हत्यारोपी अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए तीनो के खिलाफ तीस-तीस हजार का रुपयों का जुर्माना भी लगाया है ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 03-08-2024 को बाराबंकी की जहांगीराबाद पुलिस को वादी मुरारी लाल द्वारा सूचना मिली तीन अभियुक्तों राकेश कुमार, नागेंद्र कुमार वर्मा व सतीश उपाध्याय द्वारा उसके पुत्र आंनद कुमार नामक की लोहे की रॉड से पीट पीट कर हत्या कर दी है तथा उसके शव को नाले में फेंक कर फरार हो गए है।

वही घटना की सूचना मिलते ही जहांगीराबाद थाने पर तैनात तत्कालीन तेज तर्रार प्रभारी निरीक्षक गीता द्विवेदी के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हत्या का मुकदमा बीएनएस की धारा मु0अ0स0 2024/24 - 103 (1) व 351 (3) के अंतर्गत दर्ज कर घटना की पड़ताल करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तीनो हत्यारो को गिरफ्तार कर लिया तथा उन्हें जेल भेजकर त्वरित रूप से आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप महज एक वर्ष में ही बाराबंकी पुलिस की न्यायालय में शानदार पैरवी के चलते ऑपरेशन कन्वेंकशन के तहत तीनों हत्यारोपी अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सज़ा सुनाते हुए तीनों के खिलाफ तीस-तीस हजार का रुपयों का जुर्माना भी लगाया है, आरोपियों के खिलाफ न्यायालय की इस बड़ी कार्रवाई से निश्चित ही पुलिस का मनोबल बढ़ा है साथ ही आमजनमानस का भी भी पुलिस के प्रति विश्वास और भी प्रगाढ़ होता है, इस बड़े सराहनीय कार्य की सूत्रधार रही तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक जहांगीराबाद गीता द्विवेदी की इस बेहतरीन विवेचना की चर्चाएं समूचे पुलिस विभाग में जोरो शोरो से हो रही है कि कैसे कुछ ही समय मे गीता द्विवेदी द्वारा तीनो आरोपियों को पकड़कर ना सिर्फ जेल भेजा बल्कि उनके द्वारा की गई विवेचना और आरोप पत्र को समय रहते ही न्यायालय में दाखिल भी किया गए जिसके चलते आज मृतक के परिजनों को इंसाफ मिल गया तथा तीनों हत्यारों को न्यायालय ने आजीवन कारावास से दण्डित भी किया।

# मिशन शक्ति 5 : दो छात्राएं बनी एक दिन की थानेदार व एसीपी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की प्रेरणा में मिशन शक्ति फेज पांच के तहत हजरतगंज थाना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं को पुलिस व्यवस्था से परिचित कराने एवं उनके मन से पुलिस का भय हटाने, साथ ही उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजभवन स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी नव्या गुप्ता को एक दिन के लिए थाना हजरतगंज का प्रभारी और कुमारी परिधि चौहान को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) हजरतगंज नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज, थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं के साथ मिशन शक्ति रैली निकाली गई। इस दौरान बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1090, डायल 112, साइबर क्राइम 1930), गुड टच-बैड टच, यूपी कॉप एप एवं महिला हेल्प डेस्क आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आत्मनिर्भर एवं सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को थाना हजरतगंज स्थित महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र का भ्रमण कराया गया।

# ड्युरोफ्लेक्स ने लखनऊ पर लगाया दांव, एक ही दिन में खोले दो नए स्टोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली द्वारा समर्थित स्लीप सोल्युशन्स ब्राण्ड ड्युरोफ्लेक्स ने आज लखनऊ के गोमतीनगर और आशियाना में दो नए स्टोर लॉन्च किए।

एक साथ दो स्टोर्स की ओपनिंग उत्तर भारत के तेजी से विकसित होते स्लीप वैलनैस मार्केट में ब्राण्ड के विस्तार में उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके साथ देश भर में ब्राण्ड के रीटेल स्टोर्स की संख्या 80 तक पहुंच गई है। यह लॉन्च लखनऊ को एक महत्वपूर्ण हब के रूप में स्थापित करेगा, क्योंकि ड्यूरोफ्लेक्स क्षेत्र में अपनी ओमनीचैनल योजनाओं को सशक्त बना रहा है। स्टार क्रिकेटर जहां भी जाते हैं, ड्युरोफ्लेक्स के मैट्रेस (गद्दे) इस्तेमाल करते हैं, पहले 100 उपभोक्ताओं को ब्राण्ड अम्बेसडर विराट कोहली से जुड़े कुछ सवालों के जवाब देकर एक मुफ्त मैट्रेस जीतने का मौका मिलेगा। श्रीधर बालाकृष्णनन, ग्रुप सीईओ, ड्युरोफ्लेक्स ने कहा कि लखनऊ उत्तर भारत के जीवंत वं तेज़ी से विकसित होते सांस्कृतिक केन्द्रों में से एक है। दो स्टोर्स के लॉन्च के द्वारा हम उपभोक्ताओं के साथ गहराई से जुड़ना चाहते हैं। अपने नए ड्युरोफ्लेक्स एक्सपीरिएंस स्टोर्स और न्यूमा मैट्रेस एवं वेव काइनेक्ट जैसे इनोवेशन्स के साथ हम लखनऊ को बताना चाहते हैं कि कैसे अच्छी नींद आपके रोज़मर्रा के जीवन में बदलाव ला सकती है।

### रसूलाबाद नगर ग्राम पंचायत को नगर निगम ने लिया गोद

**लखनऊ।** स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को साकार करने और ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छता की दिशा में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ ने रसूलाबाद नगर ग्राम पंचायत को गोद लिया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत को मेंटर करते हुए उसे स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग दिलाने के लिए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करना है। नगर निगम द्वारा शीघ्र ही एक समग्र ऐक्शन प्लान तैयार कर ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत पंचायत क्षेत्र की सभी स्वच्छता संबंधी गैप्स (कमियों) की पहचान कर उन्हें दूर करने के ठोस उपाय किए जाएंगे। इसके लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी जो ग्राम पंचायत के साथ मिलकर काम करेगी।

# यूपी की विकास यात्रा में हमेशा प्रमुख स्तंभ रहा पर्यटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/आगरा।** उत्तर प्रदेश ने राज्यभर में विश्व पर्यटन दिवस 2025 बड़े उत्साह के साथ मनाया, जिसमें शहर और गांव के लोग 'पर्यटन और सतत् परिवर्तन' के वैश्विक विषय के तहत एकजुट हुए।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आगरा में उच्चीकृत क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के पर्यटन सूचना केंद्र का लोकार्पण किया। छात्रों के समूहों को इको, हेरिटेज और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए रवाना किया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में पर्यटन हमेशा ही एक प्रमुख स्तंभ रहा है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जब हम सतत् परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं,



हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। हमें पर्यटन को ऐसा समावेशी बनाना है जो समुदाय आधारित हो और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हो। हर नई पहल हमें विकसित भारत, 2047 के सपनों के और करीब ले जाती है, जहां उत्तर प्रदेश एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में चमकता दिखाई देगा।पर्यटन मंत्री ने कहा कि आगरा में आयोजित समारोह उत्सवपूर्ण रहा। कार्यक्रम में राज्यभर से आए हितधारक, छात्र और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों की उपस्थित ने इसे और खास बनाया। क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय समुदायों के लिए नई संभावनाओं और आगंतुकों के लिए बेहतर सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। छात्रों के पर्यटन कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, पारिस्थितिक और आध्यात्मिक विविधता को युवाओं के माध्यम से प्रचारित करने के प्रतीक रूप में किया गया। इस अवसर पर पर्यटन उद्योग के प्रमुख हितधारकों, जिनमें होटल संचालक, टूर ऑपरेटर और प्रतिनिधि शामिल थे। समारोह का समापन अधिकारियों, समुदायिक नेताओं और प्रतिभागियों के साथ आयोजित लंच से हुआ, जिसने पर्यटन को लोगों को जोड़ने और आपसी समझ का सेतु बनाने वाले एक प्रभावशाली मंच के रूप में प्रस्तुत किया।

# भारतीय सेना ने लैंसडाउन में आयोजित की संगोष्ठी अंतर्निर्मित जड़ें : साझा भारत-तिब्बती विरासत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन के सुरजन सिंह ऑडिटोरियम में भारतीय सेना की मध्य कमान ने अंतर्निर्मित जड़ें : साझा भारत-तिब्बती विरासतविषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया।




इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक, शिक्षाविद और रणनीति से जुड़े विशेषज्ञ मौजूद रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य भारत और तिब्बत के बीच सदियों से चले आ रहे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को समझना और आज के दौर में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा करना। खासतौर से गढ़वाल और उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती इलाकों की बात करें, तो यहां की संस्कृति तिब्बत से हमेशा जुड़ी रही है। प्राचीन व्यापार मार्ग जैसे निति, माना और लामखागा न केवल व्यापार के लिए, बल्कि तीर्थ और सांस्कृतिक संवाद के लिए भी बेहद अहम थे। मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य कमान ने अपने संबोधन में कहा कि सैन्य तैयारी के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समझ भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी सुरक्षा की रणनीति को हमारी सभ्यता और विरासत के साथ जोड़कर देखने की जरूरत है। संगोष्ठी में अलग-अलग सत्रों में कई अहम मुद्दों पर बात हुई- जैसे पारंपरिक सीमाओं की अवधारणा, भारत-तिब्बत के बीच बौद्ध संस्कृति और कला का प्रभाव, और 1960 के बाद पहाड़ी समाज में हुए बदलाव। पैनल चर्चा में चीन की बढ़ती रणनीतिक गतिविधियों, तिब्बत की पर्यावरणीय स्थिति, और भारत-चीन रिश्तों के भविष्य पर भी विचार किया गया।

### राशिकरण के संबंध में शासन के दुर्भाग्यपूर्ण पेंशनर्स

**लखनऊ ।** सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश की तरफ से कहा गया कि राशिकरण की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 11 माह में करने की पेन्शनरों की मांग को हर स्तर से स्वीकृत किया गया था। उच्च न्यायालय ने भी पेन्शनरों की हजारों याचिकाओ पर शासन को सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने के निर्देश दिए थे और यह मानते हुए कि 10 वर्ष 11 माह की अवधि उचित है, कटौती पर स्टे भी दिए कि पेन्शनर की आर्थिक हानि रुक जाए। शासन ने 25 सितंबर को जो आदेश निर्गत किए है संघ उसकी निन्दा करता है तथा संघ के सदस्यो मे इस आदेश से आक्रोश भी है। वित्त विभाग के 25 सितंबर 2025 के आदेश पर पुनर्विचार कर पेन्शनरों को न्याय प्रदान करने का अनुरोध किया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत विकास नगर पुलिस ने चलाया अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एसीपी गाज़ीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना विकास नगर आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मिशन शक्ति के तहत स्कूल में जाकर छात्राओं को जागरूक किया गया।

उ.नि. अंजली राय द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम उ.नि. रामकुमार यादव, म.आ. शिवानी, म.आ. अर्चना तथा आ. अवध किशोर के साथ थाना विकासनगर क्षेत्र में जीजीआईसी स्कूल में जाकर छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनने हेतु प्रेरित करते हुए, मुख्य हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1930 आदि की जानकारी दी गई तथा



साइबर सुरक्षा हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करते हुए cybercrime.gov.in वेबसाइट के बारे में बताया गया। स्कूल में मिशन शक्ति मंच का गठन किया गया, जिसमें स्कूल की छात्राओं को नामित किया गया।

### बैकुठ धाम में संस्थान में हुआ पौधारोपण

**लखनऊ।** कोरोना काल से संत श्री सोमवारी महाराज सेवा संस्थान द्वारा बैकुठ धाम में लगातार सेवा भाव के साथ विभिन्न जरूरत की सामग्री का दान करने के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इनके प्रयास से कई अन्य संस्थाओं द्वारा भी कई तरह के योगदान दिये जा रहे है। इस कड़ी में आज संस्थान द्वार पचास से अधिक पौधरोपण ऐसी जगह पर किया गया जहाँ पर्याप्त पानी और बिना किसी पशु नुकसान के पौध आराम से वृक्ष का रूप ले लेगें।संत श्री सोमवारी महाराज सेवा संस्थान द्वारा बैकुंठ धाम में निस्वार्थ भाव से किए जा रहे कार्यो की कड़ी में में आज संस्थान के डायरेक्टर एस.एन. सिंह के नेतृत्व में सहयोगी साथियों के साथ शमशान घाट बैकुंठ धाम में 51 पेड़ लगाएं गए।

**क्रियान्वयन**

**बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप उपलब्ध होंगी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं : शर्मा**

# उत्तर प्रदेश के नगरों को वैश्विक बनाने की मुहिम हुई तेज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट बैठक में नगरीय निकायों को जनसंख्या के आधार पर नई श्रेणियां में वर्गीकृत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जनसुविधा एवं सेवाएं उपलब्ध कराना है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। नगर निगमों के वर्गीकरण के अंतर्गत 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निगमों लखनऊ, कानपुर नगर, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज को प्रथम श्रेणी में रखा गया है। 10 लाख से अधिक एवं 20 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगम मेरठ, गोरखपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, मथुराद् वृंदावन, अयोध्या द्वितीय श्रेणी में रखे गए हैं तथा 10 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगम झांसी,सहारनपुर, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर को तृतीय श्रेणी में शामिल किया गया है। अयोध्या और मथुरा वृंदावन में आने वाली फ्लोटिंग जनसंख्या को देखते हुए इन शहरों को श्रेणी 2 में रखा गया है। नगर पालिका परिषदों के वर्गीकरण के अंतर्गत तीन लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं को प्रथम श्रेणी में रखा गया है।

जिला मुख्यालय में स्थित नगर पालिकाओं को द्वितीय श्रेणी में रखा गया है शेष सभी नगर पालिकाओं को तृतीय श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

**अनेक नई योजनाओं की शुरुआत की गई**

नगर विकास मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जी-20 के कार्यक्रमों के तुरंत बाद, लगभग दो वर्ष पहले हमने प्रदेश के नगरों को वैश्विक नगर बनाने की बात किया था। इसका तात्पर्य था अपने नगरों को वैश्विक स्वरूप देना और नगरीय जीवन की गुणवत्ता की दृष्टि से प्रतिस्पर्धा में लाना। इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए, जिसमें सबसे प्रमुख था दैनिक सफाई के प्रति सजगता और सुंदरीकरण के लिए प्रतिबद्धता। अनेक नई योजनाओं की शुरुआत की गई जैसे वैश्विक नगर योजना, सीएम ग्रिड योजना, स्टॉर्म वाटर की योजना, उपवन योजना, नए निकायों की योजना। इतना ही नहीं विभिन्न सामाजिक समूहों के लिए भी विशेष योजनाएं चलाई गईं जैसे वृद्धों के लिए शेल्टर होम, बच्चों की आंगनवाड़ी की मरम्मत, खिलाड़ियों और आवारा कुत्तों के लिए इत्यादि।

बढ़ते हुए शहरीकरण एवं शहरी निकायों की बढ़ती हुई संख्या के दृष्टिगत यह भी आवश्यक हो रहा था कि विभाग के प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक और अद्यतन किया जाए, इसलिए कई दशकों के बाद और व्यापक विचार-विमर्श की लगभग एक वर्ष की प्रक्रिया के बाद हमने प्रशासनिक ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन का एक प्रस्ताव बनाया।

# बदलता बेसिक : कोडिंग व एआई से अपडेटेड होंगे सरकारी स्कूलों के बच्चे

समृद्धि न्यूज









**बहराइच।** ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने तकनीकी शिक्षा की नवीन पहल के तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में प्रदेश के 750 विज्ञान शिक्षकों को डिजिटल साक्षरता, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में प्रशिक्षित कर छात्रों को इन विषयों में निपुण करने की शुरुआत की है।

बीते आठ से बारह सितम्बर तक आईआईटी कानपुर में सम्पन्न पहले बैच के प्रशिक्षण में बहराइच जिले से पांच विज्ञान शिक्षकों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) उप्र व आईआईटी कानपुर के तत्वावधान में डीएलसीसीएआई कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप डिजाइन किया गया है। पांच दिवसीय ऑफ़लाइन प्रशिक्षण के बाद अब 49 दिन का ऑनलाइन प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे कैसरगंज के पीएमश्री उप्रा विद्यालय पवही के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात शुक्ल ने बच्चो से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में छात्रों को कोडिंग और डिजिटल टूल्स व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया गया। बच्चों में कुछ नया सीखने का उत्साह देखने को मिला। मेरे लिए भी यह प्रशिक्षण ज्ञानवर्धक रहा। तकनीकी शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ बच्चों के भविष्य में बहुत काम आयेगी।

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सरकारी विद्यालयों में कम्प्यूटर की पढ़ाई मील का पत्थर साबित होगी। कोडिंग लैंग्वेज पायथन एचटीएमएल से जुड़ी मूलभूत जानकारी से बच्चों में प्रोग्रामिंग की बेसिक समझ विकसित होगी, जो उनकी उच्च शिक्षा में मददगार होगा।
**अर्चना पांडेय, विज्ञान शिक्षक, पीएमश्री उप्रा विद्यालय भौली**

प्रशिक्षण ने हमें पारंपरिक पद्धति से आगे बढ़कर डिजिटल माध्यम अपनाने की प्रेरणा दी। हमने गूगल क्लास रूम और स्क्रैच जैसे टूल्स का इस्तेमाल सीखा, जिन्हें अब बच्चों को सिखायेंगे। कक्षा छह, सात व आठ के बच्चों को आधुनिक डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जा सकेगा। **प्रभात शुक्ल, विज्ञान शिक्षक, पीएमश्री उप्रा विद्यालय पवही**

हमने पावरपॉइंट और एक्सेल जैसे टूल्स का बेहतर उपयोग सीखा। हम इन कंटेंट्स के माध्यम से बच्चों को कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा दे पाएंगे। **– लोकेश श्रीवास्तव, विज्ञान शिक्षक, उप्रा विद्यालय सोनबरसा**

आईआईटी कानपुर में मिला प्रशिक्षण बेहद ख़ास रहा। अब हम कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को कंप्यूटर साक्षरता, कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गुणवत्तापूर्ण तरीके से सिखा पाएंगे। **– सुनील सोनी विज्ञान शिक्षक, उप्रा विद्यालय शाहपुर रसूलपुर**

# आठवीं की छात्रा प्रियंका सिंह बनी एक दिन के लिए थाना प्रभारी नानपारा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानपारा राजनाथ सिंह एवं मिशन शक्ति टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक ममता सिंह यादव की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी विद्यालय नानपारा के कक्षा 8वीं की छात्रा प्रियंका सिंह को थाना कोतवाली नानपारा का एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया।

थाना प्रभारी बनकर प्रियंका सिंह द्वारा थाने पर उपस्थित होकर जनसुनवाई किया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाँच/आवश्यक कार्यवाही के लिए अधीनस्थों को आदेशित किया। इसके छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली, एफआईआर पंजीकरण की प्रक्रिया, महिला अपराधों से सम्बंधित कानूनी प्रावधान तथा 1090, 1930 व 112 डायल सेवा की जानकारी दी। आश्वस्त किया कि महिलाएँ एवं छात्राएँ निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं और पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं/बालिकाओं में अपने जीवन में ऊंची उड़ान भरने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना है, जिससे वह समाज में एक सशक्त नारी शक्ति बनकर समाज के साथ समान हिस्सेदारी से मिलकर विकसित समाज बनाती हैं। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

## खबरें एक नजर में

### निशा रावण व नेहा बनीं राम तो झूम उठीं छात्राएं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** श्रम विभाग द्वारा संचालिका आवासीय बालिका विहान विद्यालय में शनिवार को छात्राओं ने दशहरा पर्व मनाया। भगवान राम व रावण बनीं छात्राओं के बीच युद्ध हुआ। अन्य छात्राओं ने उत्साहवर्धन किया। शहर के हुजूरपुर मार्ग पर श्रम विभाग की ओर से आवासीय बालिका विहान विद्यालय में दशहरा पर्व मनाया गया। वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि विद्यालय की छात्रा निशा रावण, महिमा हनुमान, भगवान राम नेहा, लक्ष्मण मीनाक्षी व छात्रा अनुप्रिया सीता बनी। इसके बाद सीता स्वयंवर, भगवान राम व रावण के मध्य युद्ध का मंचन किया गया। अन्य कार्यक्रम छात्राओं द्वारा आयोजित किए गए। इसके बाद वार्डन ने छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षिका निधि मिश्रा, भू रत्न प्रभा, प्रिया श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज में एमटीपी प्रशिक्षण सम्पन्न

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज बहराइच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के मिशन निदेशक के निर्देश और प्रधानाचार्य डॉ. प्रोफेसर संजय खत्री के मार्गदर्शन में एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में श्रावस्ती, बलरामपुर और गोंडा जनपदों से आए चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत अब ये चिकित्सक अपने-अपने तैनाती स्थलों पर जाकर मरीजों को एमटीपी की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराएंगे। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. ममता बसंत और डॉ. मंत देव उपस्थित रहे, जबकि मीडिया प्रभारी एवं चिकित्सालय प्रबंधक रिजवान ने भी सहभागिता की।

### गणित ओलंपियाड में 63 छात्रों ने लिया भाग

**रेहराबाजार, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन के मंशानुरूप गणित ओलपियाड एवं गणित प्रदर्शनी प्रतियोगी परीक्षा प्राथमिक बिद्धालय रेहरा मे कराया गया, शिक्षा क्षेत्र के 56 उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट बिद्वालयों के 63 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया प्रातः 10:30 से 1:00 तक प्रतियोगिता चला। सफल छात्र--छात्राओं की सूची जिले पर प्रेषित किया जायेगा, परीक्षक श्रीराम कमाल अहमद तूलिका सिंह गिरीश मौर्या आदि मौजूद रहे परीक्षार्थियों के अभिभावक के रूप में विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक सकुशल हुई सम्पन्न

- नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया प्रधानाध्यापकों की समीक्षा, बैठक को किया संबोधित

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** शनिवार को विकास खण्ड चित्तौरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय डीहा में चित्तौरा ब्लाक के सभी प्रधानाध्यापको/प्रभारी प्रधानाध्यापको की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार जैन ने अपने संबोधन में उपस्थित समस्त प्रधानाध्यापको को शासन की मंशानुसार समय समस्त प्रकार के मिलने वाली सुविधाएं 06 से 14 आयु वर्ग के समस्त बच्चो को शिक्षा अवश्य प्रदान की जाय।

परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत समस्त बच्चों को टीएलएम आधारित रोचक शिक्षण कार्य सम्पूर्ण गुणवत्तापूर्ण प्रदान करना है। कुछ कमजोर बच्चो को उपचारात्मक शिक्षण भी प्रदान किया जाय। यदि आपके द्वारा रोचक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे तो आपके द्वारा बताई गई कुछ आवश्यक समस्याओं का निदान भी प्रमुखता के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर विद्या विलास पाठक, भूपेंद्र श्रीवास्तव, विशेश्वर सिंह, विनोद कुमार त्रिपाठी, अंजलि शुक्ला, सूर्य कुमार पांडेय, आशीष कुमार, दिलीप कुमार पांडेय, अजय कुमार, नदीम अहमद, रंजना वर्मा-एजुकेटर, कुमार अभय, सुरेश कुमार यादव एआरपी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थिति रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज में चलाया सफाई अभियान



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं शिप्रा तिवारी, दिव्या सिंह, साक्षी सोनी, श्रेया साहू, गुंजन देवी नीलम सिंह, मिथुन ,राहुल कुमार और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दिव्य दर्शन तिवारी एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उपरोक्त कार्यक्रम में प्राचार्य ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी को बताया कि स्वच्छता ही जीवन है और सभी को अपने आस पास, अपने घर की साफ सफाई रखने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने सफाई न रखने पर होने वाले बीमारियों व दुष्परिणामों से सभी को जागरूक किया और सभी को स्वच्छता रखने की शपथ दिलायी। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ सुभाष चंद्र, डॉ दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, डेविड कुमार पाण्डेय, सुबी खान, उमेश कुमार वर्मा, शिवम टंडन, आशीष श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल में घुसकर शिक्षिका से मारपीट, रजिस्टर फाड़ा, मुकदमा दर्ज

**गोंडा।** नवाबगंज के हरिवंशपुर कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को पढ़ा रही एक शिक्षिका के साथ उस समय गंभीर घटना घट गई जब गांव केविवाद को लेकर दो लोगों ने विद्यालय परिसर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, और विद्यालय का रजिस्टर फाड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है अयोध्या जिले के लवकुश नगर नया घाट निवासी शिक्षिका सुधा देवी ने बताया कि वह हरिवंशपुर कंपोजिट विद्यालय में तैनात हैं। शुक्रवार को करीब ग्यारह बजे वह बच्चों को पढ़ा रही थीं, तभी बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी पत्नी रामनारायण और दीनानाथ विद्यालय में आ धमके। शिक्षिका के अनुसार, दोनों लोग किसी पुराने गांव के विवाद को लेकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लात-घूंसे से मारपीट की और मेज पर रखा विद्यालय का रजिस्टर फाड़ दिया।

# सीएमओ ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण




समृद्धि न्यूज

**उतरौला (बलरामपुर)।** महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने तथा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने इमलिया बनघुसरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवेंद्रमणी त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान डॉ. रस्तोगी ने चल रहे स्वास्थ्य अभियानों की विस्तार से समीक्षा की और वहां कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति और स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार जैसे कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं, किशोरियों और गर्भवती माताओं के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य न केवल उपचार बल्कि जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इस मौके पर स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी कार्यवाही देखी गई। 64 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर लेवल आदि की जांच शामिल थी। 8 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी।

# खुलासा : लड़की ने ही रची थी अपहरण की झूठी साजिश

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** इटिया थोक थाना पर शमीम बानो पत्नी स्व0 हसन मोहम्मद निवासी खरिहा बेलभरिया सूचना दी कि उसकी लड़की सबीहा अंसारी उम्र करीब 21 वर्ष जो कि गाँव की ही मुस्लिम इंटर कॉलेज में पढ़ाती है वह बीते 25।सितंबर को स्कूल से छुट्टी लेकर अपने घर वापस आई तथा किसी काम सदाशिव चौराहा बताकर गयी उसके बाद दोपहर में समय करीब दो बजे लड़की के मोबाइल से शम्सुद्दीन के मोबाइल पर होने वाले ससुर साबिया को सूचना प्राप्त हुई कि सबीहा का अपहरण कर लिया गया है। जिस का मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटना को खुलासा करने के लिए टीम का गठन किया। एसओजी/सर्विलांस टीम को भी अपहृता की सकुशल बरामदगी हेतु लगाया गया। टेक्निकल व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर अपहृता (सबीहा) को कर्नलगंज तिराहा, कर्नलगंज से बरामद कर लिया गया। सबीहा ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसके घरवालों ने जिस लड़के से उसकी शादी तय की थी वह उसके साथ शादी नहीं करना चाह रही थी, जिसके बारे में घर वालों को पूर्व में बताया भी था, लेकिन घर वालों के द्वारा लगातार शादी के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

जिससे परेशान हो कर कुछ दिन पहले अपने घर पर अपने मुँह में रंग पोत कर चोटिल होने की बनावटी फोटो खींचकर रखी थी। घर से बहाना बनाकर सदाशिव चौराहा गई वहाँ से बस पकड़कर इटियाथोक - गोण्डा होते हुए लखनऊ पहुँच गई इसी दौरान रास्ते में ही अपने मोबाइल से शम्सुद्दीन (होने वाले ससुर) को पूर्व में ली गई बनावटी फोटो सहित धमकी देते हुए अपहरण कि घटना की साजिश रची।

### पेशी से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**गोंडा।** क्षेत्र के साकीपुर गाँव के एक व्यक्ति की ब्रहस्पतिवार की शाम घर लौटते वक्त अज्ञात वाहन की चपेट में आने से इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह पेशी के लिए जिला न्यायालय अपनी मोटरसाईकिल से गया हुआ था। घटना की जानकारी होने के बाद घर में कोहराम मच गया। साकीपुर गाँव के मजरे डीहा निवासी वशिष्ठ सिंह ने बताया कि उनका बड़ा बेटा रामचंदर सिंह (35) ब्रहस्पतिवार को गोंडा न्यायालय पेशी पर गया हुआ था। लौटते वक्त शाम को हो गयी। वह रास्ता भटक कर बहराइच रोड की तरफ चला गया, जहाँ सोनी गुमटी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने निकट अस्पताल पहुँचाया लेकिन उसकी मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस के माध्यम से उन्हें जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि दो बेटों में यह बड़ा था। इसकी शादी गोरखपुर में अर्चना से हुई थी। किन्तु कुछ समय से दोनों के बीच विवाद से ओ बेटे विराट (11) को लेकर मायके रहने लगी और बड़ी बेटी पारुल (15) जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है पिता के साथ यहां रहती है।

# सभी विकासखण्डों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने निकाली मिशन शक्ति यात्रा







समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** डीसी एनआरएलएम जेएन राव ने बताया है कि जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के 16 विकासखण्डों में हजारों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मिशन शक्ति यात्रा निकाली गयी, तथा सामूहिक रूप से सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

मिशन शक्ति 5.0 यात्रा में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन की विद्युत सखी, समूह सखी, सूर्य सखी, कृषि आजीविका सखी, बैंक सखी आदि व समूह की सदस्य विकासखण्ड झंझरी से किरन, कोमल, रानी, समीना, रजनी विकास खण्ड पण्डरी कृपाल से रोमन पाण्डेय, प्रिया सिंह, मीना, सुनीता, हेमावनी, कर्नलगंज विकासखण्ड से रिंकू मौर्या, अर्चना सिंह, मधु मौर्या, पुष्पा देवी, वजीरगंज से मीरा देवी, सुमन, विमला, परसपुर से सीमा, मधुलिका, सविता, अनीता, बभनजोत से विदरमती, रीता, मीना, शांती, हलधरमऊ से नंदीनी, आशा, गंगोत्री, रेखा व अन्य शामिल हुईं।

# नगर के इंदिरापुर में किया गया लायंस नेत्र चिकित्सालय व वृद्ध आश्रम का भूमि पूजन

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** लायंस क्लब गोंडा अवध के तत्वाधान में लाइंस केयर फाउंडेशन द्वारा जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन एवं लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आर सी मिश्रा की गरिमा मैं उपस्थिति में नेत्र चिकित्सालय एवं वृद्ध आश्रम का भूमि पूजन नगर के इंदिरापुर में किया गया

लायंस क्लब गोंडा अवध की सही होगी संस्था लेंस केयर फाउंडेशन का उद्देश्य स्थाई रूप से अच्छी नेत्र चिकित्सा सुविधा देना एवं वृद्ध आश्रम के माध्यम से विद्धजनों की सेवा करना है इससे पूर्व भी लायन क्लब गोंडा अवध द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य परिक्षण सिविल लगाए जाते रहे हैं एवं वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों की सेवा कार्य किया जाता रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन रिलायंस क्लब गोंडा अवध के इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखते हुए सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी को शुभकामनाएं दें एवं हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया विशिष्ट अतिथि क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉक्टर रामचंद्र मिश्रा एवं डिग्री फर्स्ट सरदार परमजीत सिंह मैं इस कार्य को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि लायंस इंटरनेशनल विश्व भर में अपने द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए ही जाना जाता है उन्होंने रिलायंस क्लब गोंडा अवध एवं लैंस केयर फाउंडेशन से इसी परिपाटी पर चलने की अपेक्षा की एवं निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम में लंच क्लब गोंडा अवध के राजेश जायसवाल आलोक सिंह अखिलेश श्रीवास्तव अनिल अग्रवाल अंतरिक्ष पांडे अविनाश तुलस्यान रॉबिन सिंधी प्रदीप भारती दिनेश मिश्रा बीपी पासवान एवं लायंस क्लब प्रेरणा की सचिन कविता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष निहारिका तुलस्यान का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ कार्यक्रम के समापन पर क्लब के अध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह एवं लैंस केयर फाउंडेशन के निर्देशक दिलीप सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### पुलिस की ढिलाई पर वकीलों का आक्रोश, कामकाज ठप करने का ऐलान

**उतरौला (बलरामपुर)।** अधिवक्ता संघ उतरौला की एक बैठक शनिवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संघ भवन में सम्पन्न हुई बैठक में अधिवक्ता परिवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न करने व अधिवक्ता की एफ आई आर न दर्ज होने से वकीलों में रोष व्याप्त है। बैठक में तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार की चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अधिवक्तागण न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं करेंगे।बैठक में अधिवक्ताओं को जानकारी देते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव चतुर्वेदी ने बताया कि अधिवक्ता परिवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया परन्तु वकील के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुकदमा न लिखकर पुलिस द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है। बैठक में पूर्व महामंत्री इजहारुल हसन ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की और अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।

# रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीण परेशान

- जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल

**रेहरा बाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**





थाना क्षेत्र रेहरा बाजार की ग्राम सभा बैरिया सुर्जनपुर के मजरे बसाहवा में रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीण परशुराम, राम सवेरे और राम मिलन ने जिलाधिकारी बलरामपुर, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, उपजिलाधिकारी उतरौला सहित थाना दिवस और थाना रेहरा बाजार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीण परशुराम ने बताया कि वर्ष 2017 में नायब तहसीलदार, राजस्व टीम, लेखपाल और पुलिस फोर्स की मौजूदगी में गाटा संख्या 904 का सीमांकन किया गया था। उस दौरान विपक्षी शोभाराम व कर्ताराम की उपस्थिति में दस कड़ी चौड़ा रास्ता ग्रामीणों के लिए छोड़ा गया था। लेकिन अब आठ साल बाद विपक्षियों ने दीवार खड़ी कर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया है। वहीं, राम सवेरे का कहना है कि रास्ता बंद होने से लगभग 30 घरों का आवागमन प्रभावित हो गया है। मजबूरी में ग्रामीण गन्ने के खेतों से होकर अपने घरों तक आ-जा रहे हैं, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राम मिलन ने बताया कि इस समस्या से जिले से लेकर तहसील स्तर तक के अधिकारियों और स्थानीय विधायक तक को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। आठ सालों से जिस रास्ते से ग्रामीण आवागमन कर रहे थे, उसे दबंगई और राजनीतिक संरक्षण के बल पर बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब छोटे-छोटे बच्चों को भी गन्ने के खेतों से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें जहरीले जीव-जंतुओं के काटने का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर उन्हें राहत दिलाई जाए।

# डीएम-एसपी ने मिशन शक्ति का संदेश घर-घर पहुंचाने के लिए किया प्रेरित

▸ डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण का दिया निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भदोखर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए।

डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी



शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदोखर की मीना मंच की बालिकाओं को भदोखर थाने का भ्रमण कराया गया जिसमें महिला हेल्प डेस्क प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा द्वारा एफ0आई0आर0 कराने तथा हेल्पलाइन नंबर और महिला हेल्प डेस्क के कार्यों के बारे में बालिकाओं को विधिवत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिकाओं से मिशन शक्ति बारे में चर्चा की और गांव-गांव घर-घर तक मिशन शक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एस.एस पाण्डेय प्रभारी मीना मंच द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, सीओ अरुण कुमार नौहवार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इरफाना काजमी, सहयोगी प्रतिभा सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मिशन शक्ति फेज-5 में छात्राओं को मिली कानून व आत्मरक्षा की जानकारी



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर चल रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बछरावां में छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सरकार के महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे -1090 वीमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्डलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को कानूनी अधिकारों और आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) के तरीकों के बारे में बताया गया, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। साथ ही साथ उन्हे मिशन शक्ति के उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के विषय में भी जानकारी दी गई और छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की भी सलाह दी गई। इस मौके पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी व विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### सांप के डंसने से महिला की मौत

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के दौतरा ग्राम पंचायत में सांप के डसने से 60 वर्ष की महिला की मौत हो गई। महिला के देवर राम अवतार सिंह ने बताया की मेरी भाभी सुबह 6:00 बजे उपले (कड़ा ) निकाल रही थी मोहन देई पत्नी संतलाल उम्र लगभग 60 वर्ष तभी एक काला सांप वहां पर बैठा था जिसने डंस लिया घरेलू उपचार के तहत उन्हें नीम की पत्तियां खिलाई गई लेकिन फिर भी आराम नहीं मिला तो आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावां लेकर जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। और बंगाली को बुलाया गया बंगाली ने घर से एक काला सांप निकला है तथा उस डिब्बे में रख दिया गया है। दौतरा ग्राम प्रधान मोनू पासी ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### ट्रक-डीसीएम की टक्कर में चालक गंभीर रूप से घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खड़े ट्रक में पीछे से टकराया अनियंत्रित तेज रफ्तार डीसीएम, परखच्चे उड़ने के साथ-साथ चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है। बीते शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि 2:00 बजे के आसपास लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीठन के नजदीक हाईवे के किनारे एक ट्रक खड़ा हुआ था। जिसमे पीछे से आ रहे अनियंत्रित डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। डीसीएम की टक्कर बाई तरफ होने से पूरे केबिन समेत अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए, तो वहीं चालक घायल हो गया और केबिन में बुरी तरह फस गया। आसपास मौजूद लोगों ने चालक को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और नजदीक स्थित एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करवाया गया। जानकारी प्राप्त हुई है, कि घायल डीसीएम चालक मेडीलाल पुत्र राम भरोसे निवासी एटा, जनपद अलीगढ़ से प्लास्टिक की पाइप लादकर प्रयागराज मार्ग होते हुए लखनऊ की तरफ से रायबरेली की तरफ जा रहा था। तभी उसकी हाईवे के किनारे खड़े हुए ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के बाद खड़ा हुआ ट्रक चालक लेकर मौके से फरार हो गया।

### स्टेशन से बाइक चोरी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ जंक्शन पर पुराने टिकट घर के पास अपनी बाइक खड़ी कर काम करने गए रेलवे कर्मचारी की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी इसकी जानकारी पीड़ित ने डलमऊ पुलिस को दी पुलिस ने काफी जांच पड़ताल की लेकिन बाइक नहीं मिल सकी। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के खैरानी मजरे दीपेमऊ गांव निवासी उपेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र बहादुर सिंह डलमऊ रेलवे स्टेशन पर एसएनटी विभाग टेलीकॉम में फोन मेंटेनर के पद पर कार्यरत है शुक्रवार को सुबह लगभग 9:30 बजे बाइक से ड्यूटी करने के लिए डलमऊ स्टेशन पर आया और बाइक पुरानी टिकट खिड़की के पास खड़ा कर अपनी ड्यूटी करने चला गया दोपहर 2:00 के आसपास काम निपटाना के बाद वह अपनी बाइक के पास पहुंचा तो देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब है इधर-उधर पूछताछ करने और काफी खोजबीन करने के बाद जब उसकी बाइक नहीं मिली तो उसने इसकी सूचना डलमऊ पुलिस को दी मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन सफलता नहीं मिल स्की पीड़ित ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए उसने डलमऊ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया तो पुलिस ने यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि घटनास्थल उसके सीमा क्षेत्र में नहीं आता है यह जीआरपी पुलिस का मामला है इसकी शिकायत वही करो पीड़ित ने अगले दिन शनिवार को प्रार्थना पत्र लेकर जीआरपी थाना रायबरेली पहुंचा जहां पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देते हुए मामले की एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है वही जब इस संबंध में एसओ जीआरपी रायबरेली संतोष पटेल से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा कॉल स्वीकार नहीं किया गया।

### अश्लील हरकत व कमेंट करने वाला गिरफ्तार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्कूल आने जाने वाली छात्राओं एवं महिलाओं के साथ गंदे इशारे एवं कमेंट करने वाले युवक को पुलिस ने दबोच लिया और उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज 5 महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्ति व एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान अश्लील व गंदे कमेंट करने वाले युवक को डलमऊ कस्बे के जगतपुर मार्ग पर स्थित शांति मनोहर इंटर कॉलेज के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है जानकारी के मुताबिक डलमऊ कस्बे के शांति मनोहर स्कूल के पास एक युवक रास्ते पर आने जाने वाली स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं को देखकर अश्लील हरकत गंदे इशारे एवं कमेंट कर रहा था स्कूली छात्राएं एवं महिलाएं शर्म के कारण सिर झुकाकर चली जा रही थी। युवक की इस तरह की हरकत पर पुलिस की नजर पड़ी तो पुलिस ने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया पकड़ा गया युवक डलमऊ कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले का रहने वाला है पूछताछ में उसने अपना नाम शिव पटेल पुत्र उदयराज उम्र 19 वर्ष बताया। पुलिस ने अश्लील हरकत करने वाले युवक को कोतवाली डलमऊ ले गई जहां उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लापता युवक का शव बरामद

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र तिलोई अंतर्गत शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम सभा लीही के पूरे घिसई गांव निवासी चंद्रभान उम्र लगभग 40 वर्ष का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शुक्रवार सुबह घर से लकड़ी काटने निकले चंद्रभान रात को घर नहीं लौटे थे। परिजनों ने रात भर उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने झाड़ी में उनका शव देखा तो परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के शरीर, गले, पेट और पैरों पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका गहरा गई है। मृतक के भाई हरिकेश ने बताया कि चंद्रभान शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। वे लकड़ी काटने का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। ठेकेदार ने बताया कि शुक्रवार को काम खत्म करने के बाद शाम करीब 6 बजे वह घर लौटने के लिए निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। गांव में इस घटना को लेकर आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चंद्रभान की असमय मौत ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है।

### अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

**लहरपुर, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर तहसील मे विगत लगभग एक माह से अधिक समय से अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्य से विरत रहकर आंदोलन किया जा रहा है जिससे वादकारियों को उनके वाद से निस्तारण में विलम्ब हो रहा है वादकारियों को त्वरित किए जाने के लिए तहसील लहरपुर के राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की सुनवाई हेतु पुकार कराई गई एवं न्यायालयों में न्यायिक कार्य किया गया तथा सभी राजस्व न्यायालयों में शांतिपूर्ण रूप से न्यायिक कार्य संपादित किया गया इस दौरान अधिवक्ता गणों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से अपना आंदोलन गतिमान रखा। शुक्रवार से सभी राजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्य आरंभ कर दिया गया है जो प्रतिदिन कर दिवस में चलता रहेगा अपने वाद के संबंध में तहसील लहरपुर के राजस्व न्यायालयों में अगली सुनवाई के नियत तिथि पर संबंधित राजस्व न्यायालय तहसील में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित न्याय प्रदान किया जा सके।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार दो लोगों की मौत

**सीतापुर-सकरन, समृद्धि न्यूज।** सकरन थाना क्षेत्र के भिठमनी सलेमपुर के पास एक ट्रक ने सवारी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की जान चली गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब अकबरपुर से ऑटो में सवार होकर यात्री बिसवां की ओर आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।इस हादसे में 14 वर्षीय राहुल, पुत्र राम चन्द्र, निवासी मोहम्मदी पुर लहरपुर और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है । इसके अलावा इस हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों में गुड़िया, पत्नी राम चन्द्र (40 वर्ष), और राम चन्द्र, पुत्र केदारी (50 वर्ष) पल्लवी पत्नी अंकित (21 वर्ष)शामिल हैं जो मोहल्ला मोहम्मदी पुर लहरपुर के निवासी हैं। घायलों को आनन-फानन में बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## शिवाधर गर्ल्स इंटर कॉलेज मनोज कुशवाहा ने कराया पौधरोपण



▸ पेड़-पौधे प्राणियों के वास्तविक मित्र हैं : मनोज कुशवाहा

**डलमऊ/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक वृक्ष मां के नाम योजना के अंतर्गत मनोज कुमार कुशवाहा मुख्य जीवन बीमा सलाहकार भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली ने क्षेत्र के शिवाधर गर्ल्स इंटर कॉलेज लोदीपुर उतरावां में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एवं मास्टरमाइंड क्लासेस के संचालक मोहम्मद जीशान ने कहा पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है धरती पर पेड़ और पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवर की अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। आयोजक मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा ÷पेड़ पौधे प्राणियों का वास्तविक मित्र हैं यही कारण है कि हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाने और उनकी पूजा पर जोर दिया पूजा करने का अर्थ सिर्फ इतना ही था कि लोगों में वृक्ष और पौधों के प्रति पूज्य भाव जागृत हो और लोग इसकी सुरक्षा के लिए तत्पर हों !÷

इस मौके पर बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु कुछ खेल खिलाए गए तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें,अर्पिता चौरसिया क्लास 11th,अवनेन्द्र प्रताप कक्षा 11th पुरस्कार प्राप्त किया । इस मौके पर प्रधानाचार्य अमित कुमार वर्मा, विजय प्रताप सिंह, धीरेंद्र कुमार, सरवन कुमार, राजेश, आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

## दुसौंती गांव में स्थित है सदियों पुरानी महिषासुरमर्दिनी की मूर्ति

**महराजगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दुसौंती न केवल सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी विशेष है। गाँव के मध्य स्थित लोरिक बाबा प्रांगण में अवस्थित चदैंनी माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र है।

इस मंदिर में स्थापित माँ काली अथवा महिषासुरमर्दिनी की मूर्ति कितनी पुरानी है, यह स्पष्ट नहीं है। किंतु टूटी-फूटी प्राचीन प्रतिमाएँ आज



भी यहाँ दिखाई देती हैं, जो मुग़ल आक्रमणकालीन बर्बरता की गवाही देती हैं।

लोकश्रुति और ऐतिहासिक महत्व

जनश्रुतियों के अनुसार वीर लोरिक और माता चंदा का अंतिम समय यहीं बीता था। उसी स्मृति में इस स्थान का नाम चदैंनी माता मंदिर पड़ा। यदि लोरिक-चंदा के कालखंड का अनुमान लगाया जाए तो यह स्थल कम से कम 800-900 वर्ष प्राचीन माना जा सकता है।

### आस्था का सिद्ध स्थल

मंदिर ग्रामवासियों और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के लिए एक सिद्ध स्थान है। पूरे वर्ष यहाँ पूजन-अर्चन का क्रम चलता रहता है। खासकर नवरात्र में अठौरी पूजन की परंपरा विशेष महत्व रखती है। अष्टमी के दिन गेहूं या अरवा चावल को भूनकर उसमें गुड़ मिलाकर प्रसाद वितरित किया जाता है, जिसे भक्तजन बड़े चाव से ग्रहण करते हैं।

### ग्रामदेवी के रूप में मान्यता

चदैंनी माता को गाँव की देवी के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। ग्रामीण अपने सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत माता की डेहरी पर माथा टेककर ही करते हैं। मंदिर परिसर में समय-समय पर भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों की धूम रहती है।

## टीकरमाफी आश्रम पर लगे आइ लव महादेव के पोस्टर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा टीकरमाफी स्थित एक आश्रम में शनिवार को 'आइ लव महादेव' पोस्टर लगाए जाने से चर्चा तेज हो गई है। आश्रम के पुजारियों और पदाधिकारियों ने इसे राष्ट्र और हिंदुत्व के सम्मान से जोड़ा है। वहीं, उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा चलाए जा रहे 'आइ लव मोहम्मद' अभियान के जवाब में यह पहल की गई है। आश्रम के पुजारी दिनेशानंद महाराज ने कहा कि महादेव



सनातन संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं और गौरव से अवगत कराएँ।÷ उन्होंने कहा किया कि 'आइ लव महादेव' अभियान युवाओं को अपनी आस्था और संस्कृति पर गर्व दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। स्वामी कृष्णानंद महाराज ने भी इसे केवल धार्मिक पहल न मानकर सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब समाज अपने आराध्य और परंपराओं को प्रेम से याद करता है, तभी राष्ट्र मजबूत बनता है। इस मौके पर कुलदीप महाराज, अजय द्विवेदी, राजीव, जगन्नाथ पांडे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में संग्रामपुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। पुलिस को जांच के लिए भेजा जा रहा है।

## नुक्कड़ नाटक द्वारा बाल विवाह एवं लैंगिक समानता पर किया जागरूक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा कस्बा अमेठी में अम्बेडकर चौराहा पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें लैंगिक समानता तथा समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर विशेष संदेश दिया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं — बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपातकालीन सेवा 112 जैसे नंबरों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर रोशन लाल, केस वर्कर रुचि सिंह, वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर गायत्री देवी, जेंडर विशेषज्ञ राकेश कुमार यादव, सहायक लेखाकार हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना जानवी गुप्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई के आउटरीच कार्यकर्ता गुलाब चन्द्र सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रही।

## मिशन शक्ति : थानों पर छात्राओं को बनाया गया एक दिवसीय थाना समाधान प्रभारी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को ÷मिशन शक्ति÷ अभियान के पंचम चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा महिला सुरक्षा बूथ कालिकन धाम में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया। बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु थाना जामो पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जामो की छात्रा कशिश को, महिला थाना पर राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गौरीगंज की छात्रा रिंकी को, रामगंज पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा को, फुरसतगंज पर राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फुरसतगंज की छात्रा को, बाजार शुक्ल पर कम्पोजिट विद्यालय हुषैनपुर की छात्रा को एक



दिवस के लिये दिवसाधिकारी बनाया गया।

दिवसाधिकारी बनी छात्राओं द्वारा थानों पर जनसुनवाई की गयी। थाना रामगंज पर उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर द्वितीय, कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को, थाना पीपरपुर पर प्राथमिक विद्यालय बौलहा, सरैया की छात्राओं को, थाना मुसाफिरखाना पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मुसाफिरखाना की छात्राओं को, थाना जगदीशपुर पर कम्पोजिट विद्यालय पालपुर व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जगदीशपुर की छात्राओं को, थाना कमरौली पर प्राथमिक विद्यालय कमरौली की छात्राओं को विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों, साइबर अपराध व उससे बचाव हेतु जागरूक भी किया गया तथा जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किये गये।

## पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न पूजा पंडाल व रामलीला स्थल का किया निरीक्षण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को देर रात शारदीय नवरात्र व दुर्गापूजा पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र जायस में स्थापित पूजा पण्डालों में मानक के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध, तथा थानाक्षेत्र जामो स्थित मां विन्ध्वासिनी मंदिर गोगमऊ व रामलीला स्थल ग्राम पूरे कालीचरन पाण्डेय मजरे सरमें का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा निरीक्षण के उपरांत सभी पूजा पंडाल के समितियों, आयोजन समिति के अध्यक्षों व सदस्यों से समन्वय स्थापित कर आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए व मानक के अनुरूप पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बालू, पानी, फायर एक्सटिंग्विशर



व सीसीटीवी कैमरा आदि उपकरणों का प्रबंध कराया गया तथा प्रभारी निरीक्षक जामो को आवश्यक आदेश निर्देश दिये।

एसपी द्वारा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों, युवाओं व ग्राम वासियों से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहर्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई । तत्पपश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पमाला पहनाकर बालिकाओं को सम्मानित किया गया एवं दुर्गापूजा,रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान, धन्यवाद स्वरूप अंगवस्त्र भेंट कर आभार और सम्मान व्यक्त किया गया।

## प्रभारी विजयेंद्र सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित

**लहरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुर कोतवाली तालगांव व कोतवाली लहरपुर में थाना समाधान दिवस संपन्न प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली ताल गांव में नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में व कोतवाली लहरपुर में प्रभारी विजयेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित थाना समाधान दिवस कोतवाली तालगांव



में दीपक कुमार राय ने बताया की 3 शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। लहरपुर कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया की क्षेत्र से आए 6 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रार्थना पत्र दिए जिसमें से 02 शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि शेष चार शिकायतों का पुलिस व राजस्व की टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से उप निरीक्षक धर्मेंद्र बहादुर सिंह, राजस्व निरीक्षक अमरसिंह, दिनेश पांडे, लेखपाल राहुल यादव, आलोक श्रीवास्तव, बलराम यादव सहित राजस्व टीम व पुलिसकर्मी एवं फरियादी उपस्थित थे।

## अनेक थानों की एंटी रोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में ÷मिशन शक्ति÷ अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा थाना रामगंज पुलिस टीम के साथ रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज भादर में, पीपरपुर पुलिस द्वारा श्री आसलदेव इण्टर इण्टर कॉलेज पीपरपुर में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह द्वारा बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में प्रभारी निरीक्षक संग्रामपुर अखिलेश सिंह द्वारा महारानी अमिता सिंह इण्टर कॉलेज विश्वेसरगंज में प्रभारी निरीक्षक रामगंज कृष्ण मोहन सिंह द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रामगंज में प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह द्वारा डब्ल्यूएच स्कूल भनौली में म.का. वंदना सिंह, म.का. कल्पना थाना कमरौली द्वारा सिन्दुरवा रेलवे स्टेशन पर म.का. प्रीती कुशवाहा, म.का. सरिता द्वारा कालिकन धाम मंदिर में, म.का. रितु चौधरी, म.का. आरती तिवारी थाना फुरसतगंज द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तेंदुआ में, म.हे.का. पिंकी पाण्डेय, म.का. सीमा मौर्या थाना मुंशीगंज द्वारा जीजीआईसी शाहगढ़ व अखिल भारतीय महिला स्वैच्छिक सेवा संघ प्रशिक्षण केन्द्र मुंशीगंज में, म.का. अनीता थाना पीपरपुर द्वारा सोनिया गांधी इण्टर कॉलेज अयोध्यानगर में, महिला हे.कां. सरोज यादव, म.का. दीक्षा द्विवेदी थाना गौरीगंज द्वारा मवई धाम मंदिर व ऐंधी महादेव मंदिर में, म.हे.का. सविता देवी थाना जायस द्वारा अवन्ती बाई लोधी पब्लिक इण्टर कॉलेज ओदारी में, म.उ.नि. प्रेमशीला, म.का. सोनी यादव, म.का. पूनम सिंह, म.का. प्रियंका द्वारा राजा विश्वनाथशरण सिंह इण्टर कॉलेज में, म.का. पिंका वर्मा, म.का. सारिका विश्नोई थाना इन्हौना द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज इन्हौना में, म.हे.का. सविता शुक्ला, म.का. प्रमिला द्वारा बस अड्डा जगदीशपुर में, म.का. रिया राजपूत, म.का. रिंकी यादव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक द्वारा गरीबदास कुटी बाबा का पुरवा में गोष्ठी कर व चौपाल लगाकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, थानों पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

## डाले की टक्कर से बाइक सवार का कटा पैर

▸ ड्राइवर भागने में सफल, पुलिस ने डाला को कब्जे में लिया

**बिसवां, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुरथाना रामपुर कलां अंतर्गत बिसवा सिंधौली मार्ग पर एक रोटावेटर लदे डाला ने मोटरसाइकिल सवार को साइड से टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार का एक पैर कट गया जिसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी अनुसार जिला



लखीमपुर खीरी के मथुरापुर थाना फूल बेहद निवासी निवासी लक्ष्छी राम राम पुत्र द्वारिका प्रसाद अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी तथा तीन वर्षीय दिव्यांशु पुत्र लक्ष्मीनारायण अपनी बाइक से सिंधौली की तरफ से बिसवा किसी काम से जा रहे थे कि थाना रामपुर कलां अंतर्गत रेडिको खेतान फैक्ट्री के निकट रोटावेटर लदे डाला ने साइड से टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही लक्ष्छी राम का का पैर कट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया तथा पुलिस ने डाला को कब्जे में ले लिया मगर ड्राइवर भागने में सफल रहा।

### मीटर की रीडिंग व बकाया लेने गए बिजली कर्मी से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार दोपहर तिलोई पावर हाउस का बिजली कर्मी सुरेश पुत्र माता प्रसाद, निवासी चेतरा बुजुर्ग थाना मोहनगंज, अलाईपुर गांव गया था। आरोप है कि गांव निवासी अशोक, नागेंद्र, अजय कुमार और राजकुमार ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया। पीड़ित कर्मी ने बताया कि बकाया भुगतान की राशि रु. 26,214 भी मौके पर गिर गई और आरोपी उसका मोबाइल भी छीन ले गए, जिससे वह उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना नहीं दे सका। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## अब दवाओं पर टैरिफ

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिये नए सिरे से जारी बातचीत के बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मा उत्पादों पर टैरिफलगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवा उत्पादों पर सौ फीसदी टैरिफलगाने की घोषणा की है, बशर्ते कि दवा निर्माता कंपनियां अमेरिका में उत्पादन सुविधाएं स्थापित न करें। आशंका है कि ट्रंप के इस कदम का प्रभाव भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ सकता है, जिसने देश को 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले तीस अरब डॉलर के फार्मा उत्पादों में से दस अरब डॉलर से अधिक का निर्यात भारत से होता है। भारत मुख्य रूप से अमेरिका को कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह अच्छी बात है कि ये जेनेरिक दवाइयां नई टैरिफ व्यवस्था के दायरे में नहीं आती हैं। हालांकि, अभी तक सक्रिय दवा सामग्री यानी एपीआई पर कोई स्पष्टता नहीं है। वैसे भारत से भारतीय ब्राडेंड दवाइयों का भी निर्यात होता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार फॉर्मास्युटिकल क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन ये अधिकांशतरू गैर–ब्रांडेड दवाइयां हैं। वैसे अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर पचास फीसदी टैरिफलगाने पर भी आशंका जताई गई थी कि इससे जेनेरिक व ब्रांडेड दवाएं महंगी हो सकती हैं। अमेरिका में भारत की फार्मा कंपनियों की आय का बड़ा जरिया होने के कारण ये काफी कम मार्जिन पर काम करती हैं। ऐसे में यदि उन पर टैरिफ लगता है, तो उनका वहां कारोबार करना कठिन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के दवा बाजार में बड़े ब्रांड वाली दवाइयों के सस्ते प्रारूप वाली जेनेरिक दवाइयों का आधे से अधिक हिस्से पर अधिकार है, जिससे अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों रुपये की बचत होती है। एक अनुमान के अनुसार, यह बचत एक साल में दो सौ डॉलर से अधिक की होती है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि भारत व अमेरिका में व्यापार समझौता नहीं होता तो भी टैरिफके कारण कुछ भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों को बाजार से बाहर होना पड़ सकता है। लेकिन यह स्थिति अमेरिका के लिये भी संकट बढ़ा सकती है। भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों की अनुपस्थिति में अमेरिका में पहले ही दवाओं की कमी का संकट और गहरा सकता है। लेकिन ट्रंप के फार्मा उद्योग पर सौ फीसदी टैरिफलगाए जाने से भारतीय दवा उद्योग में निराशा जरूर व्याप्त हुई है। देश के बड़े दवा शेयरों में अचानक आई गिरावट इसका ही नतीजा है। अब चाहे यह गिरावट अल्पकालिक हो, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि ट्रंप के अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दवा उद्योग को आशंका है कि ट्रंप आने वाले दिनों में जेनेरिक दवाओं पर भी टैरिफलगा सकते हैं, जबकि अमेरिकी प्रशासन को पता है कि ऐसे किसी प्रतिबंध से वहां स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में इजाफा होगा। वहीं दूसरी ओर, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की इन दवाओं तक पहुंच सीमित हो जाएगी। निश्चित रूप से अमेरिका से चल रही बातचीत के दौरान भारत को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि, अमेरिका को भी पता है कि ये निषेधात्मक टैरिफ खुद उसके लिये भी प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। साथ ही, अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं, जो पहले ही ट्रंप के विघटनकारी फैसलों का शिकार है।

# आरएसएस के 100 साल : राष्ट्र निर्माण की कठिन यात्रा

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी 100वीं वर्षगांठ को उत्सव के बजाय आत्मनिरीक्षण और पुनः समर्पण के अवसर के रूप में देखता है। यह उन दूरदर्शी कार्यकर्ता और स्वयंसेवकों के प्रयासों को मान्यता देने का भी अवसर है जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से इस मार्ग पर कदम रखा है। 100 वर्ष पूरे होने पर, संघ भारत के लिए पहले से कहीं अधिक आवश्यक और महत्वपूर्ण है।

शुरुआत में, संघ के पास कुछ भी नहीं था। उसके विचारों या प्रचार के साधनों को कोई मान्यता नहीं थी। समाज में उपेक्षा और विरोध के अलावा कुछ नहीं था, यहाँ तक कि कार्यकर्ता भी बहुत कम थे। हालाँकि, राष्ट्र के विभाजन और संघ प्रतिबंध के दौरान हिंदू समाज और राष्ट्र की रक्षा की कठिनाइयों के बावजूद, संघ दृढ़ रहा और एक लचीली शक्ति के रूप में उभरा। 1950 तक यह स्पष्ट हो गया था कि संघ का कार्य जारी रहेगा और बढ़ेगा तथा हिंदू समाज को सामंजस्य और जुड़ाव के माध्यम से संगठित किया जा सकता है। बाद में, संघ कार्य पहले से भी अधिक विस्तृत हो गया। 1975 के आपातकाल के दौरान, लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में संघ की लाभकारी भूमिका ने समाज को राष्ट्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का मूल्य पहचाना। बाद में, एकात्मता रथ यात्रा, कश्मीर-संबंधी जागरण, श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन और विवेकानंद की 150वीं जयंती जैसे सहभागी आंदोलनों के साथ-साथ सेवा गतिविधियों के व्यापक विस्तार के माध्यम से, संघ की विचारधारा और संघ के प्रति विश्वसनीयता की भावना पूरे समाज में तेजी से फैली। संस्थापक, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, जिन्हें डॉक्टर जी के नाम से जाना जाता था, का मानना था कि केवल राजनीतिक सक्रियता से मूल समस्याओं का समाधान नहीं होगा। परिणामस्वरूप, उन्होंने व्यक्तियों को राष्ट्र के लिए जीने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु निरंतर प्रयासों की रणनीति विकसित करने का संकल्प लिया। इस कल्पनाशील सोच ने शाखा तकनीक के विकास को जन्म दिया। डॉ. हेडगेवार ने समाज के भीतर एक संगठन बनाने के बजाय, पूरे समाज को संगठित करने के लिए एक प्रशिक्षण प्रणाली तैयार की। 100 वर्षों के बाद भी हज़ारों युवा डॉ. हेडगेवार जी के पदचिन्हों पर चलते हुए, राष्ट्रहित के लिए समर्पित होने के लिए तत्पर हैं। समाज में संघ की स्वीकार्यता और आकांक्षाएँ बढ़ रही हैं। ये डॉक्टरजी के दृष्टिकोण के प्रति समर्थन के संकेत मात्र हैं। 1940 में एम.एस. गोलवलकर, जिन्हें गुरुजी के नाम से जाना जाता है, आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक बने। उन्होंने अगले 33 वर्षों तक अग्रणी भूमिका निभाई और एक साधारण संगठन को अखिल भारतीय संघठन में बदल दिया। उनके नेतृत्व में, आरएसएस ने अपने अधिकांश संबद्ध संगठनों की स्थापना की और जीवन के सभी क्षेत्रों तक अपनी पहुँच का विस्तार किया। भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, एबीवीपी, भारतीय जनसंघ और कई अन्य।



**आरएसएस पर पिछली शताब्दी में तीन बार प्रतिबंध लगाया गया है- 1948, 1975 और 1992 में। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद, 1975 में आपातकाल के दौरान और 1992 में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर विवादित बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद संगठन को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। तीनों ही बार, प्रतिबंध कुछ ही समय में हटा लिया गया और यह और भी मजबूत होकर उभरा। आरएसएस एकमात्र ऐसा संगठन है जो शत्रुतापूर्ण सरकार और मीडिया के बावजूद जीवित रहा और विकसित हुआ। कोई भी सरकार, अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद, किसी भी न्यायालय में आरएसएस को दोषी नहीं ठहरा सकी। संघ को प्रतिबंधों और घृणा का सामना करना पड़ा।**

आरएसएस पर पिछली शताब्दी में तीन बार प्रतिबंध लगाया गया है- 1948, 1975 और 1992 में। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद, 1975 में आपातकाल के दौरान और 1992 में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर विवादित बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद संगठन को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। तीनों ही बार, प्रतिबंध कुछ ही समय में हटा लिया गया और यह और भी मजबूत होकर उभरा। आरएसएस एकमात्र ऐसा संगठन है जो शत्रुतापूर्ण सरकार और मीडिया के बावजूद जीवित रहा और विकसित हुआ। कोई भी सरकार, अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद, किसी भी न्यायालय में आरएसएस को दोषी नहीं ठहरा सकी। संघ को प्रतिबंधों और घृणा का सामना करना पड़ा, फिर भी यह जीवित रहा और फलता-फूलता रहा क्योंकि यह महत्वाकांक्षा पर नहीं, बल्कि सत्य और सेवा पर आधारित है। यह दुनिया भर में एक दुर्लभ मामला होना चाहिए।

आरएसएस का संविधान 1949 में प्रतिबंध हटने के बाद लिखा गया था। 1975-77 के दौरान, आरएसएस ने लोकतंत्र की बहाली के लिए एक भूमिगत संघर्ष का नेतृत्व किया और दुनिया भर में इसके योगदान की सराहना हुई। पूर्व रॉ प्रमुख ए.के. वर्मा ने कहा, ÷मैं आरएसएस को उस नज़र से नहीं देखता जिस नज़र से कांग्रेस देखती है। आरएसएस में आख़िर क्या ग़लत है? इसका एकमात्र उद्देश्य हिंदू समुदाय का सम्मान बहाल करना है। जो लोग इसे नहीं समझते, वे संघ को गाली देते हैं। यह प्राचीन सांस्कृतिक सिद्धांतों की स्थापना कर रहा है। यह अच्छा काम कर रहा है। विभाजन के दौरान भारत की रक्षा में आरएसएस स्वयंसेवकों के बलिदान और योगदान को भारतीय इतिहास में विशेष मान्यता प्राप्त है।

चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जुलूसों का नेतृत्व करके पूरे वातावरण को ऊर्जावान बनाना हो, पाकिस्तान की सैन्य गतिविधियों और कश्मीर पर आक्रमण की संभावना के बारे में जानकारी एकत्र करना हो, या फिर प्रसिद्ध कोटली शहीद कांड हो, जहाँ स्वयंसेवकों ने मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर देशभक्ति और वीरता का परिचय दिया। प्रख्यात पत्रकार कुशवंत सिंह, जो पहले आरएसएस के खुले तौर पर आलोचक रहे थे, उन्होंने कहा था कि 1984 के जघन्य सिख विरोधी दंगों के दौरान, जब दिल्ली में सिखों की हत्याओं का तांडव मचा था, जिसमें सरकारी तंत्र भी विफल रहा था, तब आरएसएस ने बड़ी संख्या में सिखों की सहायता की थी। 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान, आरएसएस ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उस कठिन समय में सेना और ग्रामीणों, दोनों की सहायता के लिए देश भर से स्वयंसेवक भारत के उत्तर-पूर्व में एकत्रित हुए। उनकी समर्पित प्रतिबद्धता का पूरे देश ने सम्मान किया जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1963 में भारतीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए आरएसएस को आमंत्रित किया।

## विचार

# संघ व स्त्रियां : सेविका समिति से शताब्दी तक की यात्रा

**डॉ प्रियंका सौरभ**

भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक महत्त्वपूर्ण संगठन के रूप में स्थापित है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित यह संस्था मूलतः पुरुष स्वयंसेवक के लिए बनी थी। इसकी शाखाओं, अनुशासन और विचारधारा ने धीरे-धीरे भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा असर डाला। परन्तु जब हम महिलाओं की भूमिका की ओर देखते हैं, तो तस्वीर कुछ अलग मिलती है। आरएसएस के समानान्तर 1936 में जन्मी राष्ट्र सेविका समिति ने ही स्त्रियों के लिए रास्ता खोला। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, तब इस यात्रा पर नज़र डालना ज़रूरी है कि स्त्रियों की भागीदारी कहाँ से शुरू हुई और 2025 तक वह किस मुकाम तक पहुंची।



संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई। यह संगठन अनुशासन, परेड, शाखा और राष्ट्रवाद पर आधारित था लेकिन इसकी संरचना पुरुष प्रधान रही। हेडगेवार स्वयं मानते थे कि स्त्रियों को अलग मंच चाहिए क्योंकि उस समय के सामाजिक परिवेश में स्त्रियों का सीधे पुरुष शाखाओं में आना सहज नहीं माना जाता था। इसी पृष्ठभूमि में 1936 में लक्ष्मीबाई केलकर ने विजयादशमी के दिन वर्धा में ÷राष्ट्र सेविका समिति÷ की स्थापना की। हेडगेवार ने भी इस पहल का स्वागत किया और सुझाव दिया कि महिलाएँ अपनी संस्था चलाएँ ताकि वे अपनी शक्ति, संस्कृति और नेतृत्व को स्वतंत्र रूप से विकसित कर सकें। इस तरह महिलाओं की भागीदारी औपचारिक रूप से शुरू हुई।

1939 में पहली बार समिति ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया। धीरे-धीरे अलग-अलग प्रांतों में इसकी शाखाएँ बनने लगीं। समिति का उद्देश्य केवल राष्ट्रवादी विचार फैलाना नहीं था बल्कि स्त्रियों में 'मातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्व' (मातृत्व, कर्तृत्व, नेत्रृत्व) जैसे गुणों का विकास करना भी था। इसमें शारीरिक प्रशिक्षण, योग, गीत, खेल, अनुशासन और समाज सेवा शामिल किए गए। आज़ादी के आंदोलन में भी समिति की महिलाओं ने परोक्ष रूप से भूमिका निभाई। परन्तु उनकी गतिविधियाँ मुख्यतः सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों तक सीमित रहीं।

स्वतंत्रता के बाद के दशकों में समिति का नेटवर्क बढ़ा। लक्ष्मीबाई केलकर के निधन (1978) तक संगठन कई राज्यों में फैल चुका था। उनके बाद सरस्वती आपटे प्रमुख संचालिका बनीं। इस समय तक शाखाओं की संख्या हज़ारों में पहुँच गई थी। समिति का जोर महिला शिक्षा, संस्कार, और सेवा परियोजनाओं पर रहा। आपातकाल (1975-77) में समिति से जुड़ी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शनों में भी भाग लिया। इस दौर ने उन्हें राजनीतिक रूप से अधिक सचेत और सक्रिय बनाया।

**1939 में पहली बार समिति ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया। धीरे-धीरे अलग-अलग प्रांतों में इसकी शाखाएँ बनने लगीं। समिति का उद्देश्य केवल राष्ट्रवादी विचार फैलाना नहीं था बल्कि स्त्रियों में 'मातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्व' (मातृत्व, कर्तृत्व, नेत्रृत्व) जैसे गुणों का विकास करना भी था। इसमें शारीरिक प्रशिक्षण, योग, गीत, खेल, अनुशासन और समाज सेवा शामिल किए गए। आजादी के आंदोलन में भी समिति की महिलाओं ने परोक्ष रूप से भूमिका निभाई। परन्तु उनकी गतिविधियाँ मुख्यतः सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों तक सीमित रहीं। स्वतंत्रता के बाद के दशकों में समिति का नेटवर्क बढ़ा। लक्ष्मीबाई केलकर के निधन (1978) तक संगठन कई राज्यों में फैल चुका था।**

90 के दशक में जब भारतीय राजनीति में भाजपा और संघ परिवार का प्रभाव बढ़ने लगा तो महिलाओं की भागीदारी भी चर्चा में आने लगी। समिति ने इस समय शहरी और पेशेवर महिलाओं तक पहुँच बनाने की कोशिश की। महिला शिक्षिकाएँ, चिकित्सक और नौकरीपेशा स्त्रियाँ समिति के कार्यक्रमों से जुड़ने लगीं। 1994 में उषाताई चाटे और 2006 में प्रमिलाताई मेढे प्रखर नेतृत्व के रूप में सामने आईं। इन नेताओं ने महिला शाखाओं को आधुनिक मुद्दों- जैसे कामकाजी महिलाओं की चुनौतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार में संतुलन- से जोड़ा।

2012 में वेंकट्रामा शांता कुमारी, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शांथक्का कहा जाता है, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका बनीं। उनका जन्म 1952 में हुआ और वे लंबे समय से संघ परिवार के कार्य में सक्रिय थीं। उनके नेतृत्व में समिति ने अपना विस्तार और तेज़ किया। आज समिति के पास चार से पाँच हज़ार शाखाएँ हैं, जो लगभग 800 से अधिक जिलों में फैली हुई हैं। यद्यपि सटीक आँकड़े संगठन सार्वजनिक नहीं करता, लेकिन अनुमान है कि लाखों महिलाएँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ी हुई हैं। समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, छात्रावास और महिला सशक्तिकरण परियोजनाएँ चला रही है। शहरी महानगरों में भी इसकी शाखाएँ सक्रिय हो रही हैं। संघ के भीतर महिलाओं को औपचारिक सदस्यता या नेतृत्व स्थान नहीं दिया गया है। आरएसएस की शाखाएँ केवल पुरुषों के लिए ही हैं।

## भारत प्राचीन काल से अब तक विश्व गुरु बनने की तथा-कथा

**संजीव ठाकुर**

भारतवर्ष ऐतिहासिक तौर पर एक ऐसा देश रहा है जिसने अपनी संस्कृति सनातनी शक्ति एवं ऊर्जा से वैश्विक नेतृत्व किया है बीच के कुछ काल में अवश्य कुछ विदेशी आक्रांताओं ने देश पर हमला कर विदेशी प्रभाव छोड़ा है किंतु आज भारत इस स्थिति में है कि वह विश्व का सक्षम नेतृत्व कर सकता है। भारत ही एक ऐसा देश है जिसने सदियों से दुनिया को ज्ञान, संस्कृति, विज्ञान और नैतिकता का संदेश दिया है। ÷विश्व गुरु÷ बनने का मतलब केवल ताकत या धन में आगे होना नहीं है, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और नैतिक नेतृत्व में दुनिया के लिए उदाहरण बनना है।

यह वह स्थिति है, जो भारत ने प्राचीन काल से लेकर आज तक हमेशा हासिल करने की कोशिश की है।प्राचीन भारत में शिक्षा और विज्ञान का स्तर अत्यंत ऊँचा था। हमारे यहाँ वेदों और उपनिषदों में जीवन, ब्रह्मांड और मानव चेतना के रहस्यों का अध्ययन हुआ। शून्य और दशमलव पद्धति की खोज ने पूरी दुनिया में गणितीय ज्ञान को आसान बनाया। आर्यभट्ट और वराहमिहिर ने खगोल विज्ञान और गणित में अद्वितीय योगदान दिया। सुश्रुत और चरक ने आयुर्वेद और शल्य चिकित्सा में ऐसी खोजें कीं, जो आज भी विश्व में मान्य हैं। योग और ध्यान ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विज्ञान प्रस्तुत किया। धर्म और दर्शन के क्षेत्र में भी भारत ने दुनिया को दिशा दिखाई। बौद्ध और जैन धर्म ने अहिंसा और नैतिकता का संदेश फैलाया। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों ने जीवन, नैतिकता और सही-असही की पहचान करने का मार्ग दिखाया। भारतीय संगीत, नृत्य, कला और वास्तुकला ने दुनिया में हमारी सांस्कृतिक पहचान बनाई। इस समय भारत केवल शक्ति का केंद्र नहीं था, बल्कि ज्ञान और संस्कृति का मार्गदर्शक बन चुका था। मध्यकाल में जब राजनीतिक स्थिति अस्थिर थी और कई विदेशी आक्रमण हुए, तब भी हमारी संस्कृति और शिक्षा जीवित रही। संस्कृत साहित्य, आयुर्वेद, ज्योतिष और तंत्र का अध्ययन जारी रहा। इस समय भारतीय कला और वास्तुकला ने नई शैली अपनाई और समृद्धि पाई। खगोल विज्ञान और चिकित्सा विज्ञान में भी प्रगति जारी रही। इस समय भारत का प्रभाव केवल राजनीतिक शक्ति से नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति के माध्यम से दूर-दूर तक महसूस किया गया।

ब्रिटिश शासन में भारत की राजनीतिक स्वतंत्रता और आर्थिक शक्ति सीमित हो गई, लेकिन ज्ञान और संस्कृति की महत्ता कम नहीं हुई। राजा राममोहन राय और स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और योग को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग से दुनिया को नेतृत्व का नया उदाहरण दिया। इसी समय जगदीश चंद्र बोस और सी. वी. रमन जैसे वैज्ञानिकों ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाया। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिक विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की। आईटी और डिजिटल इंडिया ने भारत को दुनिया में तकनीकी शक्ति बनाया। चंद्रयान और मंगलयान अभियानों ने यह दिखाया कि भारत अंतरिक्ष अनुसंधान में भी अग्रणी है। फार्मास्युटिकल्स और बायोटेक में भारत वैश्विक आपूर्ति केंद्र बन गया। योग और आयुर्वेद का प्रचार, बॉलीवुड और संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रसार, और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी ने आधुनिक भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ाया है।

बेशक चुनौतियाँ अभी भी हैं। गरीबी और असमानता, शिक्षा और अनुसंधान में सुधार की जरूरत, और वैश्विक राजनीति में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। लेकिन अवसर भी बहुत हैं। अगर हम अपने ज्ञान, संस्कृति और नैतिकता का सही इस्तेमाल करें, तो दुनिया के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़कर हम पर्यावरण और सतत विकास में उदाहरण पेश कर सकते हैं। भारत ने हर युग में यह दिखाया कि अगर प्रयास और दृष्टि सही हों, तो विश्व गुरु बनना संभव है।



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का

**कर्कः-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनुः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# मलयालम के मोहनलाल हिंदी के अमिताभ से कम नहीं

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित मलयालम अभिनेता मोहनलाल ने चार दशक के कैरियर में कई भाषाओं की फिल्मों में अभिनय किया। भारतीय सिनेमा पर मोहनलाल का प्रभाव बेजोड़ है। परदे पर वे अपनी प्रभावशाली मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं। वे देश के सबसे सम्मानित अभिनेताओं में शामिल हैं। उन्हें मलयाली फिल्मों का अमिताभ बच्चन कहा जाता है। उनकी संवाद अदायगी और भावनाओं का प्रदर्शन प्रभावी है। वे गायक हैं और फिल्म निर्माता भी।

मलयालम सिनेमा को वैश्विक प्रसिद्धि दिलाने में वे मददगार रहे। केरल देश के छोटे राज्यों में है और यहां बोली जाने वाली मलयालम भाषा का दायरा भी सीमित है। इस भाषा में फिल्में भी बनती हैं। लेकिन, जब भी मलयालम की फिल्मों का जिक्र होता है, बात एक ही अभिनेता से शुरू होती है और उसी पर खत्म भी हो जाती है। ये हैं सर्वकालिक लोकप्रिय अभिनेता मोहनलाल, जिन्हें इस बार भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहेब फाल्के' से नवाजा गया।

**इस अभिनेता ने अपने चार दशक लंबे कैरियर में करीब 400 फिल्मों में काम किया। उन्होंने मलयालम के अलावा तेलगु और तमिल की फिल्मों में भी छाप छोड़ी है। उनकी सहज अभिनय शैली की वजह से उन्हें देश में श्रेष्ठ अभिनेताओं में गिना जाता है। माना जाता है कि महान अभिनेता अपने अभिनय से किरदार के भीतर की उत्तेजना को वास्तविकता और संतुलित अंदाज से प्रस्तुत करते हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में भी मोहनलाल का योगदान महत्वपूर्ण माना जाता है। वे अभिनेता के साथ ही फिल्म निर्माता व प्लेबैक सिंगर भी हैं। अभिनय में असाधारण नैसर्गिकता और गहराई दर्शकों को अंदर तक उद्वेलित करती है।**

मोहनलाल ने मलयालम सिनेमा को वैश्विक पहचान दी। उन्होंने अभिनय के मामले में मलयालम सिनेमा समृद्ध किया, वहीं व्यावसायिक रूप से मलयालम फिल्म उद्योग को मजबूती दी। बता दें कि मोहनलाल को मलयाली फिल्मों का अमिताभ बच्चन कहा जाता है। दक्षिण के एक छोटे से राज्य की भाषा के इस अभिनेता को सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान मिलना उनकी इसी अभिनय क्षमता का प्रमाण है।

इस अभिनेता ने अपने चार दशक लंबे कैरियर में करीब 400 फिल्मों में काम किया। उन्होंने मलयालम के अलावा तेलगु और तमिल की फिल्मों में भी छाप छोड़ी है। उनकी सहज अभिनय शैली की वजह से उन्हें देश में श्रेष्ठ अभिनेताओं में गिना जाता है। माना जाता है कि महान अभिनेता अपने अभिनय से किरदार के भीतर की उत्तेजना को वास्तविकता और संतुलित अंदाज से प्रस्तुत करते हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में भी मोहनलाल का योगदान महत्वपूर्ण माना जाता है। वे अभिनेता के साथ ही फिल्म निर्माता व प्लेबैक सिंगर भी हैं। अभिनय में असाधारण नैसर्गिकता और गहराई दर्शकों को अंदर तक उद्वेलित करती है।

कथकली और भरतनाट्यम जैसे शास्त्रीय नृत्यों का सहज प्रदर्शन उनकी प्रतिभा का संकेत है। उन्होंने पर्दे पर कलारी मार्शल आर्ट में भी दक्षता दिखाई। उन्हें कई राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कारों से नवाजा गया। मोहनलाल मलयाली सिनेमा के बहुमुखी कलाकारों में एक हैं। उनका अभिनय, सांस्कृतिक विविधता के साथ पेशेवर क्षमता में भी अद्वितीय है। उनकी यही विशेषता उन्हें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास बनाती है। बेहतरीन मलयाली फिल्में देने के लिए मोहनलाल को पांच बार नेशनल अवार्ड मिले। 1990 (किरीदम) के लिए स्पेशल ज्यूरी अवार्ड, 1992 में बेस्ट एक्टर (भारतम), 2000 में फीचर फिल्म (वनप्रस्थानम) के लिए, 2000 में बेस्ट एक्टर (वनप्रस्थानम) और 2017 में स्पेशल जूरी (जनता गैराज, मुन्थिरिवल्लिकल थलिर्क्कुम्बोल, पुलिमुरुगन) के लिए उन्हें नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मलयालम सुपरस्टार को 2001 में पद्मश्री और 2019 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार हासिल करने वाले मोहनलाल दूसरे मलयाली फिल्मी सितारे हैं। उनसे पहले मलयालम फिल्म निर्माता अदूर गोपालकृष्णन को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अदूर गोपालकृष्णन को 2004 में यह पुरस्कार मिला। अदूर की एलिप्पथायम, मुखामुखम, मतिलुकल और 'निजालकुथु' जैसी फिल्मों ने मलयालम सिनेमा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा भी हासिल की। संयोग ही मानेंगे कि मोहनलाल और अदूर गोपालकृष्णन दोनों पथानामथिट्टा जिले से हैं। एक ने अपने यादगार अभिनय से, तो दूसरे ने अनोखे निर्देशन के जरिए सिनेमा के दर्शकों का दिल जीता। सर्वोच्च सम्मान पाने के बाद मोहनलाल ने कहा कि मुझे यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान पाकर अपार गर्व का अनुभव हो रहा है। मलयालम सिनेमा का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैं सबसे कम उम्र के पुरस्कार विजेता के रूप में सम्मानित होने पर अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह पूरे मलयालम सिनेमा समुदाय का सम्मान है। मोहनलाल ने इस पुरस्कार को मलयालम सिनेमा की विरासत, रचनात्मकता और सहनशीलता के प्रति एक सामूहिक सम्मान बताया। उन्होंने इसे मलयालम सिनेमा के सभी महान कलाकारों, उद्योग और केरल के दर्शकों को समर्पित किया, जिन्होंने वर्षों से उनकी कला को स्नेह और समझ के साथ पोषित किया। मोहनलाल ने कुमारन आशान की एक पंक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि 'यह फूल केवल धूल में नहीं गिरा, बल्कि जीवन को सुंदरता के साथ जिया। यह पुरस्कार उन सभी कलाकारों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत से सिनेमा में अमिट छाप छोड़ी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# पश्चिमी दीक्षिताना तृतीय में सीसी रोड का भव्य उद्घाटन

▸ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला बोले- नगर के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्यरत हूँ



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर के वार्ड संख्या 14, पश्चिमी दीक्षिताना तृतीय में 15वें वित्त आयोग से निर्मित सी0 सी0 रोड का भव्य उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन पूजन आचार्य लवकुश शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया।

उद्घाटन अवसर पर सेवानिवृत्त स्वास्थ्य विभाग अधिकारी सुधा दीक्षित एवं सेवानिवृत्त बीएचएल कर्मचारी राम आसरे मिश्रा ने पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', सभासद रियाजुद्दीन और सुफियान खान की उपस्थिति में नव निर्मित सीसी रोड का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा नगरवासियों की सुविधाओं और समग्र विकास के लिए मैं निरंतर प्रयत्नशील हूँ और आगे भी विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

नई सीसी रोड के उद्घाटन से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल रहा। इस मौके पर विशंभर दयाल दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, विनीत मोहन मिश्रा, संजीव शुक्ला, वीरपाल वर्मा, अजय शुक्ला, करुणेश शुक्ला, चंद्रशेखर दीक्षित, तथा प्रदीप दीक्षित, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविंद्र कटियार, नगर पालिका लेखाकार मोहित अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मछली पकड़ने गए युवक की डूबकर मौत, दोस्तों के सामने हुआ हादसा



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना भीरा क्षेत्र के बेलहा सिकटिहा के पास बरोछा (नदी) में शनिवार सुबह मछली पकड़ने गए 20 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक गहरे पानी में फिसलकर डूब गया। साथ गए साथी उसे बचाने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफल नहीं हो सके।मुड़िया हेमसिंह निवासी सलमान पुत्र छोटे शाह सुबह करीब 9:30 बजे अपने पांच साथियों—शाहरुख (20), मररू शाह (50), मंझिले (26), नबी (10) और फारूक (12) के साथ मछली पकड़ने के लिए निकला था। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, सलमान अचानक गहरे पानी में फिसल गया और हाथ-पैर मारते हुए डूबने लगा। शाहरुख ने उसे बचाने के लिए मछली पकड़ने वाली लग्गी बढ़ाई, मगर छोटी होने के कारण सलमान तक नहीं पहुंच पाई। इस बीच अन्य साथियों ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण नदी किनारे दौड़े चले आए। सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग, और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब चार घंटे तक चली तलाश के बाद सलमान का शव नदी से बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां आयशा और पिता छोटे शाह बेसुध हो गए। पिता छोटे शाह ने बिलखते हुए बताया कि उन्होंने सलमान को सुबह मछली पकड़ने जाने से मना किया था, लेकिन वह दोस्तों के साथ जिद कर निकल गया था,शव मिलने की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया वही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर पर फर्जी रिपोर्ट का आरोप

▸ महिला की जान को बना दिया सवाल, कार्रवाई की मांग



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बिजुआ क्षेत्र के साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गंभीर लापरवाही और भ्रामक रिपोर्ट देने का आरोप लगा है। आरोप है कि उक्त सेंटर ने गर्भवती महिला की रिपोर्ट में बच्चा संकटग्रस्त बताकर परिजनों को दहशत में डाल दिया, जबकि दूसरी जांच में सब कुछ सामान्य निकला। इससे सेंटर की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पड़रिया तिलकपुर निवासी गोविंद वर्मा ने सीएससी प्रभारी खीरी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने 12 सितंबर 2025 को अपनी पत्नी राधा का अल्ट्रासाउंड साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर, भीरा रोड बिजुआ से कराया था। रिपोर्ट में गर्भ 36 सप्ताह 5 दिन, वजन 2.913 किलोग्राम और सबसे बड़ी बात – बच्चे के गले में फंदा (नाल लिपटी) बताया गया। रिपोर्ट पढ़ते ही परिवार में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पीड़ित पत्नी को लेकर लखीमपुर की महिला चिकित्सक डॉ. इंदिरा चोपड़ा के पास पहुंचे। उनके परामर्श पर 21 सितंबर 2025 को दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया गया। इस रिपोर्ट में गर्भ केवल 34 सप्ताह, शिशु का वजन 2.616 किलोग्राम और फंदे जैसी कोई स्थिति नहीं मिली। डॉक्टर ने साफ कहा – बच्चा नार्मल है, चिंता की कोई बात नहीं। मरीज अभी आठवें महीने में है। पीड़ित का आरोप है कि साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर ने जानबूझकर गलत रिपोर्ट देकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उन्होंने मांग की है कि सेंटर पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई हो और इसकी तुरंत मेडिकल जांच कराई जाए। ग्रामीणों ने भी सेंटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सेंटर फर्जी तरीके से चल रहा है, अगर ऐसे मेडिकल सेंटर लोगों की भावनाओं से खेलेंगे तो मरीज किस पर भरोसा करेंगे? इस संबंध में सीएससी प्रभारी सुभाष वर्मा ने बताया कि सेंटर संचालक को सोमवार तक का समय दिया गया है कि वह अपने वैध दस्तावेज पेश करे, जिसके बाद जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## (न्यायालय सूचना)

सूचना पत्र (अ)
विभाग उत्तर प्रदेशीय बोर्ड माल, प्रयागराज
द्वितीय अपील संख्या-49.वर्ष-2006-07.जिला-
लखीमपुर खीरी

एडीशनल कमिश्नर.. डिवीजन के निर्णय के विरुद्ध..

सन्तोष सिंह अपीलकर्ता
बनाम
सकील अहमद व अन्य

1--सकील अहमद S/O अहमद दीन R/O नई बस्ती लखीमपुर खीरी
2--मो0 बसी S/O दोस्त अली
3--मो0 जकी S/O दोस्त अली
4--आफाक अहमद S/O इस्तिहाक मोहम्मद
5--इलियास S/O इस्तिहाक मोहम्मद
6--हरफान S/O इस्तिहाक मोहम्मद
7--मुस्ताक मोहम्मद S/O करामत उल्ला खाँ
8--इम्तीयाज S/O मो0 अहमद
9--चान्द S/O मो0 अहमद
10- मेराज S/O सबिया बेगम एवं मो0 अहमद
11-आफताब S/O मो0 अहमद
12-अखलाक मोहम्मद S/O करामत उल्ला खाँ

समस्त निवासीगण मोहल्ला संकटा देवी शहर लखीमपुर खीरी।

सेवा में. परगना, तहसील- सदर जिला-लखीमपुर खीरी।

आपको यह सूचना दी जाती है कि तारीख.29.माह 09 वर्ष 2025 दिन सोमवार समय दस बजे पुनर्विचार प्रार्थना की सुनवाई के हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो अभियोग सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रार**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वैरमपुर विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 27/09/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वैरमपुर विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 28/09/2025 से दिनांक 04/10/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 04/10/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 28/09/2025 से दिनांक 04/10/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अवधेश पाल के दरवाजे से मेन गली तक मिट्टी व इंटरलाकिंग व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 3.75 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | डामर रोड से सचिवालय तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 3.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (विमल यादव)** **ग्रा0पं0 वैरमपुर, वि0ख0 शमशाबाद** **सचिव (दिलीप कुमार)**

# कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद

## -ः सूचनाः-

**पत्रांकः 726/1/कर विभाग-नामान्तरण सूचना/2025-26** **दिनांक 24/09/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया है। नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किये जा चुके हैं। नामान्तरण पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण पर अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0सं0 | भवन संख्या/ मोहल्ले का नाम | पालिका अभिलेखों में दर्ज नाम/विक्रेतागण | आवेदक का नाम | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/10, 30/10 रंगसाजन | आयशा बेगम पत्नी अतीक उल्लाह | कु0 मेहवीज नाज पुत्री स्व0 अतीक अहमद | वारिसान प्रमाण पत्र |
| 2 | 36/14 कसरट्टा | फैजल जावेद पुत्र स्व0 जावेद अहमद | कु0 मेहवीज नाज पुत्री स्व0 अतीक अहमद | वारिसान प्रमाण पत्र |
| 3 | 36/283 मछलीटोला | फैजल जावेद पुत्र स्व0 जावेद अहमद | कु0 मेहवीज नाज पुत्री स्व0 अतीक अहमद | वारिसान प्रमाण पत्र |
| 4 | 1/96, 36/255 मछलीटोला | रमेश कुमारी, गौरव वर्मा पत्नी/पुत्र स्व0 हरेन्द्र प्रसाद वर्मा | कोमल रानी पत्नी मनमीत सिंह | बैनामा |
| 5 | 1/132, नगलादीना | बदी विशाल दुबे शिवशंकर लाल | विनीत शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा, प्रियंका पत्नी प्रसाद त्रिपाठी | वारिसान प्रमाण पत्र |
| 6 | 2/92 खटकपुरा इज्जत खां, जुज भाग | गणेश चंद्र पुत्र राधेश्याम, संतोष कुमारी पत्नी डा0 महेश पाल व शकुंतला पत्नी राजेश कुमार | शाहीन बेगम पत्नी मु0 मुफीद | बैनामा |
| 7 | 2/100 जगत नरायन स्ट्रीट | सरन कुमार पुत्र अचम्भेलाल | रागिनी द्विवेदी पत्नी मनीष मिश्रा | बैनामा |
| 8 | 2/141ए मन्नीगंज | छंगो देवी पुत्री शंकरलाल पत्नी चद्रशेखर | वैभव चौरसिया पुत्र श्री महेश चन्द्र चौरसिया | विरासत |
| 9 | 2/25 ब्रह्मदत्त द्विवेदी मार्ग जुज भाग | श्यामादेवी पत्नी रामस्वरूप व रामनारायण हरचरनलाल | क्षमा गुप्ता पत्नी वेदप्रकाश व निर्भय गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश | बैनामा |
| 10 | 2/63 सुतहट्टी | लालावती पत्नी अजीत | दूवित जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन | बैनामा |
| 11 | 2/277 खतराना | रामसरन पुत्र नत्थूलाल | सोवरन सिंह पुत्र श्री धर्मेन्द्र सिंह | बैनामा |
| 12 | 2/68 नेहरू रोड | आशा रानी अग्रवाल पत्नी विनय कुमार अग्रवाल, विनय कुमार पुत्र सूरज प्रसाद | आशा रानी अग्रवाल पत्नी विनय कुमार अग्रवाल, विनय कुमार पुत्र सूरज प्रसाद | विरासत |
| 13 | 2/127 ए सहतावन लाल | सर्वेश कुमार पुत्र हरीशंकर | राजेश, दीपक, अजय, इन्दीवर गुप्ता व नवीन गुप्ता पुत्रगण स्व0 राजेश हरिशंकर गुप्ता | विरासत |
| 14 | 2/47 कछियाना कादरी जुज भाग | आत्माराम पुत्र रामप्रसाद, जितेन्द्र पुत्र स्व0 नेहरू | साधना पुत्री स्व0 नेहरू पत्नी सुशील कुमार | विरासत |
| 15 | 3/24, खड़याई | महेशचन्द्र पुत्र स्वः ब्रजमोहन मिश्रा | आदेश मिश्रा पुत्र रामकृपाल मिश्रा | वसीयत नामा 21-08-2024 |
| 16 | 3/P वैजनाथ स्ट्रीट | चन्द्रशेखर पुत्र स्व0 पं0 रामेश्वर दयाल | राममूर्ति पत्नी स्व0 चरन सिंह, गीता पत्नी स्व0 महावीर सिंह, रवि पुत्र स्व0 चरन सिंह, सोमवीर पुत्र स्व0 चरन सिंह, उदयवीर पुत्र स्व0 चरन सिंह | बैनामा |
| 17 | 4/86 पल्ला तालाब प0 | छोटे सिंह यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव | मनोरमा देवी पत्नी सुधीर कुमार उर्फ मनोज | पंजी0वसीयत |
| 18 | 4/पी बहादुरगंज | सुमनलता पत्नी विजय कुमार | स्नेहलता पत्नी अवधेश सिंह | बैनामा |
| 19 | 4/53 R बहादुरगंज | मो0 जमील सिद्दीकी पुत्र अब्दुल अजीज | मो0 आबिद सिद्दीकी पुत्र मो0 जमील | अपंजीकृत वसीयत |
| 20 | 4/86C महादेव प्रसाद स्ट्रीट | सुभाष चन्द्र पुत्र रामनारायण गुप्ता | पुष्पा पत्नी सुभाषचन्द्र गुप्ता | बैनामा |
| 21 | 4/64 पुलपुख्ता | अनिल, देवेन्द्र, पुत्र राम भरोसे लाल 1/2 भाग व सरोज कुमारी पत्नी घनश्याम | सक्षम, शिवम शुक्ला पुत्र अखिलेश शुक्ला नावालिग संरक्षिका माता निशा शुक्ला पत्नी अखिलेश शुक्ला | पंजी0 वसीयत |
| 22 | 31/241 शमशेर खानी जुज भाग | फहमीदा पत्नी आफाक खान व मो0 शाहनवाज, मेराज पुत्रगण आफाक | प्रतिज्ञा सिंह पुत्री जगराम सिंह पत्नी पंकज सिंह | बैनामा |
| 23 | 4/61 मो0 अमीन खां | कैलाश पुत्र कुन्दन | रामलक्ष्मी पत्नी स्व0 कैलाश चन्द्र राजपूत वगैरह | बैनामा |
| 24 | 16/443 नवाब न्यामत खां पश्चिम | शांती देवी पत्नी रामसरन सिंह चौहान | वीना चौहान पत्नी शशी पाल सिंह चौहान | पंजी0 दानपात्र |
| 25 | 4/5,4/6 त्रिपोलिया चौक | आयुष अग्रवाल पुत्र सुधांशु अग्रवाल | कुसुम वर्मा पत्नी अनिल वर्मा | बैनामा |
| 26 | 5/पी गढी नवाब न्यामत खां | विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 योगेन्द्र कुमार गुप्ता | नन्दनी देवी शिवानी पत्नी भगवान दास शिवानी | बैनामा |
| 27 | 5/134 तलैया फजल इमाम | फकीरे लाल पुत्र भारत प्रसाद कुर्मी | मुन्नी देवी पत्नी स्व0 राजेंद्र, वीरेंद्र, नरेंद्र पुत्रगण स्व फकीरे लाल वगैरह | विरासतन |
| 28 | 5/2ए रेटगंज | अब्दुल बशीर, अब्दुल सलीम पुत्र अजीज खॉन | मुमताज बेगम पत्नी अब्दुल जलील, अब्दुल जब्बार व अब्दुल सलीम पुत्र अब्दुल बहाव व फराह दीबा पत्नी मो0 अकील | विरासतन |
| 29 | 6/पी नरायनपुर | रामऔतार कटियार पुत्र रामनरायन कटियार | साक्षी पत्नी बिपन कुमार सिंह | पंजीकृत वसीयत |
| 30 | 6/पी नेकपुर | प्रेमा देवी पत्नी स्व0 पहलबान सिंह | प्रबीन कुमारी पत्नी लटूरी सिंह | विरासतन |
| 31 | 6/पी अल्लाहनगर बढ़पुर | सरवन पुत्र कल्लू | राजू पुत्र चेतराम | बैनामा |
| 32 | 6/पी अल्लाहनगर बढ़पुर | इन्द्रभान सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह | आदेश कुमार पाण्डेय पुत्र रामकिशोर पाण्डेय | बैनामा |

**कर अधीक्षक**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद**

# महापंचमी पूजा संग खुला मां का दरबार, उमड़ी भीड़

▸ पूजा महोत्सव मे सामान्य ज्ञान, गमला सज्जा एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिताएं आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर भारत की एक मात्र नव दुर्गा पूजा एवं महोत्सव मे शनिवार को महा पंचमीपूजा एवं सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ मां का दरबार भक्तो के लिए खुल गया।

वहीं दोपहर पूजा महोत्सव पंडाल में सामान्य ज्ञान, गमला सज्जा ,फैन्सी ड्रेस की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने देते हुए बताया की इस वर्ष 56 वीं पूजा यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा शारदीय नवदुर्गा पूजा भव्यता के साथ मनाई जा रही है। संस्कृत पंडाल में उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित जन समूह ने तालिया बजाकर दिव्यांग बच्चों का उत्साह वर्धन किया। संस्था द्वारा उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल की मुखिया अर्चना श्रीवास्तव को इस साहसिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अजय शुक्ला, रामेंद्र दीपक, अभिषेक मिश्रा ,ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ , प्रखर कपूर ,आर्यवीर राज सिंह, आशुतोष मिश्रा, आभा कपूर, शिफाली निगम, स्मृति राज, सूर्यांश शुक्ला, लतिका राज, शिवेंद्र सिंह ,की देखरेख में संपन्न हुई।

**आज का विशेष आयोजन**

1- रंगोली एवं गायन प्रतियोगिता चयनित बच्चों द्वारा
2- प्रातः 8:30 पर महाष्टमी पूजा, शाम 4:00 बजे रूद्र पूजा एवं देवी का आमंत्रण, महास्नान
3- सांस्कृतिक कार्यक्रम रात में।

इन प्रतियोगिताओं में लगभग 500 बच्चों ने हिस्सा लिया पूजा महोत्सव में प्रमुख रूप से बृजलाल सावलानी, राजन शर्मा, राजेश गुप्ता किल्टू ,दिलीप कुमार श्रीवास्तव, मनोज जायसवाल, सुशील गुप्ता , संजय सैनी, अनुराग गुप्ता रामधन मुखर्जी, राम भजन ,राजेश सिंह ,अर्पित गुप्ता, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह,रविनंन खजांची, अर्पित गुप्ता,राकेश, पन्नालाल शहीद परिवार के तमाम लोग मौजूद थे।

## जीजीआईसी सफदरगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस द्वारा जीजीआईसी सफदरगंज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उप्र पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090) पुलिस आपातकालीन सेवा (112) सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

# बकाया पैसा मांगने पर घर में घुसकर पीटा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बकाया पैसा मांगने पर नाराज़ एक व्यक्ति ने कई लोगो के साथ मिलकर घर मे घुसकर जमकर मारा पीटा।जिसकी शिकायत घायल पति की पत्नी ने जैदपुर थाने में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी रामू मौथरी थाना जैदपुर ने अपने शिकायती पत्र मे लिखा कि दिनांक 25-9-2025 के समय लगभग 4 बजे अशोक कुमार पुत्र केशवराम से अपना बकाया पैसा माँगा।जिससे चिढ़कर प्लान बनाकर प्रार्थिनी के घर में अशोक कुमार,धर्मदास पुत्रगण केशवराम व रवि पुत्र अशोक कुमार व रामलखन पुत्र पुतीलाल,सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामलखन निवासीगण ग्राम मौथरी थाना जैदपुर प्रार्थिनी के घर में जाकर गन्दी-2 गाली देते लगे।प्रार्थिनी कुछ समझ पाती इससे पहले अशोक कुमार ने खाना खा रहे प्रार्थिनी के पति पर लाठी से हमला कर दिया। प्रार्थिनी बचाने दौड़ी तो प्रार्थिनी को सभी लोगो ने पकड़ कर ढकेल दिया और प्रार्थिनी के पति को मारने लगे। प्रार्थिनी चिल्लाने लगी तो शोर सुनकर गाँव के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ को देखकर धमकाते हुए कहाकि किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्यवाही की तो जान से मार दूँगा। प्रार्थिनी के पति की हालत काफी खराब होने पर जैदपुर समुदायिक स्वस्थ केन्द्र ले गई। जहाँ पर गम्भीर हालात देखते हुए जिला चिकित्सालय बाराबंकी को रेफर कर दिया गया। मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पैदल मार्च कर सुरक्षा का एहसास करा रही पुलिस



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्योहारो को लेकर जैदपुर पुलिस टीम द्वारा पैदल मार्च निकालकर क्षेत्र की जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने के साथ हीआपस में मिलजुल कर सभी त्योहार मनाने की अपील भी की गयी। शुक्रवार की शाम को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, रितेष कुमार सिंह की मौजूदगी मे थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आगामी त्योहारो को लेकर कस्बे के विभिन्न मोहल्लो मे पैदल मार्च कर आम जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

साथ ही क्षेत्र की जनता से आपस में मिलजुल कर पर्व को मनाने की अपील भी की गयी।इस मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, हलीम बाबू,दरोगा जय चंद सिंह,रवि कुमार, दीवान जयनारायण,पंकज राठौर, शैलेश यादव, सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।

# थाना समाधान दिवस में कोतवाल ने सुनी समस्याएं



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली प्रांगण में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक ने आए हुए फरियादियों की समास्याएं सुनी। समधान दिवस के अन्तर्गत कुल तीन शिकायते प्राप्त हुई जिसमें एक राजस्व विभाग से सम्बन्धित थी तो दो शिकायते पुलिस विभाग से सम्बन्धित। प्रभारी निरीक्षक ने तीनो शिकयतो को मौके पर जाकर निस्तारित करने की बात कही। जानकारी के अनुसार कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में हैदरगढ़ में चल रहे जमीनी विवाद का प्रकरण समाने आया जिसमें प्रभारी निरीक्षक मौके पर मौजूद राजस्व टीम को निस्तारण करने हेजु प्रार्थना पत्र सौंप दिया। वही दो शिकायते पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी जिन्हे प्रभारी निरीक्षक मौके का निरीक्षक कर समाधान करने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि कुल तीन शिकायते प्राप्त हुई है, जिनका जल्द ही निस्तारण कर दिया जाएगा।

## अज्ञात महिला की ट्रक से हुई दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर मंगलपुर चौराहे के निकट बीती रात एक 30 वर्षीय अज्ञात महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई , शनिवार सुबह जब राहगीरों व चौराहे वालों ने महिला का छत विछत शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया बड़ी संख्या में कस्बा वासी व राहगीर मौके पर जमा हो गए। इस घटना की जानकारी मौजूद लोगों ने मुकामी पुलिस को दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है । पुलिस के मुताबिक उक्त महिला के पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए गए लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त महिला सड़क दुर्घटना की शिकार हुई है ।थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य व उनकी टीम ने आवश्यक जांच पड़ताल व फोटोग्राफी के बाद पंचायत नामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है । पुलिस द्वारा शिनाख्त के प्रयास लगातार किए जारहे हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट सर्किट से एचडीएफसी बैंक में लगी आग, ग्राहक व कर्मी ने भागकर बचाई जान




**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पैसार नाके पर स्थित एचडीएफसी बैंक की मुख्य शाखा मे शनिवार दोपहर अचानक आग लग गई।आग लगते ही पूरे बैंक परिसर में धुआं भर गया और अफरा-तफरी मच गई।मौके पर मौजूद ग्राहक और कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकलने की कोशिश में जुट गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बैंक में अचानक धुआं उठता देख लोग घबराकर बाहर भागे। आसपास के लोगों ने भी शोर मचाकर लोगों को सतर्क किया। सूचना पाकर नगर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत राहत कार्य शुरू किया।करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।बैंक में आग लगने की खबर फैलते ही आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया।खासतौर पर इसलिए कि बैंक के बगल में विशाल मेगा मार्ट का बड़ा शोरूम स्थित है। यदि आग उस ओर फैलती तो भारी जनहानि और आर्थिक नुकसान की आशंका थी।गनीमत रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया और कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

## खबरें एक नजर में

### आटो पलटने से आधा दर्जन छात्राएं घायल

**इटावा।** पुलिस लाइन तिराहे के समीप आटो पलटने से एसएमजीआई की आधा दर्जन छात्राएं हुई घायल। सभी घायल छात्रों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। छात्रा के घायल की सूचना मिलने पर स्कूल के स्टाफ हालचाल जानने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। एसएमजीआई कालेज से छात्राएं पढ़कर अपने घरों को वापस जा रही थी तभी पुलिस लाइन तिराहे के समीप आटो पलट गया जिसमें छात्रा खुशी पुत्री नीरज निवासी करहल व प्रिया, अंशिका, नंदनी व शिखा आदि घायल हो गई।

### युवती ने खाया जहर व युवक ने लगाई फांसी

**इटावा।** थाना चौबिया व भरथना में हुए अलग अलग घटनाओं में युवती व युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। चौबिया थाना के ग्र्राम बीना निवासिनी शिवानी उम्र 20 साल पुत्री सुरेन्द्र की विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हो गयी वहीं भरथना थाना क्षेत्र के ग्राम लखनपुर पचार निवासी शैलेन्द्र यादव पुत्र सत्यवीर सिंह उम्र 24 साल ने किन्हीं कारणों से रूष्ठ होकर फांसी लगाकर जान दे दी।

### होटल में चाय पी रहे व्यक्ति का लैपटॉप व बैग चोरी

**जैदपुर, बाराबंकी।** अयोध्या से वापस आते समय होटल पर रूक कर चाय पी रहे व्यक्ति का बैग चोरी हो गया। जिसमें लैपटाप सहित अन्य सामान मौजूद था, पीड़ित ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार देवेश सिह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह निवासी सरोजनी नगर लखनऊ ने जैदपुर थाने मे शिकायत करते हुए बताया कि अयोध्या से लखनऊ टाटा मैजिक से आ रहा था। लगभग शाम 4 से 5 के बीच में अहमदपुर टोल प्लाजा और रामायणी होटल के बीच मे लाला जलपान गृह अहमदपुर थाना जैदपुर चाय की दुकान पर चाय पी और वही चाय की दुकान पर ही मैने अपना लैपटाप बैग रखा था जिसमे मेरा लैपटाप और अन्य सामान था।वही से वो बैग कोई अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। जिसको मैंने बहुत खोजा परन्तु नहीं मिला। शिकायत मिलने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ग्राम न्यायालय में आयोजित हुआ मोबाइल कोर्ट

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ग्राम न्यायालय ने किन्तूर ग्राम पंचायत के सचिवालय में एक मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया। इस दौरान चार मामलों का निस्तारण किया गया, जिसमें एक वारंट रिकॉल और एक एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) में जमानत भी शामिल है।शनिवार को आयोजित इस कोर्ट की अध्यक्षता ग्राम न्यायालय सिरौलीगौसपुर के न्यायाधीश कमलकांत तिवारी ने की। उन्होंने सरकार बनाम छंगालाल, सरकार बनाम शरीफ, सरकार बनाम नीरज और सरकार बनाम हेमंत कुमार यादव जैसे मामलों का निपटारा किया।इसके अतिरिक्त, 13 जुआ एक्ट अधिनियम के तहत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सरकार बनाम सौरभ को जमानत पर रिहा कर दिया गया। सरकार बनाम संजय के मामले में वारंट रिकॉल किया गया। इस अवसर पर पेशकार पुरुषोत्तम, लवकुश कनौजिया, कोर्ट मोहर्रिर आकाश विश्वकर्मा, अधिवक्ता, लेखपाल महेंद्र जायसवाल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अकरम अंसारी और कोतवाली बदोसरांय पुलिस मौजूद रही।

## बच्चों को एफआईआर आदि की दी गई जानकारी

**इटावा।** मिशन शक्ति के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय शांति कॉलोनी नगर क्षेत्र की छात्राओं ने थाना सिविल लाइन का भ्रमण किया जिसमें सीओ. सिटी अभय नारायण राय, थाना प्रभारी सुरेश चन्द्र एवं मिशन शक्ति प्रभारी पिंकी द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे एफआईआर कैसे लिखवाई जाती है, विभिन्न प्रकार के हैल्प लाइन नम्बर, टोल फ्री नंबर की जानकारी, दुर्घटना के समय बच्चियां अपने आपको कैसे बचाएं, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, साथ ही साथ एक छात्रा के जीवन में शिक्षा के महत्व विषय में विस्तृत जानकारी दी और बालिकाओं को पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया तथा फ्लाहार कराकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस भ्रमण पर कम्पोजिट विद्यालय शांति कॉलोनी की इ.प्र.अ. मंजुलता राजपूत, वेवी कुमारी, कार्तिकेय वर्मा उपस्थित रहे।

# रिटायर्ड शिक्षक की सिलेंडर लदी ट्रक की टक्कर से मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार की दोपहर पनईपुरवा मोड़ पर हुए सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। इब्राहिमाबाद गांव के 70 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक जयचंद सिंह स्कूटी से भिटरिया से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गैस एजेंसी से खाली सिलेंडर लेकर लौट रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि शिक्षक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर होते ही ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया। अचानक हुई इस घटना से शिक्षक का परिवार बदहवास हो गया। घर के दरवाजे पर शव की खबर पहुंचते ही परिजन चीख-पुकार कर उठे और गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि जयचंद सिंह अपने मिलनसार स्वभाव और ईमानदार जीवन के लिए जाने जाते थे। उनके निधन ने न सिर्फ परिवार को बल्कि पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है।ग्रामीणों ने हादसे पर गहरी नाराजगी जताते हुए सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की रोकथाम और दुर्घटना स्थलों पर सुरक्षा प्रबंध की मांग की है। वहीं परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए हुई बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम और दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों, सफाई कर्मचारियों और ग्राम पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

बैठक में बताया गया कि संचारी रोग अभियान 5 से 31 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी मनोज मिश्रा ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पंचायत भवन, स्कूल, सामुदायिक शौचालय, गांव की सड़कें और नालियों जैसे सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई पर जोर दिया। उन्होंने रोस्टर बनाकर सफाई सुनिश्चित करने और एंटी-लार्वा छिड़काव व फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य विभाग के डॉ. देव प्रताप सिंह ने संचारी रोगों और दस्तक अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को इन बीमारियों के कारणों और बचाव के तरीकों से अवगत कराया। इस दौरान शैलेश रावत, बीसीपीएम भी मौजूद रहे।बैठक में राजेश कुमार रावत, मनीष कुमार शुक्ला, रवि रावत तेजभान वर्मा कुलदीप वर्मा मशूद रियाज प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह यादव, दयाशंकर शुक्ल हरीराम रावत, सन्तोष कुमारी, अंकिता सिंह, फातिमा बानो, मिथलेश कुमारी, केतकी, चन्द्रसेनी वर्मा, सीमा देवी, रामराज यादव, इमामुद्दीन,, सुन्दर लाल, देशराज रावत, सुभाष चन्द्र, नवनीत वर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# दुर्गा पूजा में कानपुर के कलाकारों ने भक्तिमय किया माहौल

**सीतापुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



गोदलामऊ में स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण श्री दुर्गा पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में मां भगवती का 13 वा विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी तादाद में पहुंचे ग्रामीण अंचल के लोगों ने देर रात तक कानपुर से आए सनी सरताज म्यूज़किल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए इसके अलावा सुंदर सुंदर झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। सिंगर सनी सरताज के द्वारा मेरी अंखियों के सामने ही रहेना शेरों जगदंबे, नैना किकर के द्वारा अंबे जी के रंग बरसे,कजरारे तेरे मोटे मोटे नैन', 'बम बोले बम बोले बम बम' जैसे कई भजनों पर लोग झूमते रहे। जागरण के बीच कलाकारों द्वारा भगवान गणपति जी महराज शिव पार्वती व राधा कृष्ण महाकाल कालों की काली महाकाली की आर्कषक झांकियां निकाली पूरी रात मां के जागरण में कलाकारों ने मां भगवती के एक के बाद एक भजन प्रस्तुत करना सिर्फ एक समा भी बांधा, बल्कि अपने अंदाज में नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मौका था। जागरण में माता रानी के भव्य स्वरूप को आकर्षक अंदाज में सजाया गया था। आसपास के इलाके से श्रद्धालुओं ने दरबार में नतमस्तक होकर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नतें भी मांगी। सुबह जागरण के कलाकारों द्वारा तारा रानी की कथा सुनाई गई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया साथ में जगराते का समापन हुआ। कलाकारों ने मां की महिमा का गुणगान कर जागरण में आए लोगों का मनोरंजन किया। पूरी रात चले जागरण में मां भगवती के भजन गूंजते रहे। मां भगवती के भजनों पर जागरण में बैठे लोग झूमने लगे कुछ भक्त तो डांस करने लगे। गायक कलाकारों की ओर से मां भगवती के भजनों की प्रस्तुति कर भक्तों का मन मोह लिया। मां जिन्दगी उधार देती है, एक लाल रानी मां हमका तू दै दे सोने का छत्र चढ़ाइब। भजन की तर्ज पर उपस्थित भक्तगण भाव-विभोर हो गए।

कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से लोग रात भर पंडाल में डटे रहे। जय माता दी के जयकारों से पूरा पंडाल गुंजायमान होता रहा। भजनों पर थिरकते हुए भक्तों ने खूब मस्ती भी की। इस मौके पर दिनेश शर्मा राम रतन गया राम चंदन अखिलेश अशफाक ख़ान आदि।

# वरिष्ठ लिपिक का शव बरामद पांच लोगों पर मामला दर्ज

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव का शव शनिवार सुबह 11 बजे यमुना नदी से बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ की टीम ने बढ़पुरा थाना क्षेत्र के जरहौली गांव के पास से 29 घंटे बाद शव निकाला गया। राजीव यादव ने बीते शुक्रवार सुबह यमुना नदी के पुल से छलांग लगाई थी। उन्होंने एक सुसाइड नोट में कई गंभीर आरोप लगाए थे। थाने में मृतक के पुत्र सिद्धार्थ यादव ने धारा 108 बीएनएस व 352 तथा 351 (2) के तहत अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, चेयरमैन ज्योति गुप्ता, पूर्व चेयरमैन सन्टू गुप्ता, चेयरमैन पेशकार अतर सिंह सेंगर व बाबू रिटायर्ड सुनील वर्मा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाना, अपमानित कर लोकशान्ति भंग करना आदि का मामला दर्ज किया गया। दो पन्नों के सुसाइड नोट में राजीव यादव ने समाजवादी पार्टी की नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति गुप्ता, उनके पति पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता उर्फ संटू, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका संतोष मिश्रा, रिटायर्ड पेशकार अतर सिंह और रिटायर्ड लिपिक सुनील वर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। उन्होंने इन सभी पर झूठी शिकायतें करवाकर जांच के नाम पर प्रताड़ित करने और वेतन न देने जैसे आरोप लगाए थे।

# करंट लगने से गेस्ट हाउस मालिक की मौत

**चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा चकरनगर में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। जय गुरुदेव गेस्ट हाउस के 58 वर्षीय मालिक चन्द्रप्रकाश यादव की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे कस्बे में मातम छा गया। चन्द्रप्रकाश यादव अपने घर पर माता के जबारे के लिए लगाए गए जेनरेटर को चालू कर सप्लाई जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आकर वे गंभीर रूप से घायल गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में इकदिल के पास उन्होने दम तोड़ दिया। घटना की खबर लगते ही स्वजन में कोहराम मच गया और पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक चन्द्रप्रकाश मूल रूप से मितरौल गांव के निवासी थे, जो काफी समय पहले कस्बा में आ गए थे। यह चकरनगर क्षेत्र पंचायत सदस्य गांधी यादव के पिता थे। उनका सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान माना जाता था। उनकी असमय मौत की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने घटना को अत्यंत दुरूखद बताते हुए कहा कि चन्द्रप्रकाश हमेशा सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रहते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की है। अचानक हुए इस हादसे से कस्बा शोक में डूबा है और स्वजन गहरे सदमे में हैं।

# डीएम ने किया नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का शुभारंभ

▸ जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से राजकीय बालिका इंटर कालेज में किया गया आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन मिशन शक्ति के विशेष अभियान के कियान्वयन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। उक्त कार्ययोजना में प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे नुक्कड नाटक कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी के द्वारा फीता काटकर किया गया उक्त नुक्कड नाटक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया। उक्त कार्यकम में आम जन मानस एंव विद्यालय की अध्यापक एंव बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। नुक्कड नाटक के माध्यम से बालिकाओं को मिशन शक्ति एंव बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना एंव सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान की गई कार्यक्रम में विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी एंव अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ अक्षय कुमार वर्मा, सोहन गुप्ता, अजित कुमार दुबे व अर्चना भदौरिया, अध्यापक व अन्य कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

# उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जिला दिव्यान्गजन सशक्तिकरण अधिकारी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 27 सितम्बर को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 15 ब्रेल किट, 3 एमआर किट, 1 वॉकर, 7 स्मार्ट केन, वितरण सांसद लोकसभा क्षेत्र जितेन्द्र दोहरे व अभिषेक यादव अंशुल जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि गोपाल यादव, आशीष राजपूत, अखिलेश वर्मा ग्राम प्रधान अहेरीपुर की उपस्थिति में वितरित किये गये। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन असीम प्रतिभा के धनी होते हैं इन्हें समाज और सरकार के सम्बल की आवश्यकता होती है। श्री त्रिपाठी ने अवगत कराया कि आज जो 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल शिविर में वितरित की जा रही है उसमें रू. 2 लाख की धनराशि सांसद निधि द्वारा प्रदान की गयी। सांसद ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपद में भी जनप्रतिनिधि चाहे वह किसी भी दल के हों दिव्यांगजन के प्रति पूर्णतः सवेदनशील हैं और वह सदैव दिव्यांगजन की सेवा और सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।

इस शिविर में जिला पंचायतराज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी वघेल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा, जिला. दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय में छात्रा आकृति बनीं एक दिन की प्राचार्य

**मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्रा ने संभाली कमान, बखूबी जिम्मेदारी का किया निर्वहन**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



प्राचार्य का पदभार संभाले छात्रा आकृति व मौजूद प्राचार्य, शिक्षकगण व छात्राएं

क्षेत्र के अनौगी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को कक्षा 11 की छात्रा कु0 आकृति को एक दिन के लिए प्राचार्य बनाया गया।

यह पहल मिशन शक्ति 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण और %बेटी पढ़ाओ% का संदेश देने व छात्राओं को सशक्त बनाने, उन्हें उच्च पदों पर आसीन होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उठाया गया। छात्रा कु0 आकृति ने प्राचार्य के रूप में अपने सभी दायित्वों को कुशलता और निर्भीकता के साथ निभाया। उन्होंने प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय के साथ विद्यालय की कक्षाओं का भ्रमण किया और प्रयोगशाला में प्रयोग कर रहे छात्रों को प्रोत्साहित भी किया।

प्राचार्य एसके पाण्डेय ने बताया कि यह पहल नारी सशक्तिकरण और बेटी पढ़ाओ के संदेश को बढ़ावा देने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की पहल जारी रहेगी। इस दौरान उपप्राचार्य फिरोज अहमद, रजनीश श्रीवास्तव, एसके सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र सिंह श्रीवास्तव, सुशील कुमार, ब्रजमंगल, संजय यादव, रविंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, विष्णु कटियार, भूपाल सिंह, अंशु श्रीवास्तव, प्रीति यादव, स्वेता यादव, शीलू तिवारी सहित अन्य शिक्षकों व स्टाफ़ ने छात्रा के कार्यों की सराहना की।

# नारी शक्ति ही है राष्ट्र की वास्तविक शक्तिः डीएम

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत आयोजित नारी सुरक्षा एवं नारी शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है।

उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे आत्मविश्वास और परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ें और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। कोई समाज तभी प्रगति कर सकता है जब उसमें महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षा का वातावरण प्राप्त हो पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने नारी सुरक्षा को समाज का सर्वोच्च कर्तव्य बताया। उन्होंने आत्मरक्षा, सतर्कता तथा साहसिकता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्राओं को विश्वास दिलाया कि प्रशासन सदैव उनके साथ है और उन्हें निर्भीक होकर अपनी शिक्षा एवं सपनों की ओर अग्रसर होना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें विद्यालय परिवार का पथप्रदर्शक बताया और कहा कि ऐसे अवसर छात्रों के जीवन में नई चेतना और ऊर्जा का संचार करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने माल्यार्पण के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा कोऑर्डिनेटर कनिष्का सिंह व अन्य बच्चों ने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न भी पूछे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अत्यंत सहजता से उनका उत्तर दिया। कार्यक्रम में एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, सीओ सुरेश मलिक व कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी भी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक फांसी पर झूला

**जालौन,उरई।** अज्ञात कारणों के चलते घर में बने आगन के जाल से रस्सी का फंद्रा बनाकर युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरयाना निवासी अरविंद विश्वकर्मा (40) शुक्रवार की शाम घर में अकेले थे। पत्नी निर्मला देवी, मां रेखा व पिता अशोक कुमार काम पर गए थे। बाबा, दादी के साथ पुत्र नैतिक (15) व पुत्री वैष्णवी (17) भी गई थी।

घर में अकेले युवक ने शाम करीब छह बजे घर के आंगन में डले लोहे के जाल में रस्सी का फंद्रा फंसा दिया और दूसरा सिरा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बोर्ड की श्रेष्ठता सूची में शामिल हुए सीसीए के चार छात्र



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी (सीसीए) के चार मेधावी छात्रों ने 2025 की सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बोर्ड की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि ने विद्यालय और समस्त शिक्षक-छात्र समुदाय में गर्व का माहौल पैदा कर दिया है। कार्उसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए प्रसिद्ध हैं। श्रेष्ठता प्रमाणपत्र उन छात्रों को प्रदान किया जाता है, जो किसी विषय में शीर्ष 0.1 प्रतिशत में स्थान प्राप्त करते हैं, जो उनकी असाधारण शैक्षणिक प्रतिभा का प्रतीक है। आईसीएसई (कक्षा 10) परीक्षा में कंप्यूटर एप्लिकेशन विषय में जाह्नवी द्विवेदी, अभिषेक यादव और अस्मित त्रिपाठी ने यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया। वहीं आईएससी (कक्षा 12) परीक्षा में गणित विषय में दिव्यांशु शुक्ला ने श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद ने इस उपलब्धि को छात्रों के अनुशासन, समर्पण और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम बताया। सीईओ विश्वास प्रधान ने छात्रों को पुरस्कृत करते हुए इसे पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत का उत्सव बताया। प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का जीवंत प्रमाण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## डीएम व एसपी ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में डीएम व एसपी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

छात्रा रेनू व कैडेट प्रिया यादव सहित कई बच्चों से डी एम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने संवाद किया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक एवं महिला थाना प्रभारी ने भी बच्चों से सवाल जवाब किए। इस दौरान एसडीएम, सीओ व भारी पुलिस बल मौजूद रहा । कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक मीनू गुप्ता, प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र, पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता, मेजर संदीप माधव, विवेक दीक्षित, श्री नारायण गुप्ता, सत्यपाल सिंह , अजय चौरसिया के साथ समस्त स्टाफ व एनसीसी कैडेट , छात्र छात्राएं उपस्थित रहे । सुबह प्रार्थना सभा में स्वच्छता क्लब प्रभारी राम अवतार पासवान ने बच्चों के साथ समस्त स्टाफ को स्वच्छता शपथ दिलाई। जनपद स्तरीय कला प्रदर्शनी में प्रतिभाग हेतु विद्यालय स्तर पर कला एवं संगीत प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता कराई। एनसीसी की समाज सेवा व सामुदायिक विकास कार्यक्रम की गतिविधियों के अंतर्गत नेशनल जिओ स्पेशल मिशन (पीएम गति शक्ति योजना ) के अंतर्गत शहरी विकास थीम पर आधारित सभी कैडेटों के बीच सेमिनार कराया गया ।

## उर्मिला टावर शोरूम का भव्य शुभारंभ आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** स्व. उमेश चन्द्र त्रिपाठी एवं स्व. उर्मिला त्रिपाठी की स्मृति में स्थापित उर्मिला टावर शोरूम का भव्य शुभारंभ 28 सितंबर, रविवार को प्रातः 11 बजे हवन-पूजन के साथ होगा। आदित्य कुमार त्रिपाठी और अच्चुत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह शोरूम ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विविध उत्पादों की सुविधा प्रदान करेगा। शोरूम में नीलमा शू स्टोर, आध्या साड़ीज, और वेदिका हैंडलूम (पूर्व में बाटा वाली दुकान) शामिल हैं। यहाँ फैन्सी साड़ियाँ, लेडीज वियर, मेन्स वियर (रेडीमेड), परदे, और हैंडलूम फुटवियर (वाव, लिबर्टी, रिलैक्सो, एक्शन, लखानी) आदि उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। शुभारंभ समारोह में स्थानीय लोगों की भागीदारी के साथ उत्साहपूर्ण माहौल की उम्मीद है। यह शोरूम छिबरामऊ में खरीदारी के लिए एक नया और आकर्षक विकल्प होगा।



## गुड टच-बैड टच जागरूकता अभियान का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत गुड टच और बैड टच जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. बबिता यादव ने कहा कि लगातार बढ़ रहे बाल अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बच्चों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि छात्राओं को गुड टच और बैड टच के प्रति संवेदनशील होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी होनी चाहिए। अपने अधिकारों को जानकर और उनका उपयोग करके छात्राएं स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं। इस कार्यक्रम की पहल मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने डिजिटल दुनिया में सुरक्षित व्यवहार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि माता-पिता और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को इस विषय में जागरूक करें। इस अवसर पर कॉलेज में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को शिकायतों का गंभीरता और निष्पक्षता से शत-प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें गर्म कपड़े, टॉर्च, पहचान पत्र, सीटी, छाता और पानी की बोतल वितरित की। इस दौरान थाना समाधान दिवस में 7 राजस्व तथा 2 पुलिस की शिकायतें पहुंची, जिसमें राजस्व की एक शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य सभी शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए।

# फ्लैग मार्च कर संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

**कानून- व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



नवरात्रि व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून- व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना छिबरामऊ क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर के प्रमुख मार्गों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने आमजन से शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। कहा कि कानून- व्यवस्था को प्रभावित करने या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एसपी ने लोगों से त्योहारों को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। कहा कि हर स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। इस दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## गुरसहायगंज में फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

कन्नौज। बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। कस्वा गुरसहायगंज में शनिवार को कोतवाल आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में फ्लैग मार्च जीटी रोड, तिर्वा रोड, गांधीनगर सहित कई संवेदनशील इलाकों में निकाला गया। फ्लैग मार्च में पुलिसकर्मी बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। कोतवाल ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

# रवि बने मानीमऊ नगर महामंत्री रणवीर को वरिष्ठ महामंत्री की मिली जिम्मेदारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मानीमऊ नगर में संगठनात्मक नियुक्तियां की गईं। जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने मानीमऊ निवासी रवि शुक्ला (सिद्धेश्वर मेडिकल स्टोर, मोचीपुरा क्रॉसिंग) को नगर महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु दिशा- निर्देश भी दिए। नगर अध्यक्ष आशीष पटेल ने बताया कि मानीमऊ में अब दो नगर महामंत्री नियुक्त होने से संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूती आएगी और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान तीव्र गति से किया जा सकेगा। इसी क्रम में नगर कोषाध्यक्ष सिंटू राठौर ने जानकारी दी कि रणवीर कटियार उर्फ लालू को वरिष्ठ नगर महामंत्री नियुक्त कर जिला अध्यक्ष ने संगठन में उनका कद बढ़ाया है, जिससे व्यापारियों में सकारात्मक संदेश गया है। नगर प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि रवि शुक्ला के नगर महामंत्री बनने से मानीमऊ की स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु अब टीम और अधिक उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करेगी। नवनियुक्त नगर महामंत्री रवि शुक्ला ने विश्वास दिलाया कि वह संगठन की नीतियों का पालन करते हुए, जिला कमेटी के निर्देशों का सम्मानपूर्वक पालन करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर तमाम व्यापारी रहे।

# कम राशन तौलने वाले कोटेदार की पकड़ी गई चोरी

**भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र की ग्राम पंचायत कमालपुर में 17 सितंबर को कोटेदार द्वारा कार्डधारकों को कम राशन देने और अभद्र व्यवहार की शिकायत पर ग्रामवासियों ने विरोध दर्ज किया। जांच में राशन काम देने की हुई पुष्टि के बाद भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोटेदार के अभद्र व्यवहार का वीडियो सामने आने के बाद ग्रामवासियों का गुस्सा भड़क गया, जिसके चलते कोटेदार मौके से भाग गया। इसके बाद ग्रामवासी भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोटा सीज कर दिया और दो दिन में जांच का आश्वासन दिया। जांच में कोटेदार द्वारा कम राशन वितरण की पुष्टि हुई।

हालांकि, अब खबर है कि कुछ लोग कोटेदार को बचाने की कोशिश में जुटे हैं। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने चेतावनी दी है कि यदि कोटेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन किसानों के साथ मिलकर किसान-विरोधी अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करेगा। यूनियन का संकल्प है जब तक दुखी किसान रहेगा, धरती पर तूफ़ान रहेगा। ग्रामवासियों और यूनियन की यह मांग प्रशासन के लिए चुनौती बन रही है।

# आज बेटे और बेटियों में कोई भेद नहीं होता, मेहनत कर आगे बढ़े : मधु

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के ग्राम भदवा में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद महिला सुरक्षा को लेकर छात्र, छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत किया। जिसे उपस्थितजनों ने जमकर सराहा। कार्यक्रम में महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने कहा कि आज बेटे और बेटियों में कोई भेद नहीं है। मेहनत करके आप मुकाम हासिल कर सकते हैं। जीवन में किसी से घबराना नहीं है। कोई यदि आपके साथ गलत व्यवहार करता है तो तुरंत इसकी शिकायत करें। इसके लिए डायल 112, महिला हेल्पलाइन या साइबर अपराध हेल्प लाइन में कॉल कर सकते हैं। कहा कि यदि कोई आपको पुलिस, बैंक, आरबीआई के नाम से कॉल करें तो कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर रुपयों की मांग करे तो उन्हें अपनी निजी जानकारी न दें, क्योंकि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कर्रवाई नहीं होती है। बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# न्याय दिलाने के लिये जोखिम पूर्ण कार्य करते हैं पत्रकारः रजत

रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।



थाना रामपुरा में क्षेत्रीय पत्रकारों और पुलिस अधिकारियों के बीच सौहार्द एवं समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने की। इस दौरान अपराध नियंत्रण, धार्मिक उन्माद, सामाजिक कुरीतियों तथा समाज में सद्भाव बनाए रखने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस और पत्रकार दोनों समाज में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने पत्रकारों को समाज की तीसरी आंख बताते हुए उनकी जोखिमपूर्ण सेवाओं की सराहना की। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि पत्रकारों के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा कोई भी पत्रकार किसी भी मुद्दे पर किसी भी समय उनसे मिल सकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज के हित में निष्पक्ष सूचना देना है और इस दिशा में पुलिस का सहयोग भी आवश्यक है। बैठक के अंत में आपसी संवाद और सहयोग के साथ सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक पंकज कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक राम किशोर सिंह सहित वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. आर.के. मिश्रा, ओविंद सिंह, शानू खान, राकेश कुमार, नितेश कुमार, दिनेश प्रताप सिंह, अनुज शर्मा, सुमित निषाद, अमन नारायण अवस्थी, योगेंद्र नारायण त्रिपाठी, ऋषभ सिंह, अंजनी कुमार सोनी, अंकित याज्ञिक, पूरन प्रताप सिंह, निखिल तिवारी, रजनीश द्विवेदी, प्रदीप कुमार बाथम, जगमोहन, पवन यज्ञिक, सौरभ कुमार, कुलदीप सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## लाइब्रेरी जा रही छात्रा से मनचले ने की अश्लील बातें, मुकदमा दर्ज

**जालौन,उरई।** घर से लाइब्रेरी जा रही छात्रा को देखकर शोहदे ने अश्लील बातें कहीं। पीड़ित छात्रा ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक छात्रा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम वह घर से लाइब्रेरी में पढ़ने लिए जा रही थी। जब वह रास्ते में थी तभी मोहल्ला नारोभास्कर निवासी आरिफ रास्ते में मिल गया और वह उसे देखकर अश्लील बातें कहने लगा। जिसे सुनकर उसने शर्मिंदगी महसूस की। इतना ही नहीं वहां से निकलने वाली अन्य महिलाएं व युवतियां को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी।

# सेवा पखवाड़ा में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरित

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



शनिवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जनपद के समस्त विकास खंडों में शिविर के माध्यम से चिन्हित किये गए दिव्यांगजनो को उनकी पात्रता के अनुरूप कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजीव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रवीण कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में वितरित किये गए। वितरण कार्यक्रम में विकास खण्ड डकोर, महेवा, कदौरा एवं नगर क्षेत्र उरई के चिन्हित दिव्यांगजनों को 50 ट्राई साइकिलें, 3 व्हील चेयर, 5 वॉकिंग स्टिक, 5 स्मार्ट केन (दृष्टिबाधितों के लिए विशेष छड़ी), 15 जोड़ी वैशाखियां तथा 20 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर एवं कैलीपर लगाकर 98 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों से लाभान्वित किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिव्यांगजनों को फूलमाला पहनाकर उनको कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किये गए। जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि सरकार की यह मंशा है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# दंपत्तियों में सामंजस्य स्थापित कराना ही पारिवारिक शांति का मूलमंत्र

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



थाना दिवस के अवसर पर महिला थाना उरई में क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला थाना का औचक निरीक्षण भी किया और थाने में जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं से रूबरू हुईं।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह ने महिला थाना के समस्त पटलों का जायजा लिया और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 एवं नारी सुरक्षा अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सरकार व पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। थाना दिवस पर आई दो पारिवारिक शिकायतों को विशेष रूप से गम्भीरता से सुना गया। दोनों मामलों में पति-पत्नी के बीच पारिवारिक मतभेद थे जिन्हें सुनने के बाद क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह ने दोनों पक्षों को समझाया और आपसी संवाद व सहयोग से जीवनयापन करने की प्रेरणा दी। परिणामस्वरूप दोनों दम्पत्तियों के बीच आपसी समझौता कराया गया और उन्हें खुशी-खुशी साथ रहने के लिए कहा गया। पति-पत्नी दोनों जोड़ों ने भविष्य में झगड़ा न करने तथा परिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आपसी सामंजस्य स्थापित कर साथ रहने का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी ने इस दौरान कहा कि पारिवारिक विवादों को आपसी संवाद और धैर्य से सुलझाया जा सकता है। छोटी-छोटी गलतफ्हमियों को विवाद का रूप न देकर सामंजस्य स्थापित करना ही पारिवारिक शांति का मूलमंत्र है। महिला थाना में हुई इस सुनवाई और निरीक्षण के दौरान महिला थाना प्रभारी उमा सैनी सहित थाने से संबंधित अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी नगर के इस कदम की उपस्थित लोगों ने सराहना की और कहा कि इससे न केवल फरियादियों की समस्याओं का समाधान हुआ बल्कि परिवारिक रिश्तों को टूटने से भी बचाया जा सका।

# पत्नी के ताने से आहत पल्लेदार ने लगाई फांसी

**पत्नी देती थी आए दिन चोरी का उलाहना**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम आरमपुर में पल्लेदार विजेन्द्र पुत्र राधेश्याम की मौत को लेकर नया मोड़ सामने आया है।

परिजनों ने जहां गांव के कई लोगों पर हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है, वहीं ग्रामीणों ने इस दावे को खारिज करते हुए घटना को आत्महत्या बताया। ग्रामीणों के अनुसार 23 सितंबर की रात विजेन्द्र चोरी करते हुए पकड़ा गया था। चोरी में पकड़ने के बाद उसकी पत्नी ने बेइज्जत कर कहा था कि चोरी करने से अच्छा है कि फांसी लगाकर जान दे दो। इसी बात से आहत होकर उसने कटहल के पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। गांव की महिला शीला ने बताया कि 23 तारीख को गांव में शांति पाठ का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान विजेन्द्र चोरी करते हुए पकड़ा गया था। इससे पहले भी वह कई बार चोरी कर चुका था। ग्रामीण गोपाल दास ने कहा कि मृतक शराब पीने का आदी था और पत्नी के ताने के बाद उसने खुदकुशी कर ली।


आपत्ति जताते ग्रामीण

गांव के रावेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि विजेन्द्र इससे पहले भी चोरी करते हुए पकड़ा गया था, लेकिन हर बार मामले को शांत करा दिया गया। इस बार वह रिश्तेदार के घर से गेहूं की बोरियां चुराते हुए पकड़ लिया गया था। वहीं ग्राम प्रधान मोनू कठेरिया ने कहा कि गांव के सज्जन लोगों पर हत्या का झूठा आरोप लगाकर परिवार धनवसूली करना चाहता है। पुलिस निष्पक्ष जांच करेगी और किसी निर्दोष को फंसने नहीं दिया जाएगा।

बताते चलें कि मृतक के भाई सुरेन्द्र ने तहरीर देकर गांव के कई लोगों पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मां कत्यायनी की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


मठिया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरुप मां कत्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के शक्तिपीठों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों को कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस तैनात रही।

शनिवार को घर व मंदिरों में मां दुर्गा के छठे स्वरुप मां कात्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। यहां पर भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं तथा युवतियों ने भोर होते ही मंदिर में पहुंचकर मां कात्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। भक्तों ने विधि विधान से मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। घरों में भी व्रती महिलाओं ने मां की पूजा अर्चना की और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया।

# कन्नौज का शातिर अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार


घायल अपराधी को ले जाती पुलिस

**पैर में गोली लगने से घायल, लोहिया अस्पताल में कराया भर्ती**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कन्नौज के अपराधी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लग गयी। उसके खिलाफ लूट, डकैती और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। घायल अपराधी को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर नवरात्र के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। जहानगंज थानाध्यक्ष राजेश राय टीम के साथ शुक्रवार रात 2 बजे जनपद की सीमा काली नदी पुल के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी बाइक से एक युवक आता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने बाइक रोकने का इशारा किया, तो युवक ने बाइक नहीं रोकी और पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली युवक के पैर में जा लगी। जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय कुमार ने बताया कि जनपद कन्नौज थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के गांव उस्मानपुर निवासी अमजद खान उर्फ अजमत पुत्र जोहरी खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। उसके पैर में गोली लगी है। वह चालाक किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, डकैती के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अमजद के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस दो खोखा और बाइक बरामद हुए है। फिलहाल घायल युवक को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य

## मिशन शक्ति-05 के अंतर्गत ब्रह्मदत्त स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति 05 अभियान के अंतर्गत 68वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता को व्यापक स्तर पर फैलाना है। मिशन शक्ति 05 का शुभारंभ बीते दिन मुख्यमंत्री ने किया था। शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू, के साथ 30 दिनों तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को अपराधों से बचाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रम पहुंचाना है। मुख्यमंत्री के अनुसार महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति का आधार है। हम बेटियों को सुरक्षित स्कूल भेजने से लेकर आत्मरक्षा तक हर कदम पर साथ हैं।

# मिशन शक्ति-5 के तहत कस्बे में निकाली गयी रैली

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

शासनादेश के द्वारा चलाए जा रहे फेस-5 मिशन शक्ति के अंतर्गत विकास खंड कार्यालय से विकास खंड अधिकारी ने झंडी दिखाकर छात्रों की रैली को रवाना किया।

विकास खंड कार्यालय पर शासनादेश के द्वारा चलाए जा रहे मिशन-5 अभियान के तहत विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112, 108, 1930 के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। इसके बाद छात्राओं की साइकिल रैली को बीडीओ व बीईओ ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, सीएम फॉलोअर इंदल बाबू, एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती, एकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, मनरेगा सहायक विनीत वर्मा सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे। रैली विकास खंड कार्यालय से कस्बा नवाबगंज होते हुए बाईपास होते हुए मेन चौराहे पर समापन हुआ।



रैली को झंडी दिखवाते बीडीओ व बीईओ तथा मौजूद कर्मचारी

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा पलटने से महिला दबकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव सुभानपुर निवासी सुनैना उम्र 17 वर्षीय पुत्री नरेन्द्र सिह ई-रिक्शा पर अकेली बैठकर अपनी गर्दन की दवा लेने सरकारी अस्पताल आ रही थी। जैसे ही वह बिरिया के पास पहुँची, तभी अचानक ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें बैठी सुनैना दब गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये और उन्होंने ई-रिक्शा में दबी सुनैना को बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सूचना पर पहुँचे कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, आशीष ने जाँच पड़ताल की।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठजन को नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध कराने की बनाई रणनीति

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक आधिकारिता शिविर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन उपकरण वितरण समारोह में नि:शुल्क बस सेवा विकास खंड कार्यालय से 30 तारीख को रवाना होगी। यह जानकारी बीडीओ ने दी। उन्होंने बताया कि नवाबगंज विकास खंड कार्यालय से शासनादेश के द्वारा आयोजित सामाजिक आधिकारिक शिविर एडिट एवं राष्ट्रीय बायो श्री योजना के अंतर्गत शिविर में विकास खंड कार्यालय से दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ उपकरण सम्मान समारोह में विकास खंड कार्यालय से 30 तारीख को नि:शुल्क बस सेवा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिर्फ लाभार्थी तथा उसके सहायक को फ्री सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके लिए समस्त विकास खंड क्षेत्र के दिव्यांगजनों को एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार के माध्यम से पत्र जारी किया गया। इसके लिए सचिवों को नोडिल अधिकारी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गयीं।

### पर्यटन एवं सतत् परिवर्तन पर गोष्ठी का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद विधायक भोजपुर व जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जनपद के पर्यटन ग्राम श्रृंगीरामपुर में विश्व पर्यटन दिवस की इस वर्ष की थीम पर्यटन एवं सतत् परिवर्तन पर आधारित एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेन्द्र सिंह राठौर विधायक भोजपुर एवं विशिष्ट अतिथि आशुतोष कुमार द्विवेदी जिलाधिकारी रहे। दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। ग्रामीण भजन मंडली द्वारा भजन एवं नारी शक्ति पर आधारित गीत भी प्रस्तुत किया गया। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सभी वक्ताओं एवं अतिथियों ने अपने विचार रखे। अतिथियों द्वारा ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से अनुभवी पर्यटन को बढ़ावा देने एवं प्राचीन विरासतों को संजोने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रयास करने की बात कही गई। पर्यटन विभाग में पंजीकृत चार फॉर्म स्टे स्वामियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में चेयरमैन भूपेंद्र सिंह, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी दीप्ति वत्स, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन संजय सिंह द्वारा किया गया।

# कादरीगेट क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक ने किया फ्लैगमार्च

**सीओ के नेतृत्व में हुआ फ्लैगमार्च**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। संवेदनशील क्षेत्रों व प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त कर नागरिकों में सुरक्षा, शांति, सौहार्द व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। जनपदवासियों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। **वहीं दूसरी ओर** कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद कमिल खाँ, कस्बा चौकी इंचार्ज नागेन्द्र सिंह, मन्डी चौकी इच्वार्ज अवधेश यादव, उपनिरीक्षक शमशुद्दीन, उपनिरीक्षकअय्युब खॉ, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल रोहित कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र कुमार, कांस्टेबिल अंकित गंगवार ने नवरात्रि, दशहरा को मद्देनजर रखते हुए नगर में शान्ति सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैगमार्च किया। पर्याप्त पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की। उन्होंने कहा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे। अगर किसी ने झूठी अफवाह फैलायी, तो उसकी खैर नहीं होगी।


कादरीगेट क्षेत्र में फ्लैगमार्च करते अपर पुलिस अधीक्षक


कायमगंज में फ्लैगमार्च करते सीओ व पुलिस बल

# प्रेम विवाह करने वाली विवाहित महिला फांसी पर झूली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों मे प्रेम विवाह करने वाली विवाहिता का शव फांसी के फन्दे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल कर शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव लखनपुर निवासी संगीता देवी उम्र 23 वर्षीय पत्नी हरीश कुमार जो की अहमदाबाद की एक फैक्ट्री में नौकरी करता थी। उसको उसी फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक से प्रेम हो गया। दोनों ने डेढ़ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। उसके बाद दोनों लोग अपने गाँव लखनपुर में आकर रहने लगे। पति सब्जी बेचता है। पति के अनुसार उसकी पत्नी संगीता अपने मायके जाने की जिद कर रही थी। मैंने मना कर दिया। जिससे पत्नी ने घर मे फाँसी के फन्दे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुँचे क्राइम इंस्पेक्टर कमिल खॉन ने जाँच पड़ताल की। फॉरेसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मन्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश कुमार ने शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

# गेट लगाने को लेकर परिजनों ने पीटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव पैथान खुर्द बुजुर्ग निवासी प्रवेश कुमार कश्यप उम्र 30 वर्षीय पुत्र सुखलाल कश्यप ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसने अपने घर के दरवाजे पर गेट लगाया है। जिसे हटाने के लिए उसके चाचा नन्हें लाल उम्र 55 वर्षीय पुत्र सोनेलान उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गलियों का विरोध करने पर नन्हेंलाल अपनी पत्नी मुन्नी देवी तथा बेटे रिषीपल के साथ एक जुट होकर लाठी-डन्डों से मारने पीटने लगे। पति को पिटता देख पत्नी राखी बीच बचाव के लिए आई, तो उक्त लोगों ने उन्हें भी लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर लिया। वहीं दूसरे पक्ष से नन्हें लाल उम्र 55 वर्षीय पुत्र सोनेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि घर के निकास में प्रवेश ने गेट लगा लिया। अब हम लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। जिसको लेकर हमने प्रवेश से गेट हटाने की बात कही। बस इसी बात पर प्रवेश, उसकी पत्नी राखी आगबबूला हो गई और हमारे साथ गाली-गलौज कर मारपीटी की। जिससे मेरा कान कट गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रवेश, उसकी पत्नी राखी, दूसरे पक्ष से नन्हें लाल का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# ग्राम प्रहरियों को टार्च वितरण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश


थाने पर मौजूद ग्राम प्रहरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कादरीगेट थाने पर एक दर्जन से अधिक ग्राम प्रहरियों को बुलाकर उपहार स्वरुप टार्च का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें अपने-अपने कर्तव्य के बारे में दिशा निर्देश दिये गये। शनिवार को थाना कादरीगेट पर ग्राम प्रहरियों को बुलाया गया। इस दौरान करीब 15 ग्राम पहरी पहुंचे। जहां उन्हें उपहार स्वरुप टार्च दी गयी। साथ ही उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में पैनी नजर रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्रों में कोई भी अपराधिक घटना घटे, तो इसकी सूचना तुरंत थाने पर दें। जिससे समय रहते अपराधियों को पकड़ा जा सके। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय राय, हेड कांस्टेबिल धीरेंद्र कुमार, कांस्टेबिल राहुल कुमार, हेड कांस्टेबिल हेमलता के अलावा ग्राम पहरी कप्तान सिंह, प्रदीप कश्यप, विकास कुमार, सुरजीत, कुलदीप मिश्रा मौजूद रहे। वहीं ग्राम पहरी सुरेंद्र कठेरिया की बीते दिनों मौत हो गयी थी। जिस पर उनकी पुत्री को बुलाकर टार्च दी गयी।

## शादी समारोह के दौरान महिला की हालत बिगड़ी, मौत

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। शादी समारोह के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। स्वजन आनन-फानन में महिला को सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। जनपद मैनपुरी के गांव करीमगंज निवासी इबरार की 27 वर्षीय पत्नी शबनम कुछ दिन पूर्व अपनी छोटी बहन की शादी समारोह में शामिल होने कम्पिल के मोहल्ला आजाद नगर स्थित अपने मायके आई थी। शुक्रवार देर रात घर में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। उसी समय अचानक महिला की हालत बिगड़ गई। देखते ही देखते महिला बेहोश हो गई। स्वजन आनन-फानन में महिला को सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। स्वजन देर रात ही शव लेकर घर चले गए। शनिवार सुबह स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के दो पुत्र व एक पुत्री है।

# अवैध शस्त्र से हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 8 न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने हत्या के मामले में आनंद कुमार पुत्र रामस्वरूप गुप्ता निवासी सिरौली नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व 27 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते 22 वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सिरौली निवासी आनंद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 01 मई 2005 की रात में मेरे छोटे भाई आदेश की पत्नी अपने बच्चों सहित अपने मकान की छत पर सो रही थी। मैं अपनी दुकान के समाने सड़क के किनारे लेटा था तथा विशुन दयाल मेरे भाई के मकान के समाने ट्रक के पास लेटा हुआ था। रात लगभग 12 बजे दो फायरों की आवाज हुई। मेरे भाई के सो रहे बच्चे चिल्लाये। जिस पर मैं व विशुनदयाल भी जाग गए। मेरे भाई के मकान की छत से जीने से उतरकर दो आदमी भागे। जिन्हें चांद की रोशनी में मैंने व विशुनदयाल ने देखा। जिन्हें समाने आने पर पहचान सकते हैं। हम लोगों ने छत पर जाकर देखा कि मेरे भाई की पत्नी अतुल गुप्ता मृतक पड़ी हुई थीं। जिसके शरीर पर गोलियों के निशान थे। जीने से उतरकर भागने वालों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आनंद, विनय कुमार, योगेन्द्र के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतका अतुल गुप्ता के पति की एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी। उसके पांच बच्चे थे। योगेंद्र ने आनंद के पुत्र विनय को गोद लिया था। मृतका अतुल गुप्ता की योगेंद्र के साथ नजदीकियां थी। आनद को यह शक था। योगेन्द्र ने मेरे पुत्र को गोद लिया था। कहीं उसकी सम्पत्ति कम न हो जाए। इसलिए आनंद ने अपने भाई की पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने आनंद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 27 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी ने सुनीं समस्यायें


जनता की समस्याएं सुनते नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी निरीक्षक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर कई समस्याओं का निस्तारण किया गया। नवाबगंज थाना प्रांगण में आयोजित थाना दिवस में प्रभारी निरीक्षक अवध नरायन पाण्डेय व नायब तहसीलदार हर्षिक कुमार ने फरियादियों की समस्यायें सुनीं। थाना समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीनी विवाद से संबंधित शिकायती पत्र आए। जिसमें 13 शिकायती पत्रों में पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम में गठित कर सभी मामलों को निपटने के लिए कार्रवाई की गई। इस मौके पर नायब तहसीलदार हर्षित कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा रमाशंकर पांचाल, दरोगा जगराम सिंह, बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार तथा राजस्व निरीक्षक लेखपाल नरेश चंद्र, सौरव यादव, तरुण दीक्षित सहित समस्त राजस्व कर्मचारी व पुलिस मौजूद रही।

# लैंगिग समानता विषय पर कलेक्ट्रेट में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर दिनांक 22 सितंबर से 90 दिवसीय मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत लैंगिक समानता विषय पर नुक्कड़ नाटक व हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, अपर उपजिलाधिकारी सदर रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य लैंगिक समानता वह स्थिति है जहाँ व्यक्तियों के अधिकार, जिम्मेदारियाँ और अवसर उनके लिंग (पुरुष/महिलाए या अन्य) पर निर्भर नहीं करते हैं, बल्कि सभी लोगों को समान सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिलते हैं। इसका अर्थ है कि महिलाओं और पुरुषों के बीच लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता और हर व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का समान मौका मिलता है। जिससे समाज सुरक्षित और समृद्ध बनता है। उक्त कार्यक्रम में अनिल चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, नेहा मिश्रा जिला मिशन समन्वयक, कुमुदिनी रमन जेंडर स्पेशलिस्ट, निर्मला राजपूत जेंडर स्पेशलिस्ट, चाइल्ड लाइन की टीम, सर्वेश बाबू जिला प्रोबेशन कार्यालय और अधिक संख्या में आंगनबाड़ी मौजूद रही।


नाटक का मंचन करते कलाकार

# जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का डीएम-एसपी ने किया शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता संयोजक डा0 विनीत कुमार चौहान, सह संयोजक राजेन्द्र कुशवाहा ने प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के समक्ष पूर्व चैम्पियन बालिका विशन देवी मशाल हाथ में लेकर ग्राउंड का चक्कर लगाया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले चारों ग्रुप की छात्राओं को

### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली ग्रुप छात्राओं को किया गया पुरुस्कृत

एक-एक हजार रुपये की नगद धनराशि देकर पुरुस्कृत किया। सीनियर बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में निखिल राजपूत प्रथम, अनिकेत द्वितीय रहे। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह यादव, क्रीड़ा सचिव अतुल दास के नेतृत्व में प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। निर्णायक मण्डल में देवेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, आरती यादव, दीपाली कुमार, मनीषा यादव, ऋतु मिश्रा, सुनील पाल, केशव गंगवार, सतेन्द्र सिंह, रजनीश शिवा, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, नेहा भारद्वाज, धनश्याम बिंद, सुब्रत शाक्य, अनिकेत कुमार, अनुराज


प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते डीएम व एसपी

पटेल, धनंजय कुमार, राहुल यादव, शुभम मौर्य, कुलदीप सिंह, देवेश यादव, कुलदीप यादव, अरुण कुमार यादव, इंजाज अहमद सिद्दीकी आदि ने भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल सिंह, प्रेमपाल सिंह, दिनेश वर्मा, इंदू मिश्रा, योगेश तिवारी, रामदास, सुनील, सुमन त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से अमिताब सिंह, कृष्ण स्वरुप, अनुज मिश्रा, पवन कुमार शाक्य, अनिल कुमार शाक्य, पुष्पेन्द्र शाक्य, संजीव कुमार, मनीष अग्निहोत्री, सुनील राठौर, विशेष कुमार, अर्जुन दीक्षित, नीरज कुमार, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे। 800 मीटर दौड़ में शिवोदनी प्रथम, निम्मी द्वितीय रही। 200 मीटर दौड़ में रामादेवी प्रथम, रुखसार द्वितीय रही। 1500 मीटर दौड़ में दीक्षा प्रथम, निम्मी द्वितीय रही। जूनियर बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में राजुल यादव प्रथम रहे। 200 मीटर दौड़ में सृष्टि प्रथम, शिवांकी द्वितीय रही। 1500 मीटर दौड़ में राजुल यादव प्रथम रहे। 600 मीटर दौड़ में नैन्सी प्रथम व हेमा द्वितीय रही। 200 मीटर दौड़ में प्रतिक्षा प्रथम व आंशी द्वितीय रही। 800मीटर दौड़ में निखिल प्रथम, अनिकेत द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, मुदित द्वितीय रहे। गोला फेंक में मिथुन प्रथम, मोहन द्वितीय रहे। गोला फेंक जूनियर में रुद्र प्रताप प्रथम, सनी यादव द्वितीय रहे।

## बालिका नारी सुरक्षा के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर विशेष अभियान के अंतर्गत लैंगिक समानता विषय पर नुक्कड़ नाटक व हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें उद्देश्य लैंगिक समानता वह स्थिति है जहाँ व्यक्तियों के अधिकार, जिम्मेदारियाँ और अवसर उनके लिंग (पुरुष, महिला, या अन्य) पर निर्भर नहीं करते हैं, बल्कि सभी लोगों को समान सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिलते हैं के तहत जागरुक किया गया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र, नेहा मिश्रा, कुमुदिनी, रमन, निर्मला राजपूत, सर्वेश बाबू आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को वितरित किये गये छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रखा बालिका इंटर कालेज में छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। विद्यालय की छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा शुभारम्भ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यालय में दिखाया गया। प्रधानाचार्य डॉ नीतू मसीह द्वारा छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कक्षा-12 की कंचन, भूमिका, कक्षा 11 की गीता, महक कश्यप, अभिलाषा व कक्षा 10 की गरिमा, महिमा, मांसी, प्रगति, चेतना, काजल, नीलम, कक्षा 9 की रागिनी, सुनैना, धनलक्ष्मी, रोली, संतोषी आदि छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित कये गये। इस मौके पर शिक्षिका वीना एडवर्ल्ड, नेहा मिश्रा, नीतिका सनी, ममता पौसिया पौल मौजूद रही।

# सबका विश्वास व सबका प्रयास की प्रेरणा


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में विश्व रेबीज सप्ताह के अन्तर्गत सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज के डाक्टर आरके सिंह तथा डॉ. नवनीत गुप्ता द्वारा जानकारियां दी गई। विश्व रेबीज दिवस पर डॉ. आरके सिंह ने रेबीज क्या है इसके द्वारा क्या होता है। इसके बचाव उपचार के विषय में अवगत कराया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी पूनम शुक्ला ने किया। संचारी रोग प्रभारी दर्शना शुक्ला के नेतृत्व में छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन व निबंध प्रस्तुत किये। आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्पदंश से होने वाले नुकसान, बचाव तथा उपचार के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण के तहत वायु प्रदूषण

### विश्व रेबीज सप्ताह के अन्तर्गत छात्राओं को किया गया जागरुक

निवारण की जानकारी दी गई। आपदा प्रबंधन के तहत विद्यालय के नोडल पूनम शुक्ला ने छात्राओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता करायी। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और जागरुकता की शपथ दिलायी। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकायें मौजूद रही।


बैठक में मौजूद किसान नेता

## किसानों ने खाद की उठायी समस्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को बंगशपुरा में भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में बंगशपुरा, अमेठी के आसपास के किसानों ने भाग लिया। किसानों ने अपनी समस्यायें उठाते हुए कहा कि इस समय किसानों को डीएपी खाद की सख्त आवश्यकता है, जो सरकार के द्वारा पूरी नहीं की जा पा रही है। कृषि अधिकारी से मिलकर समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा। साथ ही कई पदाधिकारी बनाये गये। प्रमुख रुप से सलमान खान को अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष बनाया गया। शाहबाज खान तहसील अध्यक्ष युवा, फैजान खान ब्लॉक सचिव, यासीन शाह को जिला संयुक्त मंत्री बनाया गया। बैठक में राजेश राष्ट्रीय महासचिव दीक्षित बबलू, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, विशाल दुबे, लकी खान उर्फ मुन्ना, इकरा खान, आदिल खान, हाशिम खान, फैजान खान, फैज़ खान, शाहबाज खान आदि मौजूद रहे।

# लिंक एक्सप्रेस-वे की मंजूरी ऐतिहासिक कार्य:मेजर सुनील दत्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के सेनापति स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। विधायक ने जनपद के विकास कार्यो को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि जन भावना के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ते हुए लिंक एक्सप्रेसवे को कैबिनेट की मंजूरी देकर ऐतिहासिक कार्य किया है। बिजली, सड़क, पानी जैसी विभिन्न मुद्दों पर जनपद में औद्योगिक विकास हेतु विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं पर आश्वस्त किया। औद्योगिक विकास की दृष्टि से इथेनॉल की फैक्ट्री, पानी की बोतल बनाने वाली फैक्ट्री और चिप्स की फैक्ट्री को लेकर विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित है। जनपद में जरदोजी एवं छपाई उद्योगों को विस्तृत रूप देने के लिए आगामी दिनों में मुख्यमंत्री से मुलाकात संभव होगी।


जानकारी देते सदर विधायक

सधवाड़ा के छपाई उद्योग को मजबूत करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं जो व्यापारी जनपद छोड़कर छपाई उद्योग को अन्य जनपदों एवं राज्यों में ले गए हैं, उनसे निवेदन करते हुए इस व्यापार को जनपद में ही शुरू करने के लिए प्रयास किए जाएंगे, मेडिकल कॉलेज का निर्माण करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अगर समस्या आती है उसको भी वरीयता से कराना मेरी प्राथमिकता है। हम जनपद के प्रतिनिधि के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के सुख-दुख के साथी हूं। आज मैं जो कुछ भी हूं कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से हूं। मुझे अपनी पीठ थपथपाने का शौक नहीं है। जो विभिन्न योजनायें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी है वह ज्यादातर क्रियांवयन हो चुकी है।

काम ज्यादा होने के कारण क्षेत्र की जनता को समय नहीं दे पा रहा हूं और विधिवत रुप से क्षेत्र में रहकर समस्याओं का हल कराऊंगा और कोई अगर भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही करवायी जायेगी। इस मौके पर शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।

# एडीसीए का छात्र ललित कठेरिया को मिला डिप्लोमा



ललित को डिप्लोमा देते लाखन सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कम्प्यूटर युग में जनपद के कम्प्यूटर सेन्टरों में एलएटीटीसी कम्प्यूटर सेंटर अपना एक विशेष स्थान बनाये हुये है। संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर में एक वर्षीय एडीसीए डिप्लोमा के साथ-साथ एडीसीए डिप्लोमा करने वाले छात्रों को सीसीसी का प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाता है तथा उनके विभिन्न कार्यालयों में होने वाले कार्यों के अनुरूप ही योग्य कम्प्यूटर टीचरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्था की अच्छी ख्याति जनपद के अतिरिक्त अन्य जनपदों में भी फैली होने के कारण समय-समय पर विभिन्न विभागों से कम्प्यूटर आपरेटरों/कम्प्यूटर में पूर्ण दक्षता रखने वाले छात्र/छात्राओं को नौकरी हेतु मांग आती रहती है। डायरेक्टर लाखन सिंह ने बताया कि यही नहीं इसी मांग पर इस संस्था के अनेकों छात्र/छात्रायें जनपद ही नहीं अन्य जनपदों के सरकार/अर्ध सरकारी कार्यों, कम्पनियों एवं अन्य संस्थाओं में कम्प्यूटर कार्य कर रहे है। संस्था का संकल्प है कि मामूली शुल्क में ही ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को दक्षता के साथ कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार योग्य बनाना।

शनिवार को ललित कठेरिया निवासी ग्राम आवाजपुर को डायरेटर लाखन सिंह द्वारा एक वर्षीय एडीसीए डिप्लोमा प्रदान किया गया। इस अवसर पर ललित कठेरिया, आशीश शाक्य, सरिता, निशा कटेरिया, शोभा केठेरिया, अलफैज खान, अहेम अली, अंश प्रताप सिंह, अमन खान आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने लगाये मॉडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी समग्र शिक्षा (माध्यमिक) तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की टीएलएम प्रतियोगिता संपन्न हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को म्युनिसिपल इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा विद्यालय में जनपद स्तरीय विज्ञान विज्ञान प्रदर्शन समग्र शिक्षा (माध्यमिक) तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की टीएलएम प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जनपद के लगभग सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही जनपद के 32 माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 तथा 10 (जूनियर वर्ग) एवं सीनियर

### विजेताओं को कल किया जायेगा सम्मानित

वर्ग (कक्षा 11 तथा 12) के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज रोशनाबाद के प्रधानाचार्य रामदास ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया गया। संचालन कर रहे डॉ. दिनेश चंद्रा ने सभी अतिथियों तथा विभिन्न विद्यालयों से आये प्रधानाचार्यों, निर्णायक मंडल तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सम्मानित शिक्षकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका प्रवक्ता मयंक रस्तोगी, प्रधानाचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी, प्रधानाचार्य


प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

संगीता यादव, डॉ. शालिनी सिंह ने निभाई। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में दो वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 9 तथा 10 जबकि सीनियर वर्ग में कक्षा 11 तथा 12 के छात्र छात्राएँ रहीं। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर मॉडल लगाये। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर छात्र शरद सिंह तथा अभिषेक सिंह राठौर रहे। दूसरे स्थान पर एमआईसी के अमित बाथम रहे, तीसरे स्थान पर एनएकेपी की अंशिका व प्रगति मिश्रा रही। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कनोडिया की अंशिका शुक्ला रहीं। द्वितीय स्थान पर शेखर यादव रहे। जबकि तृतीय स्थान पर जीजीआईसी राजेपुर की प्रतिमा तथा नव्या रही।

प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को सोमवार 29 सितंबर एमआईसी में सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप जायसवाल, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर डिजिटल यात्रा का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और पर्यटन क्षमता को वैश्विक पटल पर लाने के उद्देश्य से विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट फर्रुखाबाद के तहत जिले के इतिहास, संस्कृति और पर्यटन को समर्पित पर्यटन एवं सूचना डिजिटल पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर व स्थानीय गणमान्यों, सरकारी अधिकारियों द्वारा इस ऐतिहासिक क्षण की शुरुआत हुई। इस महत्वपूर्ण पहल के पीछे कला और पर्यटन प्रेमी युवा इतिहासविद् मोहम्मद आकिब खांन हैं।

उन्होंने जनपद की सदियों पुरानी विरासत को डिजिटल रूप देने के लिए यह पोर्टल स्वयं विकसित किया है। उनका मानना है कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने और जिले की पहचान को पुनर्जीवित करने के लिए एक मजबूत ऑनलाइन उपस्थिति आवश्यक है। मोहम्मद आकिब खान ने बताया कि उनके इस कार्य के लिए प्रेरणास्रोत साहित्यिक सामाजिक संस्था अभिव्यंजना के समन्वयक और गंगा विचार मंच के संयोजक भूपेन्द्र प्रताप सिंह और प्रतिष्ठित



पर्यटन का पोस्टर का डिजीटल उद्घाटन करते डीएम

यश भारती सम्मानित इतिहासकार डॉ. रामकृष्ण राजपूत हैं। इन दोनों विभूतियों ने जनपद की धरोहरों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए अथक प्रयास किए हैं।

उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य इस पोर्टल के माध्यम से इन अनमोल धरोहरों को संरक्षित करना और उन्हें उस सम्मान दिलाना है जिसकी वे हकदार हैं। पोर्टल अब सभी के लिए लाइव है और जनपद की यात्रा की योजना बनाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक आवश्यक संसाधन है।

# टीईटी अनिवार्यता का शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर टीईटी अनिवार्यता का विरोध किया। सभी ब्लाकों में टीईटी अनिवार्यता का विरोध कर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कराया। पीएस कुबेरपुर कुंदरा, यूपीएस मुकुलपुर, यूपीएस ईसेपुर नवादा कमालगंज, कम्पोजिट विद्यालय सुल्तान पट्टी कमालगंज, यूपीएस विद्यालय सलेमपुर राजेपुर, पीएस अलीगढ़ राजेपुर, पीएस विद्यालय हरिहरपुर गहरवार, यूपीएस विद्यालय ढबरी, बीआरसी संसाधन केंद्र राजेपुर में


विरोध जताते शिक्षक

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टीईटी का विरोध किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस आदेश को रद्द किया जाये। लाखों शिक्षकों के परिवार के लोग इस आदेश से भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेंगे। जिन शिक्षकों का सेवानिवृत्त होने का समय निकट है, वह मानसिक परेशान है। ऐसे में कई शिक्षक डिप्रेशन का शिकार हो रहे है। सभी ने एक स्वर में मांग की कि टीईटी अनिवार्यता को समाप्त किया जाये।

# समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जीजीआईसी में कैरियर मेला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा के अंतर्गत महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेगढ़ में करियर मेला का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन एवं विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने किया। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने राजनीति के क्षेत्र में बेटियों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर डॉ. अनामिका सक्सेना ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसर बनने की प्रक्रिया बताई। वहीं वरिष्ठ


कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथि

चिकित्सक डॉ. विधात्री मिश्रा ने परीक्षा की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बताया कि छात्राओं ने अपने करियर निर्माण हेतु पंख डायरी का निर्माण किया। जिसमें उन्होंने अपने भविष्य की योजनाएँ लिखीं। नोडल शिक्षिका सरिता त्रिवेदी ने करियर मेले के महत्व पर प्रकाश डाला। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली तपस्या, पूर्वी सिंह, गुनगुन बाथम आदि छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रधानाचार्या ने व्यक्त किया। संचालन नोडल शिक्षिका सरिता त्रिवेदी ने किया। छात्राओं ने मिशन शक्ति से संबंधित जागरूकता बढ़ाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी रक्षा सिंह, प्रवक्ता ऋचा तिवारी, गुलशन जहां, नीलम कश्यप, दीप्ति सिंह, अर्चना गुप्ता, निर्मला सिंह, दिव्यांशी गौतम आदि मौजूद रही।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन


सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश पर सांसद मुकेश राजपूत को टीईटी अनिवार्यता के विरोध में ज्ञापन सौंपा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान और जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के नेतृत्व में जनपद के सभी विकास खंडों के अध्यक्ष एवं मंत्री अपनी पूरी टीम के साथ प्रातः सात बजे सांसद के आवास पहुंचे। सांसद ने प्रतिनिधिमंडल से ज्ञापन प्राप्त कर कहा कि सांसद पूरे जनपद के शिक्षकों के साथ है और शिक्षकों की जायज मांग का पूरा समर्थन करते हैं। किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि ज्ञापन प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को भेजेंगे। इस मौके पर सत्यभामा राठौर, अर्चना, आशा, पूजा, अंजू, लीना, राजेश यादव, राकेश यादव, उपेंद्र गंगवार, सुशील माथुर, देवेन्द्र यादव, मुन्ना लाल यादव, अमित मिश्रा, सत्येन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, श्याम सिंह, निर्देश गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी, अवधेश कुमार, राघवेन्द्र, प्रमोद, विकास पाल, विजय कुमार, प्रबल प्रताप, आदित्य, अजय, अनुज, मोहित, आयुष गंगवार, विकास गंगवार, विवेक, मोहित शुक्ला, अरुण पांडेय, रिषभ दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को शिविर लगाकर दी गई दवाइयां



शिविर में परीक्षण कराते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ पीड़ित परिवारों के सहायतार्थ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं भोजन वितरण ग्राम कटरी शिकारपुर में शिविर लगाकर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत दवाओं का वितरण की गई। फर्रुखाबाद विकास मंच के नेतृत्व में कटरी शिकारपुर, छोटी गुलरिया, गुचालियाई, कुंडा की मड़ैया, वीर सहाय की मढ़ैया क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को शिविर में विभिन्न बीमारियों की दवाइयां दी गई और ड्रेसिंग इत्यादि भी की गई। शिविर में डॉक्टर हर्षित गुप्ता, डॉ आरिफ खान, डॉ. पंकज राठौर, फार्मासिस्ट संजय राजपूत आदि ने लोगों का चेकअप किया और संबंधित बीमारियों की दवाइयां वितरित की। इस आयोजन को लेकर सभी ने फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भइयन मिश्रा का आभार व्यक्त किया। भईयन मिश्रा ने कहा की बाढ़ के समय लगातार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं, इससे क्षेत्र वासियों को बहुत राहत मिल रही है विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोगों को उनके गांव में ही अच्छे डॉक्टर से उपचार मिल रहा है। इस मौके पर कोमल पांडे, रौनक सक्सेना, तहसीलदार सिंह, विनोद राजपूत, सुभाष कुमार, जोगिंदर वर्मा, जतिन कुशवाहा, चंदन वर्मा, मोहित खन्ना, राजीव वर्मा, हिमांशु गुप्ता, तालिब खान मौजूद रहे।

## आईटीआई में रोजगार मेला कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 29 सितम्बर सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें छह कम्पनियां भाग लेगी। 300 रिक्तियों के सापेक्ष साक्षात्कार होगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपने बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन 30 सितम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 49वीं जूनियर बालक जोनल स्टेट कबड्डी चैम्पियनशिप एटा में 11 व 12 अक्टूबर को सम्पन्न होगी। जिसके ट्रायल के लिएचयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपने फोटो व बायोडाटा के साथ फतेहगढ़ स्टेडियम में आकर कबड्डी जिला एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त करें। 14 सदस्यीय टीम का चयन 30 सितम्बर को 3 बजे ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में होगा।

## एमएच शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान


शिविर का उद्घाटन करती अम्बिका जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए मिलिट्री अस्पताल फतेहगढ़ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल से एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में एकजुट होकर स्वास्थ्य सेवायें कैसे प्रदान कर सकते है, जिसकी जानकारियां दी गई। यह जीवन रक्षक शिविर मिलिट्री अस्पताल फतेहगढ़, रेड क्रॉस सोसाइटी और डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल की टीमों के संयुक्त प्रयास का परिणाम था। शिविर का उद्घाटन स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर मनीष जैन की पत्नी अम्बिका जैन ने किया। रेड क्रॉस सोसाइटी की सभापति डॉ0 रजनी सरीन और उप-सभापति शीश मेहरोत्रा ने सहयोग किया। शिविर में महिलाओं, बच्चों के स्वास्थ्य को मजबूत व सशक्त बनाने की जानकारी दी गई। अभियान को गति देने और मिशन शक्ति, मिशन सशक्तिकरण के लिए दूसरों को प्रेरित करने के लिए कहा गया। स्वैच्छिक रक्तदाताओं में ब्रिगेडियर मनीष जैन, कर्नल मनीष पांडे, मेजर संध्या, सूबेदार निशाद, अंशुली मेहरोत्रा और कृति अरोडा मौजूद रहे। कुल 60 दानदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। संग्रहित रक्त इकाइयों स्थानीय ब्लड बैंकों को मजबूती प्रदान करेंगी।

# थानाध्यक्ष ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बरना के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु श्रीमती गुजराती देवी इंटर कालेज बसुहरा थाना हलिया मिर्जापुर के छात्राओं को थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व थाना हलिया पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया व महिलाओ के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया।



पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए, जागरूक किया गया है। टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व एसआई रमाशंकर, सुरेन्द्र राम, हेड कांस्टेबल इमरान खाँ, कांस्टेबल राजेश मौर्या, विश्वनाथ प्रताप, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

## नुक्कड़ नाटक से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

मिर्जापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति का व्यापक प्रचार प्रसार व महिलाओं से संबंधित विविध योजनाओ जैसे कि कन्या सुमंगल योजना, बाल सेवा योजना, सामूहिक विवाह योजना सभी टोल फ्री नंबर जैसे 181, 1090, बच्चों का संबंध 1098 सभी का बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया जिसे विभिन्न जनमानस सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें। इस क्रम में जनपद स्तर पर विकास भवन के सभागार में जनप्रतिनिधिगण विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल की उपस्थिति में 'नुक्कड़ नाटक' का कार्यक्रम किया गया जिसमें स्वर्गीय कांशीराम बालिका इंटर कालेज जीडी बिनानी डिग्री कालेज आर्य कन्या बालिका इंटर कालेज मिर्जापुर की छात्राओं को छात्राओं के द्वारा लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं वन स्टाप सेंटर योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दत्तक ग्रहण इकाई, एच0ई0डब्लू0 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 1098, 181, 1090, 112, 1930, 1076 आदि समस्त हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि लड़की की सही उम्र 18 और लड़के की सही उम्र 21 साल होनी चाहिए तभी यह विवाह मान्य होगा। अगर उनके आसपास ऐसी घटना होती है तो वह इसकी सूचना उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर को दे सकते है। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वन स्टाफसेंटर एंव फार एंपावरमेंट वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहें। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय मीरजापुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिनके अंतर्गत बच्चों महिलाओं और वृद्ध जनों की आवश्यकताओं के अनुसार जांच एवं मुख्य रूप से बच्चों में खून एनिमिया, एलबी तथा एचआईवी का जांच किया गया। मिशन अभियान 5.0 के तहत ही महिला एवं बाल विकास विभाग निर्गत कार्ययोजना के अनुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 के सोशल मीडिया कैम्पेन व स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर जन जागरूकता के माध्यम से जागरूक किया।

## जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद को मिला प्रथम स्थान

▸ भू-गर्भ जल स्तर को ऊपर लाने के लिए डीएम व सीडीओ ने किया सराहनीय प्रयास

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के द्वारा जनपद में वर्षा जल संरक्षण के लिए, उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जनपद को उत्तर भारत जाने में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में चलाए गए कैच द रेन अभियान चलाया गया, जिसके तहत मनरेगा योजनान्तर्गत कई महत्वपूर्ण कार्य के साथ ही तालाबों की खुदाई, सिल्ट सफाई, खेत तालाब निर्माण, रेन वाटर हारवेस्टिंग, बंधी निर्माण, नालाछोटी नदियों की सिल्ट सफाई एवं सोख पिट निर्माण आदि कार्यों में सक्रिय भागीदारी करते हुए जनपद में गिरते हुए भू-गर्भ जल स्तर को रोकने एवं जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया गया। जनपद में यह अभियान जल स्रोतो के महत्व को समझते हुए प्रारम्भ किया गया। जनपद के सबसे अधिक क्रिटकल ब्लाक कोन ब्लाक में एक वर्ष में एक मीटर भू गर्भ जल स्तर विभिन्न कार्यो के तहत करते हुए बढ़ाया गया। विकास खण्ड सिटी में 16.76 किलोमीटर लम्बी लोंढ़ी नदी की सिल्ट सफाई कर उसकी दशा में सुधार लाना, लोवर खजुरी, चकडैम, हाफ मे बैंडिंग तालाब आदि निर्माण व जीर्णोद्धार भी कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए, जनपद को देश भर में 05 जोन में से उत्तर भारत जोन में जनपद मीरजापुर को प्रथम स्थान मिला हैं पुरस्कार में दो करोड़ रुपये भी मिलेगा जिससे जनपद में और विकास कार्य कराए जा सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने कार्रवाई कर दो शोहदो को किया गिरफ्तार



हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बरना के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व थाना हलिया पुलिस द्वारा शनिवार को चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन के दौरान कुल दो अभियुक्त व शोहदो को अन्तर्गत धारा 170, 126, 135 में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। कार्रवाई व गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई महेन्द्र प्रताप यादव, कांस्टेबल राजेश मौर्या, महिला कांस्टेबल सुमन भारती रही। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत दो अभियुक्त/शोहदे को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

### विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। लालगंज थाना क्षेत्र के बघई निवासी मोनू की 22 वर्षीया पत्नी खुशबू ने शुक्रवार को देर शाम साड़ी के फंदे से घर के अंदर पंखे के सहारे लटक कर संदिग्ध स्थिति में जान दे दी। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शनिवार को शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। देर रात मायके वालों ने थाने में तहरीर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव पुलिस चौकी अंतर्गत बघई गांव निवासी मोनू की पत्नी खुशबू घर में पंखे के सहारे साड़ी के फंदे से लटकने से संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। स्वजनों ने बताया कि घर का पूरा परिवार गड़बड़ा धाम शीतला माता के दर्शन पूजन के लिए गए थे घर में मोनू की पत्नी खुशबू और मोनू के 80 वर्षीय दादा थे। शाम छह बजे के बाद गड़बड़ा से वापस आने पर मोनू व परिवार के लोगों ने देखा की खुशबू अपने कमरे को अन्दर से किवाड़ बंद कर लिया था। खिड़की से देखा की खुशबू पंखे में साड़ी के सहारे फंदे पर लटकी थी। परिजनों ने आनन फानन में पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में किवाड़ तोड़ कर शव को नीचे उतारा गया। मोनू ने इसकी सूचना अपने ससुराल विंध्याचल थाना के महुआरी में दिया। देर रात खुशबू के मायके से दर्जनों की संख्या में पहुंचे लोगों ने खुशबू को मृत देख कर काफी उत्पात मचाया। स्थानीय लोगों ने तिलांव चौकी पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी तिलाव अनिल सिंह ने मायके पक्ष के लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। देर रात मायके पक्ष द्वारा पति मोनू सहित ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर रात में पीएम के लिए शव मोर्चरी भेज दिया। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। मोनू पत्नी के साथ पूना में रहता था तीन दिन पहले वह पत्नी खुशबू के साथ बघई स्थित घर आया था, खुशबू को अभी कोई संतान नहीं है।?

### पैर फिसने से वृद्ध महिला नदी में डूबी, खोजबीन जारी

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दशरथपुर में एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला अकाली पत्नी मोल्हू रोहिन नदी में डूब गईं। बताया जा रहा है कि वह शुक्रवार को सुबह पशुओं के लिए चारा काटने के लिए नदी किनारे गई थीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाते ही पुरंदरपुर थाना प्रभारी मनोज राय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। साथ ही मौके पर एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया, जो गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश जारी है । नदी का जलस्तर सामान्य से कुछ अधिक होने से तलाशी अभियान में समस्या आ रही है। थाना प्रभारी मनोज राय ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस और राहत दल को मौके पर भेजा गया। एनडीआरएफ की मदद से गहन तलाशी की जा रही है।

## सीईआईआर पोर्टल की मदद से तीन एंड्राइड फोन को बरामद



हलिया (मिर्जापुर) समृद्धि न्यूज।

सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्र आवेदक/आवेदिका हेमन्त कुमार पुत्र शिवमुनी ग्राम बनवा पोस्ट नौगवाँ थाना हलिया मिर्जापुर का VIVO T 2 X 5G फोन रामलाल कोल पुत्र मोती लाल कोल निवासी मतवार थाना हलिया जनपद मिर्जापुर की टेक्नो 5G फोन धनंजय कुमार पुत्र हिन्छलाल निवासी ग्राम बरई बरी पो0 विहसड़ा मिर्जापुर का VIVO Y27 5G फोन खो गया था के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर गुमशुदगी दर्ज कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त फोन को बरामद कर शनिवार को थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया मिर्जापुर द्वारा उपरोक्त व्यक्तियों को सुपुर्द किया गया।

## अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत कस्बा पुलिस क्षेत्र के एक मुहल्ले में विवाहिता को ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर किया। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने उसके कुछ निजी पलों के अश्लील वीडियो बना कर उसे वायरल करने की धमकी देकर विवाहिता से करीब 70 हजार रुपये वसूल लिए। इसके बाद भी वह लगातार और पैसे की मांग करता रहा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने यह बात युवक के घरवालों को बताई तो वह गाली-गलौज करने लगा और चार युवकों के साथ उसके घर पहुंचकर मारपीट करने की कोशिश की तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि विवाहिता कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## विशेष संचारी नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए बनाई रुपरेखा

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।





स्थानीय ब्लॉक सभागार में शनिवार को एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव के अध्यक्षता में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, सफाई नायक के साथ बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार में संपन्न किया गया।

बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा बताया गया कि आगामी माह अक्टूबर के पांच तारीख से प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। इस दौरान यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला द्वारा बताया गया कि समस्त विभाग के साथ समन्वय का स्थापित कर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाया जाएगा। साथ हीं संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के दौरान नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों को टीकाकरण करने हेतु एवं जल जनित रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया जाएगा। एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने कहा की संचारी रोग नियंत्रण को सफल बनाने के लिए सफाई नायक उन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान से समर्थक कर अभियान को शुरू करेंगे साथ हीं ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत में दूषित पानी देने वाले हैण्डपंप को चिन्हित करेंगे। सफाई नायक द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा बताये गए स्थल के हीं झाड झंखाड़ की सफाई करने का कार्य करेंगे। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार, यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला, एवं ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह, विनोद सिंह, पन्नालाल, इंद्र बहादुर बिंद, राजेश कुमार, दिनेश सिंह, आयत्री यादव, विजय बहादुर आदि उपस्थित रहे।

## चकबंदी अधिकारी ने सुनी समस्या

▸ चार मामले प्राप्त तीन मामले का हुआ निस्तारण

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन चकबंदी अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्रा की देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल चार मामले राजस्व से संबंधित आए मौके पर तीन मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष एक प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है। चकबंदी अधिकारी ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करें इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे,थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई महेंद्र प्रताप यादव, लेखपाल राहुल यादव, संतोष कुमार, शिव बाबू, ध्रुव राज यादव, विनोद कुमार, अमिताभ यादव, राजकुमार सहित राजस्व चकबंदी के लेखपाल मौजूद रहे।

## अश्लील कमेंट करने वाला युवक गिरफ्तार

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। निचलौल कस्बा सटे टिकुलहिया स्थित दुर्गा माता मंदिर के पास पुलिस ने एक युवक को बच्चियों और महिलाओं पर अश्लील कमेंट करते पकड़ लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा को सूचना मिली कि टिकुलहिया मंदिर पर पूजा पाठ करने जाने वाली बच्चियों और महिलाओं पर एक युवक अश्लील कमेंट कर रहा है और अश्लील गाना गा रहा है। इससे महिलाओं में क्षोभ है। सूचना पर एसआई सोनदेव यादव व एसआई रत्नेश कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम रवि चौधरी निवासी ग्राम कोहड़वल बताया है। एसओ ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## नवागत थानाध्क्ष ने संभाला कार्यभार

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

जिले के सिंदुरिया थाना क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने नई तैनाती की है। उपनिरक्षक राजकुमार सिंह को थाना सिन्दुरिया का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, इस तैनाती का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, ग्रामीण सुरक्षा और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उ0नि0 राजकुमार सिंह पुलिस विभाग में अनुभवशील अधिकारी हैं, जिन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं और अपनी कड़ी मेहनत व समर्पण के लिए जाने जाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस तैनाती का स्वागत किया है। उनका कहना है कि नए थानाध्यक्ष के आने से थाना सिन्दुरिया में पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी, अपराधियों पर निगरानी कड़ी होगी और जनता को सुरक्षा व न्याय के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। उ0नि0 राजकुमार सिंह अपनी तैनाती के साथ ही अपराध निवारण, सुरक्षा उपायों और संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई पर विशेष ध्यान देंगे। इसके अलावा, पुलिस-जनता संवाद को मजबूत बनाने और शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को तेज करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

## बाइक सवार दो उचक्के झांसा देकर पचास हजार रुपये का गहना लेकर फरार

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित आभूषण के एक दुकान पर शुक्रवार को पहुँचे बाइक सवार दो उचक्के सोने चांदी के करीब पचास हजार रूपये का आभूषण लेने के बाद दुकानदार को ऑनलाइन पेमेंट करने का झांसा देकर फरार हो गए। दुकानदार के खाते में पैसा नहीं पहुंचने पर दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। उच्चको की तस्वीर बगल के दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज में कैद हो गई है। सीसी टीवी कैमरा के वीडियो में अपाचे बाइक सवार बाइक चालक हेलमेट लगाकर तो बाइक सवार बिना हेलमेट के दुकान में जाते हुए और निकलते हुए दिखाई दे रहे है।

पुलिस दुकानदार से तहरीर लेने के बाद पुरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दुकान से दिनदहाड़े उच्चका गिरे होने से अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज निवासी शकील अहमद की आभूषण की दुकान हथेड़ा गांव में है। शुक्रवार को दुकान पर पहुँचे अपाचे बाइक सवार दो उचक्के दुकान से चांदी के ब्रासलेट व सोने के झलवा लेने के बाद दुकान दार से आन लाइन पैमेंट करने की बात कर दुकान से फरार हो गए।

दुकानदार के खाते में पैसा नहीं आने पर दुकानदार ने बगल के दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे से दोनों उचक्को की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बगल के दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरा का निरीक्षण कर दुकानदार से तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गए है। सीसी टीवी कैमरा के फुटेज में बाइक सवार दो युवक दुकान के अंदर प्रवेश करते व बाहर निकलने का वीडियो दिख रहा है। बाइक चालक हेलमेट लगाया हुआ तो बाइक सवार बिना हेलमेट के दिखाई दे रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की आभूषण की दुकान पर आभूषण लेने के बाद आन लाइन पेमेंट करने का झांसा देकर आभूषण लेकर फरार दोनों उच्चक्को की तलाश किया जा रहा है।

## एक दिन के लिए डीएम बनीं छात्रा को चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया सम्मानित

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

मिशन शक्ति के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बनी पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनरा की छात्रा संजीवनी को यंग हेल्प फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट महराजगंज की ओर से सम्मानित किया गया।
इस मौके पर संजीवनी ने अपने अनुभव को साझा किया और भविष्य में बड़ा अफसर बनकर देश की सेवा और गरीबों की मदद करने की बात कहीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशिबाला पटेल ने कहा कि यंग हेल्प टीम समाजहित में सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। सचिव कमलेश वर्मा ने कहा कि नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ता है। समाज में लड़के और लड़की के बीच की असमानता को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा।
बेटियों को बिना किसी भेदभाव के शिक्षित कर आगे बढ़ाना आवश्यक है, क्योंकि वे किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। महामंत्री रवींद्र जैन ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने संजीवनी को उच्च शिक्षा के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संरक्षक मुन्नालाल चौधरी, सभासद एवं ब्लाक अध्यक्ष हरिकेश पटेल, वृहस्पति प्रजापति, नागमणि व शिक्षक गौरव पटेल सुशील कुमार, नवनीत पांडेय, अनुपमा सिंह, पूजा मिश्रा, अर्चना यादव, मृदुला पटेल, अनीता पटेल, सरिता सिंह, अर्चना जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## प्रज्ञा सिंह बनीं एक दिन की सीडीओ, संभाला जनता दर्शन

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



जिला प्रशासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत बालिकाओं को नेतृत्व क्षमता से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक अनूठा आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज की कक्षा 8 की छात्रा प्रतिज्ञा सिंह को एक दिन का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया।

सीडीओ की भूमिका निभाते हुए प्रतिज्ञा सिंह ने विकास भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान आम नागरिकों ने अपनी समस्याएँ व आवेदन प्रस्तुत किए। छात्रा ने गंभीरता से सभी शिकायतें सुनीं और तत्काल निस्तारण योग्य मामलों का समाधान कराया।

जिन प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण की आवश्यकता थी, उनके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित सीडीओ अनुराज जैन समेत अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं में न केवल आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली की भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। एक दिन की सीडीओ बनीं प्रतिज्ञा सिंह ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए यादगार रही। उन्होंने सीखा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनके समाधान की दिशा में प्रयास करना कितना जरूरी है।

## डीएम ने की गौ आश्रय स्थलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, अधिकारियों को दिया निर्देश



महराजगंज, समृद्धि न्यूज। जनपद के गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा आज सख्त नजर आए। उन्होंने ऑनलाइन मॉनिटरिंग करते हुए मौके पर मौजूद नोडल अधिकारियों से लाइव तस्वीरें मंगवाईं और स्थलीय स्थिति की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंश की संख्या, बीमारियों से बचाव हेतु चिकित्सा व्यवस्था, हरे चारे और साइलेज की उपलब्धता, भूसा-चोकर की व्यवस्था, देखभाल करने वाले कर्मचारियों की संख्या व उपस्थिति सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि गौआश्रय स्थलों पर पंजीकाएं पूरी तरह उपलब्ध हों और उनमें सभी विवरण दर्ज किए जाएं। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया कि हर गोवंश का उम्र और आने की स्थिति के अनुसार विवरण रखा जाए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि बीडीओ और ईओ एक सप्ताह के भीतर गौशालाओं में सभी प्राथमिक इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि गोवंश की देखभाल में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम स्तर से लेकर नोडल अधिकारी तक सभी की जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन गोवंश के संरक्षण और संवर्द्धन के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आगे भी आकस्मिक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि न केवल गौशालाओं बल्कि अन्य विकास परियोजनाओं की प्रगति पर भी लगातार नजर रखी जा सके।

## ससमय निःशुल्क जांच एवं इलाज ही सरकार का उद्देश्य : बजरंग बहादुर

▸ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।

फरेंदा ब्लाक के अन्तर्गत गोरखपुर सोनौली रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में आज शुक्रवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कैंप एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीब असहाय सहित आम जनमानस को समय रहते निःशुल्क इलाज निशुल्क जांच एवं मुफ्त दवाइयां लोगों को मिल सके इसके लिए सरकार पूरे उत्तर प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर गांधी जयंती तक पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य केदो पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अंचल के गरीब किसान मजदूर छात्र एवं अन्य लोगों को निशुल्क इलाज हो सके।

स्वास्थ्य कैंप में आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंग्रेज सिंह द्वारा किया गया।

जानकारी के अनुसार सीएचसी फरेंदा में स्वास्थ्य कैंप के मुखिया सीएचसी अधीक्षक डॉ.एमपी सोनकर ने बताया कि स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से 640 मरीज का पंजीकरण किया गया। जिसमें सभी प्रकार के मरीज अपना पंजीकरण कराए जिसमें ब्लड जांच बीपी जांच शुगर जांच टीवी की जांच, के अलावा आरबीएसके और आरकेएस के कार्यक्रम के भी स्टॉल कैंप के माध्यम से लगाए गए थे। उसके अलावा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। एमपी सोनकर ने बताया कि स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह द्वारा अन्नदाता निवारण समिति की तरफ से पांच नेत्र रोगियों को मुफ्त चश्मा वितरण किया गया उसके अलावा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत काउंसलर विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य अतिथि द्वारा दो दर्जन से अधिक किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरित किया गया। उसके अलावा बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा दो लाभार्थियों को अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित कराया गया। उसके उपरांत आईटीसी वार्ड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें रक्तदानियों को पूर्व विधायक जी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं रक्तदान की जब बात आई तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के काउंसलर विनोद गुप्ता को जनपद में सर्वाधिक रक्तदान करने पर विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने काउंसलर विनोद गुप्ता को माला पहनकर सम्मानित किया। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी पर भी मातृ शक्ति के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीआर आरबी राम, डॉक्टर शाश्वत सेन गुप्ता, अधिक्षक डॉ प्रकाश चौधरी,डॉ विशाल चतुर्वेदी, डॉक्टर याकूब अली, डॉ.वाचस्पति पांडेय, डॉक्टर प्रज्ञा सिंह,चीप फार्मासिस्ट प्रमोद पांडे, फार्मासिस्ट गजेंद्र उपाध्याय, बीपीएम शकुंतला कश्यप, सीपीएम बबीता शर्मा, देवेंद्र यादव, काउंसलर विनोद गुप्ता, संतोष त्रिपाठी,केशव शुक्ला अर्जुन सिंह अजय गुप्ता, स्टाफ नर्स नफीसा खातून,देश दीपक पांडेय, सहित आदि लोग मौजूद रहे।